
पश्चिम एशिया संकट से घबराए शेयर बाजार, तेज गिरावट जारी, 829 अंक लुढ़का सेंसेक्स - 12


निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों के लिए दावा प्रक्रिया सरल बनाएगा सेबी - 12


एलपीजी संकट : देश में 50 प्रतिशत से ज्यादा घटा स्विगी-जोमैटो का कारोबार - 13


दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद है : बुमराह - 14


आज का मौसम
36.0°
अधिकतम तापमान
19.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.20
सूर्यास्त 06.16


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 13 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 206, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## रामलला के दर्शन का समय एक घंटे बढ़ाया



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** रामनवमी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन व राम जन्मभूमि प्रशासन ने रामलला के दर्शन-पूजन का समय एक घंटे बढ़ा दिया है। राममंदिर ट्रस्ट के धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे रामनवमी मेले में भक्त सुबह 6 बजे से रामलला के दर्शन कर सकेंगे। यह व्यवस्था 27 मार्च तक लागू रहेगी। कहा कि अभी पहली पाली में सुबह 7 बजे से 12 की जगह 6 बजे से 12 बजे तक का समय किया गया है। दूसरी पाली में दोपहर 1 बजे से रात 9 तक ही दर्शन चलेंगे। राम नवमी के दिन भीड़ को देखते हुए देर शाम के अवधि पर निर्णय लिया जाएगा। गोपाल जी ने बताया कि सामान्यतः चैत्र नवरात्र से समय में बदलाव करते हुए बढ़ाया जाता है। इसके संबंध में ट्रस्ट विचार कर रहा है। व्यवस्था बढ़ाए जाने के साथ अवधि में संशोधन का निर्णय है। मुख्यता सुबह 6 बजे से दर्शन प्राप्त हों इसके लिए ट्रस्ट और जिला प्रशासन ने बैठक में विचार आया है।

# बदायूं के एचपीसीएल प्लांट में दो अफसरों की गोली मारकर हत्या

## आरोपी अजय प्रताप सिंह गिरफ्तार, आउटसोर्सिंग भर्ती को लेकर कई दिनों से प्लांट पर चल रहा था विवाद

- कोतवाली दातागंज क्षेत्र में प्लांट के अंदर दोहरे हत्याकांड से मचा हड़कंप
- एडीजी, डीआईजी प्लांट पर पहुंचे, घटना के बारे में पूछताछ कर ली जानकारी


हर्षित मिश्रा (फाइल)


सुधीर मिश्रा (फाइल)

"गुरुवार दोपहर प्लांट के अधिकारी बैठक कर रहे थे। प्लांट से निकाला गया पूर्व कर्मचारी वहां पहुंचा और दोनों अधिकारियों को गोली मार दी। घायल अधिकारियों को सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।
– **डॉ. बृजेश कुमार सिंह**, एसएसपी।

संवाददाता, दातागंज/बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) प्लांट के पूर्व कर्मचारी ने कार्यालय के भीतर घुसकर प्रबंधक और उप प्रबंधक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। हमले के समय दोनों अधिकारी बैठक कर रहे थे। पुलिस ने हमले के आरोपी अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। एडीजी और डीआईजी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। घटना से प्लांट में दहशत का माहौल है। सुरक्षा कारणों से पुलिस किसी को भी प्लांट के अंदर नहीं जाने दे रही है।

बदायूं में दातागंज तहसील क्षेत्र के डहरपुर कलां- म्याऊं मार्ग पर स्थित गांव सैंजनी में एचपीसीएल का कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट है, जहां पराली से हर दिन 14 मीट्रिक टन ईंधन का उत्पादन होता है।

नोएडा सेक्टर 50 के सिल्वर एस्टेट अपार्टमेंट के ब्लॉक दो निवासी सुधीर गुप्ता (57) पुत्र दया किशन प्लांट पर प्रबंधक और जिला पीलीभीत के थाना पूरनपुर के वार्ड तीन के मोहल्ला साहूकारा निवासी हर्षित मिश्रा (32) पुत्र सुशील कुमार प्लांट पर उप प्रबंधक पद पर तैनात थे। आउटसोर्सिंग भर्ती को लेकर उनका कुछ दिनों से गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह से कुछ महीनों से विवाद चल रहा था।

गड़बड़ियों पर उसे प्लांट से बाहर कर दिया गया था। जिससे वह रंजिश मान बैठा था। उसके खिलाफ प्रबंधन ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। बौखलाकर वह गुरुवार दोपहर लगभग दो बजे प्लांट के भीतर पहुंचा और कार्यालय में बैठक कर रहे दोनों अधिकारियों को गोली मार दी। हमले में दोनों सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद कर्मचारी घायल अफसरों को तुरंत सीएचसी दातागंज ले गए, लेकिन उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। दोहरे हत्याकांड से प्लांट पर अफरातफरी के हालात बन गए।

सूचना पर एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा, डीआईजी बरेली अजय साहनी, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए और घटना के सम्बंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी अजय प्रताप को गिरफ्तार भी कर लिया। उससे पूछताछ जारी है।

## ब्रीफ न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी पश्चिम बंगाल को देंगे 18,680 करोड़ रुपये की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 मार्च को कोलकाता से पश्चिम बंगाल को लगभग 18,680 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उपहार देंगे। इन परियोजनाओं में सड़क, रेलवे, बंदरगाह और जहाजरानी से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं में सड़क अवसंरचना को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी 420 किलोमीटर से अधिक लंबाई वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनकी लागत करीब 16,990 करोड़ रुपये है। इनमें राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-19 और एनएच-114 के कई हिस्से शामिल हैं।

### रुपया 24 पैसे टूटकर 92.25 प्रति डॉलर के सर्वकालिक नीचे आया

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को रुपया 24 पैसे लुढ़ककर 92.25 प्रति डॉलर के अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में जबर्दस्त तेजी तथा विदेशी पूंजी की भारी निकासी के कारण रुपये में यह तेज गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के बीच घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली और डॉलर के मजबूत होने से भारतीय मुद्रा पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.25 प्रति डॉलर पर खुला।

# ईराक में अमेरिकी टैंकर को ईरान ने उड़ाया मोजतबा बोले- खून का बदला लेकर रहेंगे

## पिता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद सर्वोच्च पद संभाल रहे बेटे का पहला बयान आया सामने

- कहा- होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने का इस्तेमाल दबाव के लिए होना चाहिए
- इराक में अमेरिकी टैंकर पर हुए हमले में एक भारतीय की मौत


ईरान के हमले के बाद आग का गोला बन गया अमेरिकी जहाज।

तेहरान, एजेंसी

ईरान के नवनियुक्त और तीसरे सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्र के नाम अपने प्रथम संदेश में कहा है कि इजराइल-अमेरिका हमले में मारे गये ईरानियों की मौत का बदला लिया जाएगा और ईरान पड़ोसी देशों में बने अमेरिकी ठिकानों पर हमले करना जारी रखेगा।

सर्वोच्च नेता ने अपने संदेश में संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों का जिक्र करते हुए कहा, ईरान अपने शहीदों के खून का बदला लेने से पीछे नहीं हटेगा। इससे पूर्व बुधवार देर रात इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह के पास बुधवार को एक अमेरिकी तेल टैंकर पर बड़ा हमला हुआ। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। ईरान की एक सुसाइड बोट ने इस टैंकर को निशाना बनाया। हमले के समय जहाज पर कुल 28 लोग मौजूद थे। मोजतबा खामेनेई ने मिनाब के बालिका विद्यालय पर हुए अमेरिकी मिसाइल हमले में जान गंवाने वाली 168 बालिकाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की सैन्य रणनीति केवल बचाव तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ, तो ईरान मौजूदा संघर्ष के बीच अन्य मोर्चे भी खोल सकता है, जो पूरे क्षेत्र के लिए खतरे की घंटी है। खामेनेई का संदेश लिखित था और इसे सरकारी टीवी पर महिला एंकर ने पढ़कर सुनाया। खामेनेई ने कहा, होर्मुज स्ट्रेट को बंद रखा जाना चाहिए। इसे दुश्मनों पर दबाव बनाने का प्रभावी जरिया बताया।

### भारत समेत 130 देशों ने ईरान के पड़ोसी मुल्कों पर हमलों की निंदा की, चीन-रूस ने बनाई दूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित किया जिसमें खाड़ी सहयोग परिषद के देशों एवं जॉर्डन के खिलाफ ईरान द्वारा किए गए भीषण हमलों की निंदा की गई है, सभी ईरानी हमलों को तत्काल रोके जाने की मांग की। अमेरिका की अध्यक्षता वाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने 13 मतों के साथ इस प्रस्ताव को पारित किया। इसके खिलाफ कोई मत नहीं पड़ा जबकि वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों चीन और रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। (विस्तृत देश-दुनियां पर)

### पड़ोसियों से मैत्रीपूर्ण संबंध चाहता है ईरान : मोजतबा

मोजतबा ने कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध चाहता है और उसका लक्ष्य केवल वे अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं, जहां से ईरान के खिलाफ हमले किये जा रहे हैं। संदेश में इस बात का कोई संकेत नहीं दिया गया कि नये सर्वोच्च नेता वर्तमान में कहां हैं, या उनकी स्वास्थ्य और शारीरिक स्थिति कैसी है। कुछ समाचारों में उन्हें घायल बताया गया था। खामेनेई का बयान ऐसे समय में आया है, जब इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ टकराव 13वें दिन में प्रवेश कर चुका है और इनके बीच तनाव चरम पर है।

### होर्मुज से होकर एक तेल टैंकर मुंबई पहुंचा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत के लिए कच्चा तेल लेकर आ रहा एक विदेशी ध्वज वाला टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य को सकुशल पार कर मुंबई पहुंच गया है, जबकि एक अन्य बड़ा टैंकर भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर ओडिशा के पारादीप बंदरगाह की तरफ बढ़ रहा है। यह जानकारी जहाज निगरानी आंकड़ों और उद्योग सूत्रों से मिली है। क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के कारण जलडमरूमध्य से टैंकर की आवाजाही काफी हद तक प्रभावित हुई है।

### इजराइल का तेहरान के परमाणु केंद्र पर बड़ा हमला

इजराइली सेना ने गुरुवार को दावा किया कि उसने कुछ दिन पहले ईरान की राजधानी तेहरान स्थित 'तालेघन' परमाणु केन्द्र पर बड़ा हमला किया है। इजराइल का कहना है कि ईरान इस केन्द्र का इस्तेमाल अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने और परमाणु हथियार विकसित करने के लिए कर रहा था। पिछले कुछ दिनों के भीतर तालेघन परिसर को निशाना बनाया गया है। आरोप है कि इस केंद्र का उपयोग में उन्नत विस्फोटकों को विकसित करने और अमाद प्रोजेक्ट से संबंधित प्रयोगों के लिए किया जा रहा था।

## ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही सरकार : जायसवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों ने तीन बार बातचीत की
- कहा- प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत और कूटनीति से शांति बहाली पर दिया है जोर



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत सरकार ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की मदद कर रही है। जो भारतीय अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत आना चाहते हैं, उन्हें वीजा दिलाने और जमीन के रास्ते सीमा पार कराने में भी सहायता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ईरान में करीब 9,000 भारतीय नागरिक मौजूद थे या अभी भी हैं। इनमें छात्र, नाविक, कारोबारी, पेशेवर लोग और कुछ तीर्थयात्री शामिल हैं। कई भारतीय नागरिक, खासकर छात्र, देश छोड़कर वापस भारत पहुंच चुके हैं।

जायसवाल ने कहा कि भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्री अपने ईरानी विदेशमंत्री के साथ लगातार संपर्क में हैं। युद्ध का असर हर जगह दिखाई दे रहा है और इससे कई देशों के लोगों का जीवन प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष का असर केवल एक देश तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर के कई देशों और लोगों पर पड़ रहा है। जायसवाल ने कहा कि मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खाड़ी देशों के कई नेताओं से बातचीत की है। प्रधानमंत्री ने संवाद और कूटनीति के जरिए जल्द शांति बहाल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बातचीत में नागरिकों को होने वाले नुकसान से बचाने और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक खाड़ी सहयोग परिषद देशों में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय रहता है, इसलिए उनकी सुरक्षा और कल्याण भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारत ने कई मामलों में देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की भी निंदा की है।

# एलपीजी कालाबाजारी और जमाखोरी पर तत्काल दर्ज हो एफआईआर : योगी

- मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में दिए सख्त निर्देश, कहा-पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं
- हर जिले की 24 घंटे मॉनिटरिंग जरूरत पर 80 लाख लीटर केरोसिन का विकल्प उपलब्ध



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कालाबाजारी और जमाखोरी पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य एवं रसद विभाग को कंट्रोल रूम स्थापित कर हर जिले की 24×7 निगरानी करने, एलपीजी केंद्रों पर जरूरत पड़ने पर पुलिस तैनात करने और छात्रावासों, अस्पतालों व होटलों को वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए प्रेरित करने को कहा है।

जरूरत पड़ने पर प्रदेश को आवंटित 80 लाख लीटर केरोसिन का भी वितरण विकल्प के रूप में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रसोई गैस की कथित कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच गुरुवार को शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों प्रदेश में एलपीजी की मांग और आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कमी नहीं है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर घबराहट की स्थिति न बनने दी जाए और आमजन को तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जमाखोरी पाए जाने पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। एहतियात के तौर पर प्रदेश को 80 लाख लीटर केरोसिन भी आवंटित किया गया है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर विकल्प के रूप में वितरित किया जा सकेगा।

**वैकल्पिक ईधन के लिए तैयार करें छात्रावास, अस्पताल व प्रतिष्ठान :** मुख्यमंत्री ने छात्रावासों, अस्पतालों, धर्मशालाओं, होटलों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों से संवाद स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए भी प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य एवं रसद विभाग में कंट्रोल रूम स्थापित कर हर जिले की 24×7 निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### गांवों में सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने परिस्थितियों को देखते हुए सिलेंडर और पाइप से आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस पर दबाव कम करने के लिए होटलों और रेस्तरां में केरोसिन और कोयले के ईंधन के रूप में इस्तेमाल की अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार ने गुरुवार को एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 45 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। इससे पहले शहरी क्षेत्रों के लिए यह अवधि 25 दिन कर दी गयी थी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि रसोई गैस के अलावा अन्य ईंधनों को भी उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि एलपीजी और गैस पर दबाव कम किया जा सके। उन्होंने कहा, आज एक आदेश जारी किया गया है जिसके तहत अतिरिक्त 48,000 किलोलीटर केरोसिन राज्यों को दिया जाएगा। यहां भी लाभार्थियों की पहचान और वितरण में राज्य सरकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## अभिभावक बना सकेंगे 13 साल से छोटे बच्चों का व्हाट्सएप खाता

- अभिभावकों की निगरानी में इस मंच का इस्तेमाल करने की होगी अनुमति

**नई दिल्ली।** मेटा के स्वामित्व वाले संदेश मंच व्हाट्सएप ने 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए अभिभावक नियंत्रित खाते शुरू करने की घोषणा की है। इसके तहत अभिभावकों की कड़ी निगरानी में छोटे बच्चों को इस मंच का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी।

यह कदम संदेश मंच की नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है, क्योंकि अब तक इस मंच के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष (कुछ क्षेत्रों में इससे अधिक) रखी गई थी। व्हाट्सएप ने ब्लॉग में कहा, परिवारों व विशेषज्ञों से मिले सुझावों के आधार पर अभिभावक-नियंत्रित खातों की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है।

## सीईसी को हटाने के लिए 200 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने किए हस्ताक्षर, आज संसद में पेश किया जा सकता है प्रस्ताव

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए 200 से अधिक सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्र के अनुसार, लोकसभा के 130 सांसदों ने और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस शुक्रवार को संसद के सदन में पेश किए जाने की संभावना है।

विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी गुरुवार को कई सांसदों हस्ताक्षर किए। नियमों के अनुसार, सीईसी को हटाने के लिए नोटिस पर लोकसभा के 100 और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं। एक अन्य सूत्र के अनुसार, नोटिस पर विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी दलों के सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि पार्टी अब आधिकारिक रूप से इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया गया है। एक उच्च पदस्थ सूत्र के अनुसार, नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना जैसे आरोप शामिल हैं।

**शीर्ष टिप्पणी** | देहरादून में निर्माणाधीन 'सैन्य धाम' के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

# जो लोग कर्तव्य निभाते शहीद हुए हैं, उनका सम्मान करना चाहिए

- कोर्ट ने कहा- हाईकोर्ट को इस याचिका को जुर्माने के साथ खारिज करना चाहिए था, हम कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे



नई दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष न्यायालय ने देहरादून में निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि जो लोग कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए हैं, उनका सम्मान करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा, क्या आपको एक युद्ध स्मारक के निर्माण से समस्या है? सर्वोच्च न्यायालय उत्तराखंड हाईकोर्ट के जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

हाईकोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देहरादून जिले में बनाए जाने वाले युद्ध स्मारक सैन्य धाम के लिए जो भूमि तय की गई है, वह वन भूमि है और इसलिए वहां निर्माण की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सीजेआई ने कहा, जिन्होंने देश के लिए जान कुर्बान कर दी, उनके प्रति कम से कम कुछ सम्मान तो होना चाहिए। हाईकोर्ट को इस याचिका को जुर्माने के साथ खारिज करना चाहिए था। कहा कि हम उसे (याचिकाकर्ता को) कारण बताओ नोटिस जारी करेंगे। उसे आकर बताना होगा और हम यह जांच करेंगे कि वह किसके कहने पर यह याचिका दायर कर रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि युद्ध स्मारक का निर्माण भी वहां ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा है। इस पर पीठ ने टिप्पणी की, ये सब शरारतपूर्ण तरीके से दायर की गई रिट याचिकाएं हैं, और वकील से पूछा कि याचिकाकर्ता पर कितना जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

### हाईकोर्ट ने कहा था- याचिकाकर्ता का आधार कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है

उत्तराखंड हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने दावा किया था कि राज्य सरकार भूमि की वास्तविक प्रकृति का पता लगाए बिना देहरादून में युद्ध स्मारक का निर्माण कर रही है। राज्य की ओर से पेश वकील ने संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट का हवाला देते हुए हाईकोर्ट को बताया था कि राजस्व एवं वन विभाग दोनों अधिकारियों द्वारा संयुक्त सर्वेक्षण किया गया था। अधिवक्ता ने कहा कि संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि संबंधित भूमि वन भूमि का हिस्सा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध स्मारक के निर्माण के लिए भूमि आवंटन पर वन विभाग को कोई आपत्ति नहीं है। राज्य के वकील ने हाईकोर्ट को बताया कि युद्ध स्मारक का निर्माण वर्ष 2021 में शुरू हुआ था और अब लगभग पूरा हो चुका है। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि चूंकि वन विभाग ने भूमि का निरीक्षण कर प्रमाणित कर दिया है कि यह वन भूमि का हिस्सा नहीं है इसलिए युद्ध स्मारक के निर्माण को चुनौती देने का याचिकाकर्ता का आधार कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।



लखनऊ : जनभवन से निकाली गई प्रतीकात्मक दांडी यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

## प्रतीकात्मक तौर पर निकाली गई दांडी यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के मार्गदर्शन में गुरुवार को ऐतिहासिक दांडी मार्च की स्मृति में जन भवन से एक प्रतीकात्मक दांडी यात्रा का आयोजन किया गया। दांडी यात्रा जन भवन से शुरू होकर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंची। वहां पर राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. बोबडे के साथ ही लखनऊ मंडल के कमिश्नर विजय विश्वास पंतसमेत कई अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पद यात्रा लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार पहुंचकर संपन्न हुई। यह वही ऐतिहासिक स्थल है, जहां महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को संबोधित किया था।

# एसआई भर्ती परीक्षा कल से, डीजीपी रखेंगे नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश भर में 14 और 15 मार्च को परीक्षा का आयोजन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजत सब इंसपेक्टर (एसआई) परीक्षा 14 और 15 मार्च को प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के दौरान जहां कंट्रोल रूम के जरिए डीजीपी राजीव कृष्ण सीधे नजर रखेंगे, वहीं स्थानीय प्रशासन के साथ ही एसटीएफ भी केंद्रों पर कड़ी चौकसी रखेगी।

पुलिस भर्ती बोर्ड के प्रवक्ता के मुताबिक, परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकल विहीन कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि समय पर आवश्यक जांच और प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जा सके।

एसआई के 4,543 पदों के लिए लगभग 15.75 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट और स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनात रहेंगे, जिससे परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी तरीके से कराई जा सके। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी और मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा कक्ष में ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उधर डीजीपी के प्रवक्ता ने बताया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अभ्यर्थियों के लिए बसों की व्यवस्था की जाए : एमडी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध प्रभु एन सिंह ने सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को 14 एवं 15 मार्च को आयोजित होने वाली उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए तत्काल व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। एमडी ने विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए परिवहन निगम बसों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। यही नहीं बस, बस स्टेशनों पर साफ सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था भी करने के भी निर्देश निगम प्रबंधन को दिए गए हैं। बसों के संचालन की मानीटरिंग के लिए प्रमुख बस अड्डों पर विशेष निगरानी व्यवस्था के लिए 7 नियंत्रण कक्षों को सक्रिय किया जाए। एमडी ने बताया कि लगभग 88000 परीक्षार्थी प्रदेश के 17 जनपदों से 14 एवं 15 मार्च को लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों तक आयेंगे। ऐसे में प्रमुख बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों तथा परीक्षा केंद्रों से जुड़े प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त संख्या में बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपी के 2.15 करोड़ किसानों को आज मिलेगी सम्मान निधि

**अमृत विचार, लखनऊ:** 13 मार्च शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम से ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि'' योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के तहत उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में लाभ मिलेगा। इस बार प्रदेश के किसानों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 4335.11 करोड़ रुपये भेजे जाएंगे। योजना के तहत पात्र किसान परिवार को सालाना 6000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन किस्तों में दी जाती है। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त तक उत्तर प्रदेश के किसानों के खातों में कुल 94,668.58 करोड़ रुपये भेजे जा चुके हैं। शुक्रवार को जारी होने वाली 22वीं किस्त के बाद यह राशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो जाएगी।

### हादसे को लेकर परिवहन निगम के चार अधिकारी निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** आगरा में स्कूली बस दुर्घटना में एक छात्रा की मौत के मामले में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार यात्री-मालकर अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के लिए उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) संजय सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिन्हें एक माह के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह द्वारा परिवहन मंत्री के निर्देश पर कार्रवाई की गयी है। निलंबित किए गए अधिकारियों में नीलम, अमित वर्मा, शारदा मिश्रा और शिव कुमार मिश्रा शामिल हैं। इसके अलावा सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी, आगरा को भी निलंबित करने की संस्तुति शासन को भेजी गई है। निलंबन अवधि के दौरान सभी अधिकारी परिवहन आयुक्त कार्यालय से संबद्ध रहेंगे।

### ओपन गवर्नमेंट डाटा के लिए पीएमयू गठन को 1.80 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने ओपन गवर्नमेंट डाटा (ओजीडी) प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के गठन के लिए 1.80 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा शासनादेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुदान संख्या-007 (उद्योग) के अंतर्गत 1 करोड़ 80 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। यह धनराशि ओपन गवर्नमेंट डाटा से जुड़े कार्यों के लिए पीएमयू के गठन और संचालन पर खर्च की जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पर प्रदेश सरकार सतर्क

## कालाबाजारी और अफवाह रोकने को मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** इजराइल और ईरान में जारी युद्ध की परिस्थितियों को देखते हुए केंद्र सरकार के बाद प्रदेश सरकार ने भी पेट्रोलियम पदार्थों की कालाबाजारी और अफवाहों को रोकने के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश जारी कर दिए हैं। राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर प्रदेश में किसी प्रकार की कमी नहीं है। एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी और रिफिल डिलीवरी के लिए ओटीपी आधारित पारदर्शी व्यवस्था लागू की गई है।



मुख्य सचिव एसपी गोयल

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को बताया कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलाधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जिलों में गैस वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने और किसी भी कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी तुरंत होम कंट्रोल को देने का निर्देश भी शामिल है।

मुख्य सचिव ने कहा कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार के साथ पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता पर हुई बैठक के बाद जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसमें सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी नजर रखने, गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अवैध बिक्री रोकने, और वितरण के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश शामिल हैं।

### सिलेंडर आपूर्ति करने वाले वाहनों की होगी सुरक्षा

**अमृत विचार :** एलपीजी सिलेंडर लेकर जाने वाले वाहनों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। राजस्व, खाद्य एवं रसद विभाग और तेल कंपनियों के अधिकारियों के साथ प्रशासन और पुलिस को संयुक्त रूप से निगरानी करने के भी निर्देश दिए गए हैं, ताकि वितरण में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# इजराइल में यूपी के 6004 श्रमिक सुरक्षित, की जा रही निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इजराइल में भारतीय दूतावास से निरंतर संपर्क में राज्य सरकार

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने कहा है कि इजराइल में कार्यरत प्रदेश के निर्माण श्रमिकों की कुशलक्षेम पर लगातार नजर रखी जा रही है और वर्तमान में किसी प्रकार की चिंता की स्थिति नहीं है।

प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. एमके शनुगा सुन्दरम् ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कुल 6004 निर्माण श्रमिक इजराइल में विभिन्न निर्माण कंपनियों में कार्यरत हैं। इन श्रमिकों का चयन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) और इजराइल की सरकारी संस्था पीबा (पापुलेशन, इमीग्रेशन एंड बार्डर अथारिटी) के माध्यम से किया गया था और वर्ष 2024 के दौरान उन्हें इजराइल भेजा गया था।

उन्होंने बताया कि ये सभी श्रमिक इजराइल की अलग-अलग निर्माण परियोजनाओं में नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार उनके कुशलक्षेम पर लगातार निगरानी बनाए हुए है और इस संबंध में भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास से निरंतर संपर्क रखा जा रहा है।

इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने भी राज्य सरकार को अवगत कराया है कि स्थिति नियंत्रण में है और दूतावास लगातार श्रमिकों के संपर्क में है। फिलहाल किसी श्रमिक ने भारत लौटने को लेकर चिंता व्यक्त नहीं की है। दूतावास ने आपात स्थिति के लिए 24 घंटे की हेल्पलाइन और ईमेल सुविधा भी जारी की है, जिसके माध्यम से भारतीय नागरिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# अभिषेक प्रकाश की बहाली पर अंतिम फैसला लेंगे मुख्यमंत्री

- हाईकोर्ट से 1600 पन्नों की चार्जशीट रद्द होने से निलंबन का आधार कमजोर
- एक वर्ष की अनिवार्य समीक्षा में शासन स्तर पर बहाली की फाइल तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** 2006 बैच के चर्चित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश की बहाली पर अंतिम फैसला अब मुख्यमंत्री स्तर पर होगा। हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ दाखिल करीब 1600 पन्नों की चार्जशीट रद्द किए जाने के बाद निलंबन का आधार कमजोर पड़ गया है। ऐसे में सेवा नियमावली के तहत एक साल की अनिवार्य समीक्षा में शासन स्तर पर उनकी बहाली से संबंधित फाइल तैयार कर ली गई है।

सूत्रों के अनुसार कार्मिक विभाग ने इस मामले में अपनी रिपोर्ट तैयार कर मुख्य सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी है। मुख्य सचिव की सहमति मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद ही बहाली का औपचारिक आदेश जारी होगा। अभिषेक प्रकाश उस समय चर्चा में आए थे जब वे इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थे। उन पर एक सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाने के बदले कथित रूप से रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। शिकायत एक कंपनी के प्रतिनिधि विश्वजीत दत्ता ने मुख्यमंत्री को भेजी थी। शिकायत में आरोप था कि परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए लागत का लगभग 5 प्रतिशत कमीशन एक कथित दलाल के माध्यम से मांगा गया। इस मामले में 20 मार्च 2025 को गोमतीनगर थाने में दलाल निकांत जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन सरकार ने अभिषेक को निलंबित कर राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध कर दिया था।

मामले की जांच कर रही एसआईटी ने करीब 1600 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 50 से अधिक गवाहों के बयान शामिल थे। शिकायतकर्ता ने अपने बयान में कहा था कि कथित दलाल निकांत जैन बार-बार तत्कालीन सीईओ अभिषेक प्रकाश का नाम लेकर रिश्वत की मांग कर रहा था। हालांकि अदालत में सुनवाई के दौरान यह सवाल भी उठा कि जब शिकायत में अधिकारी का नाम लिया गया है तो एफआईआर में उन्हें नामजद क्यों नहीं किया गया। पुलिस ने अदालत को बताया था कि जांच जारी है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिले दस मिनट में मुआवजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग को प्रस्ताव दिया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं द्वारा रीचार्ज करते ही महज यदि दस मिनट में बिजली नहीं आती है तो उपभोक्ता को मुआवजा देना अनिवार्य किया जाना चाहिए। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि गुरुवार को विद्युत नियामक आयोग के सदस्य संजय कुमार सिंह को एक प्रस्ताव सौंपा गया। प्रस्ताव में स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़े उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

# गायक बादशाह के कार्यक्रमों पर लगे रोक : अपर्णा यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला आयोग ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख कर की मांग



**अमृत विचार :** हरियाणा के गायक बादशाह के एक विवादित गीत को लेकर उप्र. राज्य महिला आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर राज्य में गायक के कार्यक्रमों को अनुमति न देने का अनुरोध किया है।

भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बादशाह की एल्बम "टटीरी" में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा और आपत्तिजनक दृश्य प्रस्तुत किए गए हैं। आरोप है कि गीत में स्कूल यूनिफॉर्म पहने छात्राओं को अनुचित तरीके से दिखाया गया है और विद्यालय जैसे पवित्र स्थान के लिए भी अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। आयोग के अनुसार, यह न केवल महिलाओं की गरिमा बल्कि शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक मूल्यों का भी अपमान है। महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने पत्र में लिखा है कि इस प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री प्रस्तुत करने वाले कलाकार के कार्यक्रम आयोजित होने से समाज में गलत संदेश जा सकता है और सांस्कृतिक मर्यादाओं को ठेस पहुंच सकती है।

# राहुल गांधी आज दलितों को साधने आएंगे लखनऊ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कांशीराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के कार्यकर्ता होंगे शामिल



**अमृत विचार:** विधान चुनावों की आहट के बीच कांग्रेस ने दलितों को साधने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर दलितों को पाले करने की कवायद करेंगे।

बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च को है। लेकिन कांग्रेस ने बाजी मारते हुए उनकी जयंती को 13 मार्च, शुक्रवार को मनाने का ऐलान कर दिया है। इस कार्यक्रम को कांग्रेस सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मना रही है। आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी शुक्रवार को दोपहर दो बजे विमान से लखनऊ पहुंचेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश भर के करीब 15 हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## राजस्व बढ़ाने को स्टाम्प निबंधन विभाग का विशेष अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में राजस्व संग्रह को मजबूत करने और संपत्ति लेनदेन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए स्टाम्प एवं निबंधन विभाग के माध्यम से विशेष अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग अपंजीकृत संपत्तियों के पंजीकरण, लंबित स्टाम्प वादों के निस्तारण और विभिन्न संस्थाओं से देय स्टाम्प शुल्क की वसूली पर फोकस कर रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, यूपीएसआईडीसी और अन्य संस्थाओं की अपंजीकृत संपत्तियों का पंजीकरण कराया जा रहा है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि निर्धारित स्टाम्प शुल्क का भुगतान समय पर हो।

# शंकराचार्य का साक्षात दर्शन पाना सौभाग्य : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिले सपा प्रमुख

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में ज्योतिर्मठ बद्रिकाश्रम के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। करीब एक घंटे की मुलाकात के बाद सपा प्रमुख ने कहा कि वे शंकराचार्य से कुछ सीखने और कुछ जानकारी लेने गए थे। उन्होंने कहा कि जिनके ध्यान मात्र से आशीर्वाद मिलता है, उनका साक्षात् दर्शन पाना सौभाग्य है। सच्चे संत का सम्मान ही सनातन का सम्मान है।

सपा प्रमुख ने कहा कि सपा सरकार के दौरान हम लोगों ने गाय की सेवा को लेकर कई फैसले लिए थे। गाय की सेवा के लिए आगे भी जो कुछ कर सकते हैं, वह करेंगे। उन्होंने कहा कि इन दिनों जिलों-जिलों में बैठक हो रही हैं, जिसमें विधायकों का टिकट काटने की रणनीति बन रही है। अगर इन बैठकों में जिलाधिकारी शामिल हो रहे हैं तो इसका मतलब है कि जिलाधिकारी के ऊपर भाजपा का जिलाध्यक्ष बैठेगा। जिलाधिकारी को अपनी नेमप्लेट हटानी होगी और अपने आप को एसएसएस का प्रभारी बनाना पड़ेगा।



लखनऊ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद लेते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

# 'इंडिया लेबरलाइन' पर शिकायत कर सकते श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रम मंत्री अनिल राजभर ने पुणे में टाटा के श्रम कल्याण केंद्र का किया दौरा

**अमृत विचार :** श्रम एवं सेवायोजन तथा समन्वय मंत्री अनिल राजभर ने महाराष्ट्र में मौजूद यूपी के श्रमिकों को बताया कि आजीविका ब्यूरो की ओर से संचालित 'इंडिया लेबरलाइन' ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से छह भाषाओं में श्रमिकों की शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, साथ ही उनका समाधान किया जाता है और अब तक एक लाख से अधिक श्रमिक इसका लाभ ले चुके हैं।

श्रम मंत्री, पुणे स्थित टाटा ऑटो कॉम्प सिस्टम्स के श्रम कल्याण केंद्र में श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और समाधान की जानकारी लेने के दौरान संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लेबरलाइन वैन का भी निरीक्षण किया, जो श्रमिकों के कार्यस्थलों पर जाकर उनकी समस्याएं सुनती है। श्रम मंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों को उत्तर प्रदेश में भी ऐसी व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान मंत्री ने टाटा ऑटो कॉम्प की इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए लिथियम-आयन बैटरी और ऊर्जा भंडारण समाधान तैयार करने वाली इकाई का भी निरीक्षण किया।

**बढ़ते कदम** 35,526 करोड़ से अधिक निवेश, छह नोड्स में 62 कंपनियों को भूमि आवंटित

# डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर ने पकड़ी रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 प्रमुख इकाइयों में उत्पादन शुरू कानपुर, झांसी और लखनऊ में सर्वाधिक प्रस्ताव

**अमृत विचार:** प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से देश के प्रमुख रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित हो रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अब तक 35,526 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

वर्ष 2018 में शुरू किए गए इस कॉरिडोर को उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) विकसित कर रहा है। इसके तहत कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में छह रणनीतिक नोड्स स्थापित किए गए हैं, जहां रक्षा उद्योग से जुड़ी औद्योगिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत 2,040 हेक्टेयर भूमि में से लगभग 977 हेक्टेयर भूमि उद्योगों को आवंटित की जा चुकी है। अब तक 62 कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है, जबकि करीब 11 कंपनियों के साथ लीज डीड की प्रक्रिया जारी है।



निवेश प्रस्तावों में कानपुर नोड सबसे आगे है, जहां करीब 12,803 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इसके बाद झांसी में 11,738 करोड़ और लखनऊ में 4,850 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अलीगढ़ में 4,490 करोड़, चित्रकूट में 880 करोड़ और आगरा में 607 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। कॉरिडोर के विभिन्न नोड्स में अब तक नौ प्रमुख विनिर्माण इकाइयों ने उत्पादन शुरू कर दिया है। इनमें अदानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का कानपुर में लगभग 1,500 करोड़ की लागत से स्थापित गोला-बारूद निर्माण संयंत्र प्रमुख है।

अलीगढ़ नोड में अमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स ने इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर उपकरणों का उत्पादन शुरू किया है, जबकि वेरीविन डिफेंस और नित्या क्रिएशंस ने छोटे हथियारों से जुड़े कंपोनेंट्स का निर्माण शुरू किया है। लखनऊ नोड भी तेजी से रक्षा विनिर्माण का केंद्र बन रहा है। यहां एरोलॉय टेक्नोलॉजीज ने टाइटेनियम कास्टिंग और ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने ब्रह्मोस एनजी मिसाइल सिस्टम के उत्पादन की दिशा में काम शुरू किया है।

# कॉन्क्लेव-2026 से पोल्ट्री हब बनेगा यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 23-24 मार्च को होगा प्रदेश का पहला पोल्ट्री कॉन्क्लेव

**अमृत विचार :** पशुपालन विभाग 23 व 24 मार्च को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पहला ''पोल्ट्री कॉन्क्लेव-2026'' आयोजित करके उत्तर प्रदेश को पोल्ट्री हब बनाएगा। जहां, कृषि, बागवानी, निर्यात व उद्योग की तरह पोल्ट्री पालन को बढ़ावा मिलेगा। इससे प्रदेश में अधिक से अधिक पोल्ट्री फार्म संचालित होंगे। लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और अंडा उत्पादन में बढ़ोतरी होगी।

कार्यक्रम में देश-प्रदेश के शीर्ष पोल्ट्री वैज्ञानिक और विशेषज्ञ उन्नत पोल्ट्री पालन की तकनीकी व नवाचार बताएंगे। मुर्गी पालन व अंडा उत्पादन की आधुनिक तकनीक सिखाएंगे। पोल्ट्री फार्म के संचालन में आ रही समस्या व चुनौतियां संचालक और पशुपालकों से संवाद करके दूर करेंगे। योजनाएं और उनका लाभ लेना बताएंगे। पशुपालक व्यवसाय विस्तार, मार्केटिंग और निवेश के गुर सीखेंगे। सरकार बिक्री का बाजार भी उपलब्ध कराएगी। कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए uppoultrypolicy2022@gmail.com पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# राष्ट्रपति के आगमन की सभी तैयारियां समय से हों पूरी : योगी

**मुख्यमंत्री ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश कहा-यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हो आयोजन**

**बोले- रामनवमी पर बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता**

**श्रीराम मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की भी ली जानकारी**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन के दृष्टिगत सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और यात्रा मार्ग पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। ये निर्देश गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये। वे 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन तथा रामनवमी की तैयारियों को लेकर पीएफसी स्थित सभाकक्ष में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता तथा आगंतुकों के लिए सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पूज्य संतों समेत अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रशासन व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी समन्वय के साथ सभी तैयारियों को निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित करें। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को सभी सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी व ठोस सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने, खुफिया तंत्र व एंटी-ड्रोन कंट्रोल रूम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर अयोध्या धाम आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। फुटपाथों को खाली रखा जाए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए प्रभावी व्यवस्था करने तथा दर्शन-पूजन कार्यक्रम को स्क्रीन के माध्यम से भी प्रसारित करने के निर्देश दिए। कहा कि रामनवमी प्रमुख पर्व है, इस अवसर पर अयोध्या धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को संदिग्ध एवं देशविरोधी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मंदिर परिसर में बिना जांच के किसी को भी प्रवेश न दिए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने परिक्रमा मार्ग एवं मंदिर म्यूजियम के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में कृषि व जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली रामचंद्र यादव, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, सदस्य गोपाल जी, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, एडीजी लखनऊ जोन प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी सोमेन वर्मा, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



पीएफसी स्थित सभाकक्ष में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक में रामनवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लता मंगेशकर चौक से हनुमानगढ़ी तक गोल्फ कार्ट संचालित करने के निर्देश दिए, जिससे कि उन्हें ज्यादा पैदल न चलना पड़े। सीएम ने इसके साथ ही वीआईपी मूवमेंट को न्यूनतम रखने पर भी जोर दिया, जिससे आम श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिया कि पार्किंग व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। सड़कों के किनारे वाहनों की पार्किंग न होने दी जाए। सेवाभाव से विभिन्न स्थानों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

## सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर और हनुमानगढ़ी में किया दर्शन-पूजन

अयोध्या कार्यालय।


**अमृत विचार :** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले संकटमोचन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। प्रदेश की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किए, आरती उतारी और मंदिर की परिक्रमा की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी ली। श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति और आगामी योजनाओं से अवगत कराया।



श्रीराम जन्मभूमि परिसर में भ्रमण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व साथ में मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार



हनुमानगढ़ी मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न भेंट करते संत।



श्रीराम जन्मभूमि में श्रीरामलला की आरती उतारते मुख्यमंत्री।

### संतों से भी की मुलाकात पूछा कुशलक्षेम

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री यहां सबसे पहले महंत प्रेमदास जी महाराज से मिले। इसके बाद अन्य संतों से भी मिलकर उनका हालचाल जाना। इससे पहले मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर रामकथा पार्क हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

**न्यूज ब्रीफ**

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष रणंजय वर्मा करेंगे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला ने दी।

### आत्महत्या प्रकरण में आरोपिता को जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से हुए विवाद के चलते आकाश पाण्डेय को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के बहुचर्चित प्रकरण में आरोपिता सना सिद्दीकी को अदालत से राहत मिल गयी है। जिलाजज रणंजय वर्मा ने मामले में सना को जमानत पर रिहा करने का आदेश गुरुवार को दिया। अधिवक्ता राकेश मिश्र व रणधीर पाण्डेय ने बताया कि वादी गिरिजाशंकर पाण्डेय निवासी कौशलपुरी कॉलोनी ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था।

### रमज़ान के अंतिम शुक्रवार की नमाज आज, अवकाश घोषित

**अयोध्या, अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान के अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की जाएगी। जिला अधिकारी निखिल टीकाराम ने अलविदा नमाज के अवसर पर स्थानीय स्तर पर अवकाश घोषित किया है, ताकि मुसलमान भाई-बहन बिना किसी परेशानी के इबादत में शामिल हो सकें। उलेमा-ए-किराम ने भी इस शुक्रवार को अलविदा की नमाज की पुष्टि की है। रमजान के आखिरी दिनों में चंद्रमा दिखने की संभावना के आधार पर ईद-उल-फित्र 20 या 21 मार्च को मनाई जा सकती है, लेकिन अलविदा नमाज रमजान के अंतिम जुमे पर विशेष महत्व रखती है।

### जबरन शादी को लेकर मारपीट, रिपोर्ट

**बीकापुर, अमृत विचार :** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने सात आरोपियों के विरुद्ध बलवा, मारपीट धमकी सहित अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के तोरोमाफी की रुखसाना ने शिकायत में बताया कि छह मार्च की दोपहर अंबेडकरनगर जिले के इल्फातगंज इब्राहिमपुर के रहने वाले लकी, अजीज, इसराइल, मैनाज, गुन्नान, हीना व अजीज की औरतें एक टैक्सी में बैठकर हाथ में लाठी-डंडा लेकर उनके घर पहुंची। दरवाजे पर उन्हें मारने लगे। उनकी बहन शबाना, अफसाना व रुखसाना और उनकी मा शाहजहां के ऊपर भी हमला किया। आरोपी जबरन शादी करने की मांग कर रहे थे। इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीराम महायंत्र के लिए राम मंदिर में शुरू हुआ अनुष्ठान

**सरयू तट से निकली कलश यात्रा परिसर में हुई स्थापना**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** राम मंदिर में विशेष अनुष्ठानों का शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर से श्रद्धा और मंत्रोच्चार के बीच निकली कलश यात्रा सरयू नदी के पावन तट तक पहुंची। जहां वैदिक विधि-विधान से विभिन्न धार्मिक कर्म संपन्न कराए गए।

अनुष्ठान के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्र रहे। कलश यात्रा रामपथ होते हुए वापस राम मंदिर पहुंची। इसके बाद पंचांग पूजन कर विधिवत मंडप प्रवेश कराया गया और यज्ञीय अनुष्ठानों का शुभारंभ हुआ। आचार्यों ने वैदिक परंपरा के अनुसार प्रायश्चित कर्म और भगवान विष्णु का पूजन कराया। यज्ञकुंड में पुरुसूक्त व श्री सूक्त के मंत्रों से आहुतियां अर्पित की जाएंगी।

डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि राम यंत्र स्थापना का मुख्य अनुष्ठान 19 को होगा। नौ कुंडीय यज्ञकुंड में रोजाना आहुतियां अर्पित की जाएंगी। समारोह में राम मंदिर में काम करने वाली 300 एजेंसियों के 1800 कर्मियों व निधि समर्पण अभियान का हिस्सा रहे करीब 3500 लोगों को आमंत्रित किया गया है। माता अमृतामयी नंद के साथ 1200 अनुयायी आ रहे हैं। संपूर्ण अनुष्ठान आचार्य चंद्रभानु शर्मा, पंडित इंद्रदेव मिश्र के निर्देशन में संपन्न हुआ। आचार्यों में पंडित प्रवीण शर्मा, आचार्य सतीश वैदिक सहित 100 से अधिक आचार्य शामिल हैं।



## राम मंदिर की 18 को परिक्रमा करेंगे साधु-संत

**● मतगजेंद्र के पूजन के साथ प्रारंभ होगी परिक्रमा : महंत मिथलेश**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर होने वाली रामकोट की परिक्रमा को लेकर विक्रमादित्य महोत्सव समिति और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों की संयुक्त बैठक गुरुवार को श्रीराम वल्लभा कुंज में हुई। जिसमें नव संवत्सर में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी इसको लेकर आह्वान किया और सफल बनाने के लिए संकल्प लिया। हनुमत सदन के महंत मिथलेश नंदनी शरण ने कहा परिक्रमा 18 मार्च को अपराह्न 3 बजे से मतगजेंद्र के पूजन के साथ प्रारंभ होगी। कहा कि अयोध्या जी की परिक्रमा पुरातन है।चौदह कोसी, पंचकोसी चौरासी कोसी के साथ रामकोट की परिक्रमा करने वाला भक्त मोक्ष प्राप्त करता है।

महंत जयराम दास महाराज ने कहा रामकोट की परिक्रमा में तो हमारे सभी आराध्य समाहित हैं। श्री सीतारामराम जी के साथ हनुमानजी और इस नगर के कोतवाल मतगजेंद्र स्वयं उपस्थित हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने कहा नव संवत्सर पर अयोध्या में चलने वाली इस परिक्रमा से लोगों की जनभावना जुड़े, इसकी एक बृहद योजना बनी हुई है। संतों के नेतृत्व में इस कार्य को पूरा किया जाएगा। बैठक में लक्ष्मण किला के महंत मैथिली रमण शरण ,श्री राम वल्लभा कुंज के अधिकारी राजकुमार, महंत रामशरण दास रामायणी, जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य, नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास, श्रीराम आश्रम के महंत जयराम दास, महामंडलेश्वर गणेशानंद दास, हनुमत निवास मंदिर के महंत मिथिलेश नंदिनी शरण, अभिषेक मिश्र, मुकेश तिवारी सहित दर्जनों साधु संत मौजूद रहे।



राम बल्लभा कुंज की बैठक में शामिल संत। अमृत विचार

## कन्यादान मानव जीवन का सर्वोत्तम दान : विधायक

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, बंधन में बंधे 93 युगल**

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पूराबाजार ब्लॉक परिसर में गुरुवार को आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में 93 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कन्यादान मानव जीवन का सर्वोत्तम दान है, जिसे माता-पिता अपनी पुत्री के विवाह के समय करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनके लिए अपनी बेटियों का विवाह कर पाना कठिन होता है। इस योजना के माध्यम से सरकार ऐसे परिवारों को सामाजिक और आर्थिक संबल प्रदान कर रही है।

विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने प्रदेश सरकार से संचालित 24 से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। बताया कि योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा कुल एक लाख की सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 25 हजार रुपये का सामान, 60 हजार रुपये नवविवाहित जोड़े के खाते में और 15 हजार आयोजन व्यय के रूप में दिया जाता है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी रणविजय सिंह, खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह, एडीओ पंचायत रवींद्र वर्मा, एडीओ समाज कल्याण विवेक सिंह, एडीओ आईएसबी अवनीश शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



पूराबाजार के ब्लॉक में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जोड़ो के साथ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व अन्य।

## खेल प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जनपदीय जूनियर बालक व बालिका हॉकी, जूडो, हैण्डबॉल व भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि अयोध्या के संत संजय दास ने पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता की हॉकी बालिका स्पर्धा में छह टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय को 3-1 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग में नवोदय विद्यालय को 2-1 से पराजित कर डाभासेमर स्टेडियम टीम विजेता बनी। हैण्डबॉल बालिका स्पर्धा के फाइनल में मेथोडिस्ट टीम ने डाभासेमर स्टेडियम टीम पर 6-5 से खिताबी जीत दर्ज की। बालक वर्ग में डाभासेमर स्टेडियम टीम ने विनायक स्कूल पर 17-10 से खिताबी जीत दर्ज किया। भारोतोलन के बालिका वर्ग में आरोही, विशाखा, शीतल, सानिया, नेहा, महिमा, तक्षशिला, रंजना विजेता रहीं। बालक वर्ग में प्रभात, आदर्श यादव, कृष्णा, राज, संग्राम, कुलदीप यादव, अमरजीत, विकास विजेता रहे। इस अवसर पर आरएसओ अनिमेष सक्सेना, प्रशिक्षक, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### हादसों में दो घायल

**बारुन, अयोध्या।** अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर बृहस्पतिवार देर शाम हुईं सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। एक गोवंश की भी मौत हो गई। नऊवा कुआं रानीबाजार से अपने घर करमडांडा लौट रहे सचिन (24) पुत्र अमृतलाल गुप्ता सड़क पर आए एक छुट्टा गोवंश से टकरा गया। वो बाइक समेत गिरकर घायल हो गया। तभी पीछे से आ रहा इनायतनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी देशराज (26) पुत्र भुलई भी एक अन्य गोवंश से टकराकर घायल हो गया। इस दुर्घटना में एक गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय पुलिस चौकी के उपनिरीक्षक देवव्रत लाल यदुवंशी और दीवान अन्नू सिंह मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

**लापरवाही** — रात भर के अंधेरे में राह के लिए भटकते रहे हजारों लोग

## डायवर्जन का बोर्ड न कोई जानकारी, बंद कर दी क्रॉसिंग

**● एक किमी. की दूरी नापने के लिए अनजान रास्ते पर चले 12 किमी.**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** विभागों की लापरवाही कहें या अदूरदर्शिता। क्रॉसिंग बंद होने से सहालग की दो रातें लोग राह के लिए भटकते रहे। न डायवर्जन का बोर्ड लगा, न जानकारी दी गई, न ही कोई पुलिस कर्मी यहां मौजूद रहा। दूर से आने वाले लोग रात भर रास्ता पूछते रहे। एक दूसरा रास्ता दिखा तो इस पर मिट्टी डाल बंद कर दिया गया था। अनजान लोग रात भर एक किमी. की दूरी पार करने के लिए तीसरे रास्ते से 12 किमी. का राह नापी। तब अपने गन्तव्य की ओर आगे बढ़ पाए।



सोहावल रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की रात बंद क्रासिंग।



स्टेशन के सामने मिट्टी डालकर बंद की गई सड़क।

मामला लखनऊ-अयोध्या रेल प्रखंड पर सोहावल रेलवे स्टेशन के पास सुचित्तागंज रेलवे क्रासिंग संख्या 130/बी का है। मंगलवार और बुधवार रात क्रॉसिंग पर लाइनों के बीच ओवरहालिंग और रबराइज्ड सड़क बनाने का काम किया जा रहा था। बाजार के लोगों के मुताबिक दोनों दिन क्रॉसिंग पूरी रात बंद रही। सबसे ज्यादा दिक्कत 11 मार्च को सहालग तेज होने के कारण रही।

सोहावल से नउवा कुआं को जाने वाली यह सड़क गोंडा जिले से सीधे सुल्तानपुर, रायबरेली तक के बाईपास के रूप में काम करती है। अयोध्या शहर नहीं जाना पड़ता। लोग बहराइच, गोंडा के तरबगंज, नवाबगंज से सीधे अयोध्या जिले के नउवा कुआं, बारून बाजार होते हुए वाया कुमारगंज रायबरेली की ओर और वाया शाहगंज सुल्तानपुर की ओर निकल जाते हैं। बाजार के रहने वाले दीपक, गंगा राम, संजय आदि बताते हैं कि दोनों रात लगभग नौ बजे के बाद सड़क निर्माण के लिए काम शुरू हुआ। लाइनों के बीच की गिट्टी निकाल दोनों ओर आड़ा तिरछा डाल दी गई। पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया। पूछने पर रात 10 बजे काम करने वालों ने बताया कि सड़क सुबह छह बजे खुलेगी। बताया गया कि इसको लेकर पुलिस को पत्र भेजा गया था, लेकिन पत्र नौ मार्च के कार्य कराने के लिए था। विभाग आम लोगों की इस भीषण समस्या से अनजान बने रहे।

सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक दूर-दूर से आने वाले चार पहिया, दो पहिया वाहन के लोग परेशान रहे। खास बात यह कि रात के अंधेरे में लोग रास्ता खोजते स्टेशन के पीछे से शेखपुर होते हुए आगे बढ़े तो सोहावल स्टेशन के पीछे मिट्टी डाल सड़क बंद दी गई थी। लोगों को वापस सोहावल-चौराहा, रौनाही से वाया ड्योढ़ी नहर की सड़क से होते हुए फिर सुचित्तागंज नहर पर पहुंचते रहे तो उन्हें पुराना रास्ता मिला।

> क्रॉसिंग पर ट्रैफिक रूट को डायवर्ट के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया था। बताया गया था कि नौ मार्च को रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक गेट पर ओवरहालिंग व रबराइज्ड के कार्य के दौरान रोड ट्रैफिक को डाइवर्ट कराने की व्यवस्था का आग्रह किया गया था।
> –मुन्ना लाल, स्टेशन मास्टर, सोहावल।

## लेखपाल समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

**अयोध्या।** अयोध्या रेजीडेंट मजिस्ट्रेट की अदालत में मुकदमा लंबित रहते हुए दूसरा वाद तहसीलदार के यहां दाखिल करके नामांतरण आदेश पारित करने के मामले में लेखपाल समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय की अदालत से गुरुवार को हुआ। अधिवक्ता उज्जवल सिंह ने बताया कि शशिकांत दास के पक्ष में महंत जय रामदास द्वारा 6 जनवरी 1993 को वसीयतनामा लिखकर महंत व सर्वराहकार तथा उत्तराधिकारी घोषित किया गया था। जय रामदास की 30 जनवरी 2017 को मौत हो गई। इसके बाद वसीयत के आधार पर तहसीलदार सदर के यहां नामांतरणवाद प्रस्तुत किया गया। यह मुकदमा स्थानांतरित होकर रेजीडेंट मजिस्ट्रेट के यहां पहुंचा। कोर्ट में विपक्षी सर्वेश मिश्रा के बयान हेतु पेशी नियत हुई। वह नोटिस के बावजूद कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए और तहसीलदार न्यायालय में दूसरा नामांतरणवाद दाखिल करके नामांतरण आदेश पारित करवा लिया। आरोप है कि इसमें गवाह राजेंद्र प्रसाद का फर्जी शपथ पत्र भी दाखिल किया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रारंभिक जांच कराई जिससे इन आरोपों की पुष्टि हुई। इस पर कोर्ट ने मामले में विवेक दास उर्फ बजरंगदास तथा लेखपाल सर्वेश मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है।

**न्यूज ब्रीफ**

### कांग्रेस का प्रदर्शन 14 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के दामों में लगातार हो रही वृद्धि और गैस की उपलब्धता में भारी कमी के विरोध में कांग्रेस 14 मार्च को प्रदर्शन करेगी। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि यह प्रदर्शन कांग्रेस कार्यालय, कमला नेहरू भवन, फैजाबाद से शुरू होकर जुलूस के रूप में निकाला जाएगा। प्रदर्शन में जिला और महानगर कांग्रेस शामिल रहेगी।

### गर्मी के साथ बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**गोसाईंगंज, अमृत विचार।** गर्मी का पारा चढ़ने के साथ गोसाईगंज नगर में मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। इससे लोगों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी खतरनाक बीमारियों का डर भी बढ़ने लगा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई मोहल्लों में नालियों की सफाई नहीं हो रही, जिससे मच्छरों को पनपने का मौका मिल रहा है। नागरिकों ने नगर पंचायत से नियमित फॉगिंग, लार्वा कंट्रोल और नालियों की सफाई कराने की मांग की है।

### हृदय से कथा सुनेंगे तो होगी भगवान की अनुभूति

**बीकापुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के तोरोमाफी दराबगंज में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के छठवें दिन कथा वाचक पंडित आचार्य विष्णु मिश्र जी महाराज ने रासलीला और रुक्मणी विवाह का रोचक वर्णन किया गया। बताया कि यदि हृदय से कथा सुनेंगे तो खुद ही साक्षात भगवान की अनुभूति होगी। कथा में रुक्मणी और श्री कृष्ण विवाह की मनमोहन धार्मिक झांकी निकाली गई। महिलाओं से बधाई और मंगल गीत गाए गए।आरती और प्रसाद वितरण किया गया। कथा में मुख्य यजमान प्रभावती, आयोजक संजय पांडेय, कपिल देव पाठक, दीपक पांडेय, राकेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# रसोई गैस के लिए लगे रहे छह घंटे लाइन में

## नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर किया प्रदर्शन, कहा-दिन भर लाइन में रहेंगे तो कमाएंगे क्या

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** रसोई गैस की किल्लत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। छह घंटे की लाइन के बाद भी गैस न मिलने की शिकायत रही। नाराज उपभोक्ताओं ने एक गैस एजेंसी पर प्रदर्शन किया।

देवकाली स्थित एक गैस एजेंसी पर गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे छह घंटे से लाइन लगाए लोग सिलेंडर के लिए परेशान थे,आक्रोशित थे। दावों की हवा निकाल रहे थे। आरोप भी कई लग रहे थे। 15 दिन से बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पाया। ऐसा यहां मौजूद लोगों का कहना था। नाराज लोगों ने प्रदर्शन और नारेबाजी तक की। कहा कि बोलते हैं कि सर्वर नहीं चल रहा है। दूसरी ओर से सिलेंडर जाता दिख रहा है। ब्लैक तक का आरोप लगा डाला।

यहां लाइन लगाए सईद ने कहा कि छह घंटे से लाइन में हैं, लेकिन अब तक सिलेंडर नहीं मिला। अशोक कुमार व मो. दानिश ने कहा कि तीन से सिलेंडर के लिए आ रहे हैं। बोल रहे तीन घंटे से सर्वर नहीं चल रहा है। कहा कि दिन भर लाइन लगाएंगे तो क्या कमाएंगे। कृष्णकांत मिश्र बोले सुबह आठ बजे से लाइन में हैं। कल भी आया था। कई ने कहा कि सिलेंडर ब्लैक किया जा रहा है। देवकाली भाजपा मंडल की मंत्री शकुंतला मौर्या ने कहा कि घंटे भर से लाइन में हैं। फोन किया था तो बताया गया आएए सिलेंडर ले जाइए, लेकिन यहां तो लाइन में खड़ी हैं।



एक गैस एजेंसी पर प्रदर्शन करते उपभोक्ता। अमृत विचार



सिर पर सिलेंडर लेकर खड़ा उपभोक्ता। अमृत विचार



बिना गैस के वापस जाते उपभोक्ता।

### कॉमर्शियल की जगह रसोई गैस सिलेंडर!

बड़ा सवाल है कि प्रतिदिन रसोई गैस सिलेंडरों की आमद कम नहीं हुई। जैसा कि बुधवार को विधायक और डीएम की बैठकों में बताया गया, लेकिन आम लोगों को गैस नहीं मिल रही है। तो आने वाले यह सिलेंडर कहां जा रहे हैं? इसका उत्तर ढूंढे नहीं मिल रहा है। या ढूंढने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। चर्चा तो यह है कि जिनके काम चल रहे हैं वह भविष्य की कमी न हो इसके लिए व्यवस्था में लग गए हैं। दूसरा सबसे बड़ा कारण जो छनकर चर्चा में आ रहा है। कॉमर्शियल सिलेंडरों की जगह अब रसोई गैस सिलेडरों का प्रयोग हो रहा है। ये दिखाई न पड़े इसकी व्यवस्था की गई है। कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित है लेकिन न तो वह प्रतिष्ठान बंद हैं और न ही उन पर गैस का प्रयोग। सहालग भी एक बड़े कारण की चर्चा है।

### एलपीजी संकट पर सपा का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या, अमृत विचार :** सपा की महानगर विधानसभा इकाई ने एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत और समय पर डिलीवरी न होने की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने कहा कि बुकिंग के बावजूद सिलेंडर समय पर नहीं पहुंच रहे, जिससे रसोई का काम प्रभावित हो रहा है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ''पवन'' ने कहा कि शादियों में गैस का संकट लोगों के सामने बड़ा मुद्दा बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता मीडिया में झूठ बोल रहे हैं कि कोई दिक्कत नहीं है। सपा ने मांग की है कि समय पर बुकिंग वाले घरों में पुरानी तरह से बिना देरी होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, अयोध्या विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रक्षा राम यादव, महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जयसवाल, उपाध्यक्ष राकेश पांडे आदि मौजूद रहे।



एलपीजी सिलेंडर किल्लत को लेकर पूर्व मंत्री पवन पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन करते सपाई। अमृत विचार

## 50 फीसदी स्कूलों में सिलेंडर खत्म

# एलपीजी संकट की आंच स्कूलों तक पहुंची, सुलगने लगे चूल्हे

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** एलपीजी सिलेंडर संकट की आंच अब परिषदीय विद्यालयों की मध्यान्ह भोजन योजना तक पहुंच गई है। 50 प्रतिशत स्कूलों में सिलेंडर खत्म होने से कहीं चूल्हा सुलग गया है तो कहीं मिड-डे मील बनना ठप हो गया है। इसका प्रभाव अभी और बढ़ने की संभावना है। बताया जा रहा है कि संकट बढ़ा तो मिड-डे मील योजना पर भी गहरा असर पड़ सकता है। हालांकि बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद ने वैकल्पिक व्यवस्था की बात कही है और जिला आपूर्ति विभाग को पत्र भी भेजा है।

मवई संवाददाता के अनुसार रुदौली विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय उधरौरा, नरौली, खुश्का, जरायलकला, भौली, गौरियामऊ फार्म, दिवाली, जखिया मुहामिदपुर, मुरादाबाद, बिकावल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्हवाना, जमुनियामऊ, बहरास, इचौलिया सहित कंपोजिट विद्यालय करीमपुर में गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण भोजन लकड़ी पर तैयार किया जा रहा है।

प्राथमिक विद्यालय नरौली के शिक्षक रजनीश मिश्रा ने रुदौली विकास खण्ड के प्रधानाध्यापकों, खण्ड शिक्षाधिकारी एवं ब्लॉक संसाधन केंद्र के कार्मिकों के व्हाट्सएप समूह पर संदेश साझा करते हुए अवगत कराया कि इंडेन गैस सर्विस, वजीरगंज (रुदौली) के प्रबंधक द्वारा बताया गया है कि 11 मार्च को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।



उच्च प्राथमिक विद्यालय कोदनिया में चूल्हे पर खाना बनातीं रसोईया।



कंपोजिट स्कूल बबुआपुर में चूल्हे पर खाना बनातीं रसोईया।

> मिड-डे मील कदापि प्रभावित नहीं है। संकट है लेकिन समाधान भी किया जा रहा है। लकड़ी के चूल्हें उपयोग में लाए जायेगें। प्रधानों को सहयोग के लिए कहा गया है। -लालचंद, बीएसए।

गैस आपूर्ति बाधित होने से एमडीएम संचालन में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। उन्होंने भोजन संचालन में असमर्थता जताते हुए खण्ड शिक्षाधिकारी (बीईओ) रुदौली से आवश्यक मार्गदर्शन और समाधान की मांग की है। वहीं पूराबाजार के 20, बीकापुर के 50, सोहावल के 73, मिल्कीपुर के 62, हैरिंग्टनगंज के 54, मया के 52, नगर क्षेत्र के 20 स्कूलों में सिलेंडर समाप्त होने की सूचना है। इतना ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

# मऊशिवाला का एमआरएफ सेंटर प्रतिदिन करेगा 10 टन कूड़ा निस्तारण

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** कूड़ा निस्तारण कर नगर को स्वच्छ बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और बड़ा कदम उठाया है। स्वयंसेवी संस्था चिंतन की ओर से मऊशिवाला में स्थापित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) का पुनर्विकास कर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को नई ऊंचाई प्रदान की गई है। चिंतन एनवायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप, नगर निगम अयोध्या के सहयोग से एसबीआई फाउंडेशन के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थापित इस इकाई का उद्घाटन गुरुवार को महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने समारोहपूर्वक किया।



फीता काटकर मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी का शुभारंभ करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी। अमृत विचार

महापौर ने कहा कि चिंतन एवं एसबीआई फाउंडेशन की इस पहल से ठोस अपशिष्ट पदार्थ के प्रबंधन में आसानी होगी और नगर स्वच्छता रैंकिंग के उच्चतम शिखर की ओर बढ़ेगा। उन्होंने एसबीआईएफ के नारे ''वेस्ट नो मोर इन अयोध्या'' को सार्थक बनाने के लिए जन सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र आने वाले समय में अन्य शहरों के लिए प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर सकता है। इससे अयोध्या को अधिक स्वच्छ, हरित और टिकाऊ शहर बनाने की दिशा में सफलता मिलेगी।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया मऊशिवाला में स्थापित एमआरएफ नगर निगम के चार वार्डों शिवनगर, चित्रगुप्तनगर, कृष्णानगर और लाला लाजपत राय नगर से एकत्रित कचरे का निस्तारण एवं प्रबंधन करेगा। इससे प्लास्टिक, कागज एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य संसाधनों को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जा सकेगा। इसके अतिरिक्त घरों से एकत्रित गीले कचरे का कम्पोस्टिंग के माध्यम से प्रसंस्करण कर जैविक खाद (कंपोस्ट) तैयार किया जाएगा। जिसका उपयोग पौधारोपण और नगर क्षेत्र में हरियाली लाने के लिए किया जा सकेगा।

- **चिंतन संस्था करेगी संचालन, महापौर ने समारोहपूर्वक किया उद्घाटन**

उन्होंने बताया कि केंद्र के माध्यम से प्रतिदिन 10 टन कूड़ा का निस्तारण किया जा सकेगा। चिंतन संस्था ने इसके लिए 14 कर्मचारियों की तैनाती की है। इस पहल के माध्यम से हर वर्ष साढ़े आठ लाख किलोग्राम कचरे को लैंडफिल में जाने से रोका जा सकेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय, एसबीआई फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक स्वप्न धर, रितेश सेन, मुस्कान शर्मा, चिंतन संस्था की ओर से संस्थापक एवं निदेशक भारती चतुर्वेदी, अपूर्व अग्रवाल, मोहित गर्ग, एकता भटनागर आदि मौजूद रहे।



रामकथा स्थल का निरीक्षण करती जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित।

### रामकथा 19 से, जिपं अध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** सदर तहसील के सरायरासी गांव में 19 मार्च से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन होगा। कथा आयोजन स्थल पर की जा रही तैयारियों का जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तैयारियों को लेकर निर्देश दिया। बताया कि पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठने और यातायात व्यवस्था को लेकर अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। सभी स्वंयसेवकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद भिनगा, जनपद श्रावस्ती**

संख्या : 993 / न0पा0परि0भिनगा /2026 दिनाक : 12 मार्च 2026

**कार्यालय ज्ञाप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भिनगा क्षेत्रान्तर्गत उत्सर्जित होने वाले कूड़ों एवं डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, एम0आर0एफ0 संचालन तथा यूजर चार्ज कलेक्शन व सर्वे आदि का कार्य सम्पादित किये जाने हेतु मेसर्स वेरटेक्शन इनोवेट प्रा0लि0, 402, 4 तल, रिवेरा हाईट्स जैमऊ गोमती विहार, लखनऊ को अधिकृत किया जाता है। नगर सीमान्तर्गत समस्त निवासियों के अपेक्षा की जाती है कि मेसर्स वेरटेक्शन इनोवेट प्रा0लि, 402, 4 तल, रिवेरा हाईट्स जैमऊ गोमती विहार, लखनऊ के कर्मचारियों का अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। सर्वे के दौरान सर्वेयर द्वारा आपके मकानों / दुकानों / छोटे एवं बड़े प्रतिष्ठानों के स्वामित्व से आधार कार्ड, पैन कार्ड, विद्युत बिल, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट में से कोई भी एक अभिलेख के साथ मोबाइल नम्बर तथा मकान या दुकान का क्षेत्रफल की मांग की जायेगी। उपरोक्त दस्तावेज या सूचना उन्ही कर्मचारियों को दें जिन कर्मचारी के पास नगर पालिका परिषद भिनगा के अधिशासी अधिकारी /सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षरयुक्त पहचान पत्र हो। आपके मकानों / दुकानों / छोटे एवं बड़े प्रतिष्ठानों से उत्सर्जित होने वाले कूड़ों के कलेक्शन का मासिक शुल्क एस0डब्ल्यू0एम0 (सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट) 2016 के नियमानुसार निर्धारित होगा। निर्धारित कलेक्शन शुल्क की आन–लाइन पावती / रशीद कर्मचारियों से प्राप्त करने के उपरान्त तत्काल नगद देय होगा।

अतः आप समस्त नगरवासी से अनुरोध है कि कृपया अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

**(डा0अनीता शुक्ला)**
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद भिनगा,
जनपद–श्रावस्ती ।


# भगवान ऋषभदेव के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**अयोध्या, कार्यालय**

**अमृत विचार:** रामनगरी के रायगंज क्षेत्र स्थित भगवान ऋषभदेव जैन मंदिर में जन्मोत्सव के साथ मोहक नाट्य के रूप में प्रस्तुत हुई। जिसमें न केवल स्वर्ग की आभा-प्रभा और वैभव का भान कराते मंच, बल्कि कलाकारों का परिधान, उनकी भाव-भंगिमा और सधा लोगों को आकर्षित किया। जन्मोत्सव की रस्म स्वर्ण जड़ित संदूक में भगवान ऋषभदेव की छोटी प्रतिमा प्राप्त किए जाने के साथ पूरी हुई। इसी के साथ मंदिर का विशाल प्रांगण मंगल गीतों, भांति-भांति के वाद्यों, पुष्प वर्षा और बधाई के आदान-प्रदान के प्रवाह से आच्छादित हो उठा। जैन धर्म की सर्वोच्च साध्वी ज्ञानमती माता और प्रज्ञाश्रमणी चंदनामती माता तथा दिगंबर जैन अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष एवं दर्जनों मंदिरों की श्रृंखला से युक्त पीठ के अधिपति रवींद्रकीर्ति स्वामी के मार्गदर्शन में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री अमरचंद जैन, मंत्री विजयकुमार जैन, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन, जैन दर्शन के मर्मज्ञ डॉ. जीवनप्रकाश जैन सहित उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र तक के हजारों श्रद्धालु शामिल रहे।

जैन मंदिर के पीठाधीश रवींद्रकीर्ति स्वामी ने बताया कि अयोध्या वैष्णवों के साथ जैन धर्म की भी आस्था के केंद्र में है। उन्होंने कहा, यह अनुभूति बहुत गौरवान्वित करती है कि श्रीराम प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के वंशज थे और कई अन्य तीर्थंकर श्रीराम की तरह इक्ष्वाकु वंश में ही पैदा हुए। कहा कि प्रथम तीर्थंकर के अलावा अयोध्या दूसरे तीर्थंकर अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर अभिनंदननाथ, पांचवें तीर्थंकर सुमतिनाथ तथा चौदहवें तीर्थंकर अनंतनाथ की भी जन्मभूमि है और यहां इनके मंदिर भी तीर्थ क्षेत्र कमेटी ने संरक्षित कर रखे हैं।

# फैमिली आईडी में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाए: सीडीओ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने सीएम डैशबोर्ड के तहत संचालित विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को समीक्षा की। सीडीओ ने निर्देश दिया कि पेंशन से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे और फैमिली आईडी में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाए।

- **सीएम डैशबोर्ड के आधार पर परियोजनाओं की समीक्षा**

सीएमआईएस पोर्टल पर फीड परियोजनाओं की प्रगति के तहत आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण, क्रीड़ा संकुल में छात्रावास निर्माण, सरयू नदी किनारे रैंप व जेटी निर्माण, धार्मिक पर्यटन स्थलों पर निर्माण कार्य, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वृहद गौ संरक्षण केंद्र, सीसी रोड निर्माण कार्य, इंटरलॉकिंग, डिजिटल एलईडी, संपर्क मार्ग, जालपा नाले का विकास कार्य, सामुदायिक पार्कों का सौंदर्यीकरण और मंडी स्थल पर पार्किंग निर्माण सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की गई। सीडीओ सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए कहा। कार्य पूर्ण परियोजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कराने का निर्देश दिया। बैठक में पीडी, सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### काव्य संध्या और होली मिलन का आयोजन

**रुदौली, अमृत विचार :** शिव शक्ति सेवा समिति शिवपुरम के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होली मिलन एवं सरस काव्य संध्या का आयोजन किया गया। शहर के प्रसिद्ध आचार्य दयाशंकर मिश्र ने संस्कृत भाषा में सरस काव्य पाठ किया।वरिष्ठ कवि नरसिंह नारायण पाण्डेय 'चंचल बलराम पुरी' की अध्यक्षता में आयोजित काव्य संध्या का संचालन आशीष शर्मा ने किया। मां सरस्वती की महिमा का गान चंदालाल राही ने किया। कवि विन्ध्यवासिनी प्रसाद मिश्र 'चंचल', पूनम तिवारी रांची, अशोक कुमार कौशल अशोक, चंदा लाल 'राही', डॉ. मनोज कौशल, विशाल तिवारी,सिद्दीकी मंजर, जिया लाल लोधी ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य संध्या के समापन पर सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिले। आयोजक राज कमल गुप्त मौसा ने आभार व्यक्त किया।

# गंगा वारियर्स व गोमती थंडर ने जीता लीग मुकाबला

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार:** अयोध्या प्रीमियर लीग टी-20 के दूसरे दिन गुरुवार को हुए लीग मुकाबलों में गंगा वारियर्स व गोमती थंडर टीमों ने जीत दर्ज कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने गंगा वारियर्स के ध्रुव प्रताप सिंह व गोमती थंडर के प्रियांशु पाण्डेय को मैन-ऑफ-द-मैच की ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया।

यूपीसीए के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही एपीएल टी-20 के दूसरे दिन दो लीग मुकाबले हुए। पहले मुकाबले में गोमती वारियर्स ने टॉस जीत कर यमुना सुपर किंग्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। यमुना टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 128 रन बनाये। इसमें विनायक निगम ने छह चौके व सात छक्के की मदद से शानदार 91 रन का योगदान दिया और नॉट आउट रहे। गोमती टीम के आतिफ, रितिक व अनमोल ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए गोमती टीम ने 10.1 ओवर में महज एक विकेट खोकर 130 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दर्ज की। हिमांशु सिंह ने आठ चौके व दो छक्के की मदद से 55, प्रियांशु पाण्डेय ने चार चौके व पांच छक्के की मदद से 51 रनों का योगदान दिया। यमुना टीम के एक मात्र सूर्य प्रताप एक विकेट लेने में कामयाब रहे। गोमती टीम के प्रियांशु मैन-ऑफ-द-मैच रहे।



एपीएल टी-20 लीग मुकाबले की विजेता गोमती वारियर्स के प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान करते आरएसओ अनिमेष सक्सेना।

- **अयोध्या प्रीमियर लीग टी-20 : ध्रुव प्रताप व प्रियांशु रहे मैन-ऑफ-द-मैच**

दूसरे मुकाबले में गंगा वारियर्स टीम ने टॉस जीत कर चंबल चैलेन्जर्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। चंबल टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवरों में आठ विकेट खोकर 135 रन बनाये। इसमें अनुज राजपूत ने छह चौके व दो छक्के की मदद से 41, आदित्य ने 26, अंकुर ने 20 रनों का योगदान दिया। गंगा टीम के विशाल, ध्रुव, सौरभ व पंकज ने दो-दो विकेट लिये। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी गंगा टीम ने 16.3 ओवरों में तीन विकेट शेष रहते मैच जीत लिया। कृष्णा साहू ने 51 रन, धुव ने 32 रनों का योगदान दिया। चंबल टीम के सचिन ने तीन, वत्सल ने दो व सौरभ ने एक विकेट लिया। गंगा टीम के ध्रुव प्रताप मैन-ऑफ-द-मैच रहे। डीसीए के जिला सचिव उमेर अहमद ने बताया कि 26 मार्च को प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व 27 को फाइनल मुकाबला होगा। इस अवसर पर आयोजन संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, उपक्रीड़ा अधिकारी, प्रशिक्षक, ऑफीसियल व खेल प्रेमी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर निगम अयोध्या**

पत्रांक : 1108/न0नि0 अयो0 / ई–निविदा / 2026 दिनांक : 12/03/2026

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा पुनरोद्धार /विस्तारीकरण एवं मेला मद की स्वीकृति के प्रत्याशा मे कुल 03 कार्यो (सी0सी0 सड़क एवं नाली एवं शौचालय हेतु) की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकते है। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग–अलग आनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Link-httbs:// emdnagarnigamayodhya.in/loginwithotp से अन्तरित करना होगा। तत्कम में ई–निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की बेबसाइट www:// etender.up.nic-in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 13.03.2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 24.03.2026 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 24.03.2026 दोपहर 04.00 बजे |

**मुख्य अभियन्ता**
नगर निगम अयोध्या

# 40 दिन चली यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल निपटी

## 18 फरवरी से 115 परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुये थे एग्जाम

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार :** जिले में 115 केंद्रों पर 18 फरवरी से चल रहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार को समाप्त हो गई। वहीं, 18 मार्च से कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य शुरू हो जाएगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने की संभावना है।

प्रथम पाली में हाईस्कूल संगीत गायन एवं इंटरमीडिएट लेखा शास्त्र (वाणिज्य वर्ग) एवं एनसीसी तथा द्वितीय पाली में हाईस्कूल पाली अरबी, फारसी एवं इंटरमीडिएट पाली, अरबी, फारसी की परीक्षा हुई। दोनों पालियों में 2748 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली बार जिले में एक भी नकलची नहीं पकड़ा गया जबकि गत वर्ष परीक्षा में 300 से अधिक नकलची पकड़े गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि तीन परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों को नोटिस दी गई और 22 कक्ष निरीक्षकों का लापरवाही पर एक दिन का वेतन बाधित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा लगातार परीक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।

- **दो दशकों में पहली बार एक भी नकलची नहीं मिला, 18 मार्च से मूल्यांकन की तैयारी**

## 1792 परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा 16 से, शामिल होंगे 1.46 लाख बच्चे

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के अधिसंख्य शिक्षक और शिक्षामित्र एसआईआर, पंचायत बीएलओ और यूपी बोर्ड परीक्षा में व्यस्त रहे। ये शिक्षक चार माह से स्कूलों नहीं गए हैं। करीब 50 फीसदी से ज्यादा स्कूल अकेले प्रधानाध्यापकों व एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। बच्चों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। 16 से 20 मार्च के बीच वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। ऐसे में जिले के 1792 परिषदीय विद्यालयों के 1.46 लाख बच्चे आधी-अधूरी पढ़ाई के बीच परीक्षा देंगे। शिक्षकों का कहना है कि चार माह से एसआईआर और पंचायत बीएलओ के काम में लगे होने से शिक्षक नहीं आए हैं। अधिसंख्य स्कूलों में अकेले प्रधानाध्यापक व एक शिक्षक बचे हैं। एक से पांच व छह से आठ के बच्चों को अकेले पढ़ाना तो दूर इन्हें संभालना मुश्किल होता है। नवम्बर से स्कूलों में बच्चों की नियमित कक्षाएं नहीं चली है। किसी भी कक्षा का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ है। बीएसए लालचंद ने कहा कि विभिन्न ड्यूटी के साथ साथ शिक्षकों और शिक्षा मित्र को स्कूल जाकर पढ़ाना भी था। देखा जाएगा ऐसा क्यों नहीं हुआ। वार्षिक परीक्षा की तैयारी पूरी है।

## पाती से नहीं बात तो होगा संसद का घेराव

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने टीईटी अनिवार्यता कानून को वापस लेने की मांग का राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्य न्यायाधीश को पोस्टकार्ड भेजना शुरू किया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश यादव ने बताया कि अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले शिक्षक साथियों के साथ पोस्ट कार्ड पर टीईटी अनिवार्यता को वापस लेने की गुहार लगाई है। कहा कि सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी तो संसद का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक संयोजक सोहावल उमाशंकर, सूरज प्रकाश, प्रेमकांत यादव, सुचित्रा श्रीवास्तव, महेंद्र कुमार आदि शिक्षक शामिल रहे।

## कैंट बस स्टैंड परिसर में भर रहा सीवर का गंदा पानी

अयोध्या कार्यालय



रोडवेज परिसर में फैला गंदा पानी।

**अमृत विचार:** अयोध्या कैंट बस स्टेशन परिसर में शौचालय के टैंक का गंदा पानी भर रहा है। यात्रियों को दूषित पानी में पैर रखने की मजबूरी बन रही है। नगर निगम ने यहां शौचालय का निर्माण का कराकर 27 नवंबर को हैंडओवर किया। छह महीने भी नहीं बीते सार्वजनिक शौचालय के सीवर टैंक जाम हो गया।

शौचालय का गंदा पानी स्टेशन परिसर में फैल रहा है। गुरुवार को बस पर चढ़ने के चक्कर में राम प्रवेश इसी पानी से होकर दौड़ पड़े। इसी तरह कई अन्य यात्री भी गंदे पानी के छीटे से परेशान हुए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडलीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि शौचालय के सीवर के गंदे पानी से यात्रियों के साथ कर्मचारियों को दिक्कत हो रही है। इसकी शिकायत निगम प्रशासन से की गई है।

**गर्मी में बिजली की अंधाधुंध इस्तेमाल रोकने के लिए पॉवर कॉर्पोरेशन तैयार**

# एसी और कूलर पर रहेगी सुपर प्लान की नजर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इस बार गर्मी के मौसम में बिजली की मांग और संभावित संकट से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक सख्त और व्यापक ''सुपर प्लान'' तैयार किया है। पिछले साल जून में पीक डिमांड 32,000 मेगावाट के पार पहुंच गई थी। इस साल भीषण गर्मी की आशंका है, जिससे एसी, कूलर और पंखों का अंधाधुंध इस्तेमाल बिजली ग्रिड पर भारी बोझ डाल सकता है। इसे लेकर पावर कार्पोरेशन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

पॉवर कॉर्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल के निर्देश पर यह प्लान बनाया गया है। जिसका मकसद है कि बिजली की खपत पर लगाम लगाई जाए। अनावश्यक कटौती के आपूर्ति सुधारू रहे और ग्रिड को स्थिर रखा जाए। प्लान के तहत विद्युत उपकेंद्रों पर विशेष सर्विलांस टीमें तैनात की जाएंगी। ये टीमें 24x7 नजर रखेंगी कि कहीं ओवरलोडिंग या अनधिकृत उपयोग तो नहीं हो रहा। साथ ही कॉलोनियों और मोहल्लों के मुख्य स्विच यार्ड पर पॉवर मॉनिटरिंग डिवाइस लगाए जाएंगे, जो रीयल-टाइम में खपत का डेटा केंद्रित कंट्रोल रूम को भेजेंगे। इससे तुरंत कार्रवाई संभव हो सकेगी।

- **विद्युत उपकेंद्रों पर विशेष सर्विलांस टीमें होंगी तैनात**

> हर साल बड़े पैमाने पर बिजली का दुरुपयोग होता है। जन सामान्य को संकट झेलना पड़ता है। इसलिए इस बार वृहद मानीटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। -बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।

प्लान की शुरुआत से पहले 25 मार्च तक बिजली खपत का सटीक आंकलन किया जाएगा। इसमें पिछले सालों के पैटर्न, मौसम पूर्वानुमान और क्षेत्रीय मांग का विश्लेषण शामिल होगा। इसके आधार पर एक अप्रैल से सख्त निगरानी शुरू हो जाएगी। यदि किसी क्षेत्र में खपत सीमा से ज्यादा होती दिखी, तो सर्विलांस टीम तुरंत जांच करेगी और जरूरत पड़ने पर चेतावनी जारी की जाएगी। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना या कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई हो सकती है।

अधिकारियों के अनुसार यह प्लान सिर्फ नियंत्रण का नहीं, बल्कि जागरूकता का भी है। लोगों से अपील कर रही है कि एसी को 24-26 डिग्री पर सेट करें। अनावश्यक लाइट्स-फैन बंद रखें और एनर्जी एफिशिएंट उपकरण इस्तेमाल करें। सोलर रूफटॉप जैसे विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि व्यक्तिगत स्तर पर भी बिजली बचत हो। सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता अशोक श्रीवास्तव का कहना है कि सुपर प्लान से उम्मीद है कि इस गर्मी में बिजली संकट से बचा जा सकेगा। आम जनता को बिना परेशानी के ठंडक मिलेगी और ग्रिड भी सुरक्षित रहेगा।



छावनी स्थित सीएमपी की मस्जिद में तरावीह मुकम्मल होने पर मौजूद रोजेदार।

## छावनी मस्जिद में पूरी हुई तरावीह

**अयोध्या, अमृत विचार :** पवित्र महीना रमज़ान अपने आखिरी अशरे (आखिरी दस दिनों) में समापन की ओर बढ़ रहा है। इस मुबारक महीने में तरावीह नमाज़ की फज़ीलत सबसे ऊँची मानी जाती है। इसी कड़ी में अयोध्या छावनी (कैंट) के सैन्य क्षेत्र में स्थित सी.एम.पी. मस्जिद में रमज़ान की तरावीह नमाज़ पूरी हो गई। तरावीह की नमाज़ हाफिज कारी मोहम्मद इस्माइल साहब ने पढ़ाई। कैंट के पूर्व पार्षद मोहम्मद अपील बबलू ने बताया कि नमाज़ के समापन के बाद मुल्क में तरक्की, खुशहाली, अमन-चैन और भाईचारे की दुआओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद इस्माइल, हाफिज जाने आलम, मोहम्मद नसीम खान, मोहम्मद शाहिद चांद, मोहम्मद शाकिब खान आदि लोग उपस्थित रहे।



दरगाह शीश अलैहिस्सलाम में आयोजित रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार।

## रोज़ा अफ्तार में मुल्क के लिए दुआएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणि पर्वत स्थित दरगाह हज़रत शीश अलैहिस्सलाम और बक्सरिया टोला स्थित दरगाह हज़रत मखदूम शेख़ शम्सुद्दीन फरियाद रस रहमतुल्लाह अलेह में प्रबंधक काशिफ़ शेख़ चौधरी और अयोध्या मुस्लिम अंजुमन के सहयोग से इफ़्तार का इंतज़ाम किया गया। वहीं दरगाहों पर 21 रमज़ान को शहादत-ए-मौलाए कायनात, फ़तेह ख़ैबर, दामाद-ए-रसूल, इमामुल औलिया हज़रत मौला अली अलैहिस्सलाम की याद में खास नज़र-ओ-नियाज़ अदा की गई और रोज़ा इफ़्तार का इज्तिमा हुआ। इसमें ग़ुलामाने पंजतन ने बड़ी संख्या में शिरकत की। जिसमें दरगाह हज़रत नियाज़ शाह, दरगाह रहीम शाह, दरगाह रहमान शाह (पुरानी सब्ज़ी मंडी), गुलाब शाह (जिला कारागार के बगल), छोटी-बड़ी दरगाह शाहिद मर्द बाबा लालबाग, ख़ानक़ाह तेगिया बख्शिया सलीमिया में आयोजन हुए। आयोजन पीरे तरीकत हज़रत हाफ़िज़ मोहम्मद जहूर शाह तेगी, सज्जादा नशीं ख़ानक़ाह तेगिया बख्शिया सलीमिया की सरपरस्ती में संपन्न हुए।

## नलकूप पर सो रहे वृद्ध की हत्या

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र में एक 80 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। उनका खून से लथपथ शव गांव के बाहर स्थित नलकूप पर मिला, जहां वह अक्सर सोते थे। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान लगड़ी पृथ्वीपुर गांव निवासी बहाउ पुत्र विदेशी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बहाउ बुधवार रात घर से खाना खाने के बाद गांव से लगभग 200 मीटर दूर अपने नलकूप पर सोने गए थे, गुरुवार सुबह जब बहाउ काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजन उन्हें देखने नलकूप पर पहुंचे। वहां उन्होंने बहाउ का शव बिस्तर पर खून से लथपथ पाया। उनके सिर और गले पर गंभीर चोटों के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका और पुख्ता हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हंसवर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार और फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। सीओ टांडा शुभम कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पर्यटन नीति के तहत अंबेडकरनगर में बनेगा होटल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद को जल्द ही एक भव्य होटल मिलने वाला है। प्रदेश सरकार के पर्यटन नीति के तहत इस होटल का निर्माण होने जा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने भूमि-पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

टांडा क्षेत्र में इनामिपुर फ्लाई ओवर के पास आजमगढ़ हाइवे पर होटल अनुग्रह पैलेस का जिलाधिकारी, जिला पंचातय अध्यक्ष और होटल के संरक्षक अनुराग वर्मा ने विधि-विधान से भूमि-पूजन किया। होटल अनुग्रह पैलेस का निर्माण दो करोड़ रुपए से अधिक की लागत से होगा। जिसमें बड़े-बड़े हॉल और कमरों की व्यवस्था होगी। होटल में आधुनिक सुविधाएं भी मौजूद होगी। इसका निर्माण तकरीबन छह माह में पूरा होने की उम्मीद है। पर्यटन नीति के तहत होटल व्यवसाय करने के लिए सरकार 25 प्रतिसत की सब्सिडी, महिला उद्यमी के लिए पांच प्रतिशत की अतिरिक्त सब्सिडी, सोलर लाइट पर सब्सिडी और जमीन की खरीद और धारा 80 करने सहित तमाम अन्य कार्यों पर छूट प्रदान करती है। भूमि पूजन के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा, उपयुक्त उद्योग एचपी मौर्य, अजय शर्मा, अखिलेश पटेल जिला उद्यमी मित्र, जिला पर्यटर्न अधिकारी अनुपम सिंह, टांडा ब्लॉक प्रमुख सुरजीत वर्मा, राइस मिल एसोशिएशन के अध्यक्ष राम अजोर वर्मा मौके पर उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी ने भूमि-पूजन कर किया शुभारंभ**



होटल अनुग्रह पैलेस का भूमि-पूजन करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा व होटल के संरक्षक अनुराग वर्मा।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु हो गई। यह घटना अकबरपुर-अयोध्या रेल मार्ग पर मखदूमपुर के पास हुई। बता दें कि बनगांव डिहवा निवासी संतोषी वर्मा 70 वर्ष पुत्र बुधु वर्मा सुबह करीब 9 बजे मखदूमपुर के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान अकबरपुर से लखनऊ की ओर जा रही इंटरसिटी ट्रेन आ गई और वह उसकी चपेट में आ गए। ट्रेन की टक्कर से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची जीआरपी और अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस मामले में विधिक कार्यवाही कर रही है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नाबालिग से दरिंदगी करने वाले तीन गिरफ्तार

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व नाबालिग बालिका से दरिंदगी करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन दरिंदो को गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार को थाना फूलपुर क्षेत्र से प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस को सूचना मिली कि रविवार को एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर कुछ युवकों ने एकांत स्थान पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार की देर रात पुलिस टीम ने टेऊगा पावर लोहिया मैदान के पास नोना बस्ती जाने वाले मार्ग के मोड़, ग्राम टेऊगा से तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शिवम भारती, नीरज कुमार और विशाल निवासीगण ग्राम खानपुर चितरावल थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## सड़क हादसे में छह घायल, 4 की हालत गंभीर

**टांडा, अंबेडकरनगर।** इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में एनटीपीसी-मया मार्ग पर कार और वैन की आमने-सामने भिड़ंत में एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कार सवार दो लोग वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गए। बता दें कि गुरुवार को एनटीपीसी-मया मार्ग पर आमने-सामने की टककर में एक कार और वैन भिड़ गईं। जिसमें एक ही परिवार के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर इब्राहिमपुर थाना के उपनिरीक्षक शिवकुमार मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस पहुंचने में देरी होने पर स्थानीय समाजसेवी अरविंद यादव ने अपनी निजी कार से सभी घायलों को टांडा सीएचसी पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज में भी चार लोगों की हालत नाजुक बताई गई। इनमें आदित्य 20 वर्ष, सक्षम 9 वर्ष, बासू 4 वर्ष और बृजेश 39 वर्ष शामिल हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं आंचल 38 वर्ष और पूजा 36 वर्ष का इलाज महामाया मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का करें निस्तारण : भारतेन्दु प्रकाश

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में चन्द्रोदय कुमार जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए गुरुवार को एडीआर भवन जनपद न्यायालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने की। जबकि इस अवसर पर शैलेश कुमार मौर्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी उपस्थित रहे। बैठक में आलोक दत्त उपाध्याय जिला विकास अधिकारी, फूलचन्द यादव सहायक आयुक्त स्टाम्प तथा विनोद कुमार वाणिज्यिक कर अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विभागों के अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन वादों को चिन्हित कर सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराने का प्रयास करें और सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## मैरिज हॉल के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर गांव स्थित एक मैरिज हॉल के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। शादी समारोह में शामिल होने गए युवक की मोटरसाइकिल कार्यक्रम के दौरान ही चोरी हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि नगपुर निवासी दयाराम ने पुलिस को दिए गए लिखित शिकायती पत्र में बताया कि बीते आठ मार्च को उनका पुत्र नीरज गुप्ता मोटरसाइकिल से नगपुर स्थित एक मैरिज हॉल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल मैरिज हॉल के बाहर खड़ी कर दी थी। शादी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब वह घर लौटने के लिए बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं थी। मोटरसाइकिल गायब देख वह आसपास काफी देर तक खोजबीन करता रहा, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।

## रमजान के तीसरे अशरे जहन्नम से आजादी दिलाने वाले हैं

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** रमजान के तीसरे और आखिरी अशरे के बारे में जानकारी देते हुए अल्हाज मौलाना मुहम्मद हबीब-उर-रहमान नूरी प्रिंसिपल मदरसा निदाऐ-हक ने कहा कि रमजान के आखिरी अशरे सोच-विचार और रहमतों से भरे होते हैं। अगर पूरे महीने को इकट्ठा किया जाए, तो ऐतकाफ की महानता, लैलातुल कद्र की ताकत, रातों की बरकतें और खैबर की जीत के योद्धा की शहादत भी इसमें शामिल हैं।

रमजान की हर रात दस लाख लोग जहन्नम से आजाद होते हैं। आखिरी दिन अल्लाह तआला अपने नेक बंदों पर ऐसी रहमत बरसाता है कि वह उन्हें पूरे महीने से ज़्यादा माफ करता है और जहन्नम से आज़ाद करता है। इस मौके पर मेरी आपसे एक और गुजारिश है कि अगर सही लगे तो महीने के आखिरी दस दिनों में खाने का हिस्सा कम कर दें और गरीबों और जरूरतमंदों की ईद में रंग भरने में लग जाएं। यह एक बड़ा दान है, कोई दूसरा काम इस रहमत का मुकाबला नहीं कर सकता। यह एक बड़ी कामयाबी है। अगर आप इन्हें ईद की खुशियों में शामिल कर लें तो आपका काम पक्का है क्योंकि ईद की असली खुशी तभी पूरी होती है जब खुशियां कमजोर तबके तक पहुंचे।



मौलाना मुहम्मद हबीब-उर-रहमान नूरी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास, 36 हजार रुपये अर्थदंड

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 36 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद गुरुवार को विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय द्वारा सुनाया गया। जानकारी के अनुसार मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप में वर्ष 2016 में मालीपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में थाना क्षेत्र के ज्योतिपुर समैसा गांव निवासी विष्णु उपाध्याय पुत्र राम लखन को आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान मालीपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर माननीय विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 36 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# महिला जनसुनवाई में आई सात शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।



सर्किट हाउस में महिलाओं की शिकायतें सुनतीं महिला आयोग की सदस्य गीता बिन्द व साथ में मौजूद अन्य।

कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, मारपीट तथा दहेज उत्पीडऩ से जुड़े कुल 07 मामले सामने आए। सभी मामलों को सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी निस्तारण करने के निर्देश दिए गए, ताकि पीडि़त महिलाओं को समय पर न्याय मिल सके। जनसुनवाई के उपरांत विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीएमओ, सीओ भीटी लक्ष्मीकांत मिश्र, महिला थाना प्रभारी ज्योति वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से डीसी लालचन्द्र, जिला कार्यक्रम कार्यालय से माया त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से रेनू वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकम कौशल, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, संरक्षण अधिकारी प्रीति सिंह, कनिष्ठ सहायक अमृता तिवारी सहित जिला प्रोबेशन कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जानकारी** | **जनपद के कुल 44 एजेंसियों पर 13 हजार से अधिक गैस सिलेंडर हैं उपलब्ध, अब सीएससी केंद्रों पर भी होगी गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी**

# जनपद में एलपीजी की होम डिलीवरी व्यवस्था लागू

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन स्टॉक की मॉनिटरिंग की जा रही है, जनपद के कुल 44 एजेंसियां हैं, जिन पर गुरुवार को कुल 13 हजार से अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।

एलपीजी समस्या से संबंधित उपभोक्ताओं के समस्याओं के स्थाई समाधान के दृष्टिगत संपूर्ण जनपद में होम डिलीवरी सिस्टम को लागू कर दिया गया है और सभी एलपीजी वितरकों को होम डिलीवरी सिस्टम का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 9 से 11 बजे के बीच गैस सिलेंडर की बुकिंग से संबंधित नंबरों पर अधिक दबाव होने के कारण कभी-कभी समस्याएं आती हैं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के समय हॉकर को ओटीपी उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अतः बुकिंग के समय पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को सुरक्षित रखें। जिलाधिकारी ने बताया कि समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर प्रतिदिन 8-8 घंटे की दो शिफ्ट कार्मिकों प्रथम शिफ्ट पूर्वाह्न 6 बजे से अपराह्न 2 बजे तक ज्योतिमां कनिष्ठ सहायक मोबाइल नंबर 7355654363 तथा अपराह्न 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक अमित कुमार चौबे कनिष्ठ सहायक मोबाइल नंबर 8787066712 की ड्यूटी लगाई गई है।



कलेक्टर सभागार में एलपीजी वितरकों और अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में एडीएम ज्योत्सना बंधु।

### ओवररेटिंग पर होगी सख्त कार्रवाई

जिलाधिकारी ने कहा कि गैस की जमाखोरी या ओवररेटिंग की शिकायत प्राप्त संबंधित के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तथा मॉनीटरिंग के लिए मजिस्ट्रेट्स, राजस्व एवं पुलिस कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी जन सेवा केंद्र सीएससी पर भी गैस कनेक्शन के ई-केवाईसी करने की सुविधा उपलब्ध है। उपभोक्ता अपने निकटतम सीएससी केंद्र पर पहुंचकर केवाईसी करवा सकते हैं।

## जिलाधिकारी एलपीजी वितरण व्यवस्था को लेकर सख्त

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्टर सभागार में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु की उपस्थिति में एलपीजी की समस्याओं के संबंध में जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त पूर्ति निरीक्षकों, ऑयल मार्केटिंग कंपनियों बीपीसीएल, एचपीसीएल और आइओसीएल के प्रतिनिधियों, समस्त एलपीजी वितरकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी एलपीजी वितरकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर का सीधे उनके घर पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया की बुकिंग के उपरांत गैस एजेंसियों पर आने वाले उपभोक्ताओं को तत्काल टोकन उपलब्ध कराया जाए, टोकन में गैस सिलेंडर के उनके घर पर डिलीवरी किए जाने के समय सीमा अंकित हो। जिलाधिकारी ने सभी एलपीजी वितरकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी गैस एजेंसी पर भीड़ न लगे।

सत्य सांई
आवश्यकता है
गायत्री पब्लिक स्कूल
रेवतीगंज अयोध्या
योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)
इंग्लिश/हिंदी मीडियम
मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820

## बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए पूर्व मंत्री

**सुलतानपुर।** एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में गुरुवार को सुनवाई हुई लेकिन आरोपी बयान दर्ज कराने हाजिर नहीं हुए। विशेष लोक अभियोजक कालिका मिश्र ने बताया मामले में स्पेशल जज एमपी-एमएलए न्यायाधीश राकेश की अदालत में अभियोजन साक्ष्य की कार्रवाई समाप्त हो गई है। अब अगली नियत तारीख 28 मार्च पर आरोपियों के बयान दर्ज होंगे। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 की घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# बंजर जमीन से 'वैदहा मॉडल स्कूल' तक का सफर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर शिक्षा क्षेत्र का मॉडल प्राथमिक विद्यालय वैदहा आज जिले के आदर्श विद्यालयों में शुमार है, लेकिन करीब एक दशक पहले इसकी स्थिति बिल्कुल अलग थी। वर्ष 2015 में जब प्रधानाध्यापिका कांति सिंह ने यहां कार्यभार संभाला, तब विद्यालय परिसर झाड़ियों और गंदगी से घिरा हुआ था। करीब 5000 वर्गफुट क्षेत्र में फैला यह स्कूल बंजर जमीन जैसा दिखाई देता था और कक्षाओं में चूहों का बसेरा था। दोस्तपुर विकास खंड के खालिसपुर दुर्गा (छीत्तेपट्टी) की निवासी कांति सिंह ने एक सितंबर 2015 को यहां प्रधानाध्यापक पद संभाला। उस समय विद्यालय तक पहुंचना भी आसान नहीं था। उन्हें प्रतिदिन करीब चार किमी पैदल चलकर स्कूल आना पड़ता था। शुरुआती दिनों में परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और विद्यालय को नई पहचान देने का संकल्प लिया। कांति सिंह ने शिक्षामित्रों और ग्राम प्रधान के सहयोग से सबसे पहले विद्यालय की बाउंड्री वाल बनवाई। पौधरोपण अभियान चलाकर बंजर जमीन को हरियाली से भर दिया। पढ़ाई के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। हर शनिवार को खेलकूद गतिविधियां शुरू की गईं और नियमित रूप से स्कूल आने वाले बच्चों को पेन, कॉपी और चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया।



प्रधानाध्यापिका कांति की मेहनत ने बदली तस्वीर

विद्यालय में बच्चों का जन्मदिन मनाने की परंपरा भी शुरू की गई। मोबाइल और तकनीक की मदद से बच्चों को योग व जिम्नास्टिक सिखाई गई, जिससे कई छात्र-छात्राओं ने न्याय पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रयास का परिणाम रहा कि पहले आदर्श विद्यालय और बाद में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का दर्जा मिला।

### बच्चों ने कला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई मंचों पर सम्मान प्राप्त किया

सामुदायिक सहयोग भी विद्यालय के विकास में अहम रहा। बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व मैनेजर शिव प्रसाद ने विद्यालय को प्रोजेक्टर उपलब्ध कराया। बच्चों ने कला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और साहित्यिक गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई मंचों पर सम्मान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका कांति सिंह की मेहनत और समर्पण का परिणाम यह रहा कि वर्ष 2022-23 में उन्हें राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा वे राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता, आदर्श शिक्षक सम्मान, कोरोना योद्धा सम्मान, मिशन शक्ति सम्मान सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुकी हैं। आज मॉडल प्राथमिक विद्यालय वैदहा न केवल शिक्षा बल्कि खेल, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। यह विद्यालय इस बात का उदाहरण है कि अगर शिक्षक समर्पण और लगन से काम करें तो बंजर जमीन भी एक दिन सफलता की हरियाली से भर सकती है।

## कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**भदैंया, सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के वजूपुर कुड़िया गांव में गुरुवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिलने से हड़कंप मच गया। गांव निवासी अनिल निषाद (26) बुधवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शंका हुई। उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो अनिल का शव पंखे के हुक से लाल रंग की साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जिला जज ने रैली को हरी झंडी दिखाई

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** 14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जनपद में वृहद प्रचार प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को प्रचार वाहन के साथ मोटर साइकिल रैली को जिला जज सुनील कुमार ने दीवानी परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बार अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, लीगल एड डिफेंस चीफ तारकेश्वर सिंह, डिप्टी चीफ नागेंद्र सिंह, एडीजे राकेश पांडेय, संन्ध्या चौधरी, निशा सिंह समेत अन्य न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी ने बताया कि जनमानस में राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए और बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों के निपटारे हेतु वाद को संबंधित न्यायालय से मिलकर लगवाए जिससे समय से निपटारा किया जा सके।




विधिक सेवा प्राधिकरण की रैली को हरी झंडी दिखाते जिला जज व बार अध्यक्ष। ● अमृत विचार

## स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आचार्य चाणक्य महाविद्यालय महमूदपुर सेमरी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के विशेष शिविर के अंतर्गत गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सेमरी बाजार होते हुए सिसौड़ा तक पहुंची और वहां से वापस लौटकर अपने-अपने शिविर स्थल पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरी तथा प्राथमिक विद्यालय नगईपुर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जागरूकता नारे लगाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया। रैली का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.पी. पांडे तथा एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शिवमणि दुबे और शरद पाठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान करना बेहद जरूरी है।




# अपहरण व दुष्कर्म में दोषी को 20 साल कारावास

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश/ एफटीसी द्वितीय विजय कुमार गुप्ता की अदालत ने गुरुवार को किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म समेत अन्य आरोपो से जुड़े मामले में अपना फैसला सुनाया। अदालत ने दोषी पर 28 हजार अर्थदण्ड भी लगाया है। विशेष लोक अभियोजक अभिषेक त्रिपाठी के मुताबिक लम्भुआ थाने के एक गांव की रहने वाली किशोरी की माँ ने 24 अप्रैल साल 2023 को स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उनकी गैर मौजूदगी में उनकी बेटी रिश्तेदारी जाने की बात पड़ोसियों से कहकर निकली और अपने घर वालो से यह बात बताने को कहा। घर पहुँचने पर जब उन्हें जानकारी मिली तो उन्होंने अपनी रिश्तेदारी में पता किया तो उनकी बेटी वहां नहीं पहुँची थी। खोजबीन करने पर पता चला कि लम्भुआ थाने के समहुता खुर्द का रहने वाले आरोपी सूरज कोरी वादिनी की पुत्री को बहलाकर अपहरण कर लिया है। मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान अपहरण व दुष्कर्म के आरोप की पुष्टि हुई। अदालत ने आरोपी सूरज को अपहरण व दुष्कर्म सहित अन्य अपराध में दोषी मानते हुए 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

## संजय सिंह के केस में नहीं दर्ज हो सकी गवाही

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह समेत अन्य के खिलाफ एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रहे मुकदमे में गुरुवार को एफआईआर लेखक अजीत पांडेय व विवेचक अनूप सिंह से जिरह की कार्रवाई नहीं हो सकी। यह जानकारी विशेष लोक अभियोजक कालिका प्रसाद ने दी।

## राहुल गांधी मानहानि प्रकरण में नया मोड़, आवाज के नमूने की जांच की मांग, सुनवाई 23 मार्च को

**सुलतानपुर।** सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए विशेष अदालत में महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। परिवादी पक्ष ने अदालत में अर्जी दाखिल कर सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच के लिए राहुल गांधी के वॉयस सैंपल को विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अदालत में दायर प्रार्थना पत्र में कहा कि प्रस्तुत सीडी में दर्ज ऑडियो-वीडियो में मौजूद आवाज की पुष्टि के लिए राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेकर उसकी वैज्ञानिक जांच कराई जानी आवश्यक है। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि इस अर्जी पर नियत तिथि पर आपत्ति दाखिल की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत- शुकुलपुर विकास खंड - करौंदीकला (सुलतानपुर)**

पत्रांक: मेमो/गौशाला चारा/निविदा/2026-27 दिनांक - 12/03/2026

**अति अल्प कालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026 - 27 में ग्राम पंचायत शुकुलपुर विकास खंड करौंदीकला में संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण हेतु (हरा/सूखा) चारे की व्यवस्था करने के लिए गेहूं का भूसा, पुआल (धान), एवं हरा चारा जिसमें (मक्का, बाजरा, जई, वरसीम एवं ज्वार) का समय-समय पर क्रय किया जाना है। जिसकी दरें प्रति कुंटल निर्धारित करने एवं दरों में एकरूपता बनाए रखने के लिए न्यूनतम दरों वाली फर्म के चयन हेतु विभिन्न फर्मो/एजेंसियों से निविदा दिनांक 13.03.2026 से दिनांक 27.03.2026 को 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 27.03.2026 को सायं 4:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अथवा अद्योहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत एवं नामित अधिकारी द्वारा खोली जाएगी, यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा प्रपत्र बिल ऑफ क्वांटिटी दिनांक 13.03.2026 से 27.03.2026 तक (राजकीय अवकाश छोड़कर) कार्यालय अवधि में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त की जा सकती है।

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत शुकुलपुर विकास खंड करौंदीकला (सुलतानपुर)

**एल&टी फाइनान्स लिमिटेड**
(पहले एल&टी फाइनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के रूप में ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय:** एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग, प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सडीज़ शोरूम के पास, सांताक्रुज़ (पूर्व), मुंबई 400 098
**सीआईएन नं.:** L67120MH2008PLC181833
**शाखा कार्यालय:** उत्तर प्रदेश

L&T Finance

**सोना नीलामी की सूचना**

एतद्द्वारा सभी संबंधितों की जानकारी हेतु सूचित किया जाता है कि कंपनी की निम्नलिखित शाखाओं में संबंधित कर्ज संख्याओं के अंतर्गत गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों, जिनका मोचन कराया जाना बकाया था और जिन्हें कंपनी द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद संबंधित ग्राहकों द्वारा अब तक नहीं चुकाया गया है, उनकी नीलामी कंपनी के संबंधित शाखा कार्यालयों में **सोमवार 23 मार्च 2026** को निम्नलिखित विवरणों के अनुसार की जाएगी:-

1. सहारनपुर शाखा - एल&टी फाइनान्स लिमिटेड, 2ए 1095, भीम राव अंबेडकर मार्ग, क्लॉक टॉवर के पास, मुख्य चौक, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश. पिन कोड - 247001. फ़ोन - 9875942895 कर्ज संख्या - 163210000006732 (समय सुबह 11:00 बजे).

कृपया ध्यान दें कि यदि किसी कारणवश नीलामी उपरोक्त दिनांक पर पूरी नहीं हो पाती है, तो यह बिना किसी पूर्व सूचना के **30 मार्च 2026** को उसी स्थान और समय पर आयोजित की जाएगी.

ध्यान दें: संबंधित ग्राहक नीलामी के दिनांक से पहले आभूषणों को मुक्त करवा सकते हैं.

ध्यान दें: एल&टी फाइनान्स प्रायवेट लिमिटेड के पास अपने विवेकाधीन, किसी भी कर्ज खाते के अंतर्गत किसी भी आभूषण को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी सूची से हटाने का अधिकार है.

ध्यान दें: बोलीकर्ताओं से निवेदन है कि वे पहचान पत्र, पैन कार्ड और पंजीकृत डीलरों के मामले में टिन नंबर प्रस्तुत करें. सफल बोलीकर्ता से पूरी नीलामी की राशि तुरंत आरटीजीएस/किसी अन्य अनुमत माध्यम से कंपनी को हस्तांतरित करने का निवेदन किया जाता है.

हस्ता./-
**प्राधिकृत अधिकारी**
एल&टी फाइनान्स लिमिटेड के लिए

उपरोक्त सूचना के बारे में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया 1800 268 0000 पर या संबंधित शाखा से संपर्क करें.

**दिनांक:** 13.03.2026
**स्थान:** उत्तर प्रदेश

### न्यूज ब्रीफ

## डिस्चार्ज अर्जी पर हुई सुनवाई

**सुलतानपुर।** फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने समेत अन्य आरोपों से जुड़े मामले में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी के मामले में सहदृआरोपी सगे भाई लल्लू प्रसाद सोनी, लालजी सोनी, पुजारी लाल सोनी व संगम लाल सोनी द्वारा दाखिल डिस्चार्ज (उन्मोचन) अर्जी पर गुरुवार को एसीजेएम चतुर्थ भव्या श्रीवास्तव की अदालत में सुनवाई हुई। वही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर उत्पीड़क कार्रवाई न करने की मांग की तथा कहा कि हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करना है। परिवादी के वकील अजीजुर्रहमान ने चन्द्रमा देवी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट व कुर्की का आदेश देने की मांग की। परिवादी घनश्याम सोनी की तहरीर पर आरोप है कि तत्कालीन अध्यक्ष चन्द्रमा देवी व सह आरोपियों ने अनुचित लाभ के उद्देश्य से फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर लाभ दिलाने का प्रयास किया था। मामले में कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा है।

## जमानत खारिज

**सुलतानपुर।** कादीपुर थानाक्षेत्र के तवकलपुर नगरा में नौ माह पूर्व विजय प्रकाश व उनके परिवार पर जानलेवा हमला करने के आरोपी सुनील सिंह की जमानत अर्जी न्यायाधीश राकेश पांडेय ने खारिज कर दी। वहीं दो अन्य आरोपियों अनिल सिंह व मनोज सिंह ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए दायर की गई अग्रिम जमानत अर्जी भी कोर्ट ने खारिज कर दी है।

## भगवान शिव-पार्वती विवाह कथा सुन रोमांचित हुए लोग

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र बल्दीराय के ग्राम सभा दरियापुर के पूरे नेवल सिंह में स्थित बाबा दुलदुल दास की कुटी पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पीठ से पूजा बैरागी ने कहा कहा कि हमारे जीवन का संचालन इन्हीं अवाहित देवी-देवताओं की कृपा से होता है और उनकी कृपा से ही जीवन में मंगल और कल्याण संभव है। राजस्थान के कोटा से पधारी कथा वाचिका पूजा बैरागी ने चौथे दिवस की कथा में शुकदेव जी के जन्म, राजा परीक्षित के जन्म, परीक्षित को श्राप तथा भगवान शिव-पार्वती विवाह की कथा को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रमुख रूप से शिव प्रसाद पांडे, रामदीन तिवारी, संतराम तिवारी, वेदप्रकाश तिवारी, मनोज मिश्र, सत्य प्रकाश वर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, शिवलाल यादव धर्म राज प्रजापति, जोगेशर पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया।



## समाज कल्याण के कनिष्ठ सहायक पर केस दर्ज

**सुलतानपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल एक स्क्रीनशॉट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शहजाद समेत अन्य लोगों ने एस पी को शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र के माध्यम से समाज कल्याण विभाग में तैनात कनिष्ठ सहायक अभिषेक गिरि के व्हाट्सएप स्टेटस द्वारा विशेष समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक और साम्प्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। नगर कोतवाल संदीप कुमार राय ने बताया कि कनिष्ठ सहायक अभिषेक गिरि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# ग्रामीण डाक सेवकों को किया सम्मानित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को शहर के पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में प्रयागराज रीजन की डाक निदेशक प्रीति अग्रवाल ने ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक राजेश कुमार तिवारी, सहायक डाक अधीक्षक प्रकाश चंद्र तिवारी, पवन कुमार मिश्रा, एसडीआई दीपक मौर्य, डाक निरीक्षक पवन कुमार तिवारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। पीओएसबी बचत खाता खोलने में अनिल कुमार तिवारी पोस्टमास्टर भाईं प्रथम स्थान पर रहे। कादीपुर उपमंडल से इंदू सिंह, विजय दुबे व चंद्रमणि शुक्ला तथा अमेठी उपमंडल से शीतला प्रसाद पाठक को भी सम्मानित किया गया। डाक जीवन बीमा में दिलीप कुमार तिवारी (बीपीएम बरसड़ा) प्रथम, बीपीएम परसरा डढ़वा द्वितीय तथा दुर्गेश श्रीवास्तव (बीपीएम मंगरौली) तृतीय स्थान पर रहे। स्पीड पोस्ट बुकिंग में बंधुआ कला के बीपीएम सुरेशचंद्र शुक्ला प्रथम स्थान पर रहे। डाक निदेशक प्रीति अग्रवाल ने सभी कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।




## शिकोहाबाद में कवयित्री डॉ. निरुपमा सम्मानित

**सुलतानपुर।** चर्चित कवयित्री डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव को अवधी भाषा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए शिकोहाबाद में आयोजित महिला सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। साहित्य, संगीत और कला को समर्पित संस्था शब्दम् द्वारा संस्कृति भवन सभागार में महिला सम्मान समारोह एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. निरुपमा श्रीवास्तव ने अवधी भाषा में एकल काव्य पाठ प्रस्तुत किया, जिसे श्रोताओं ने काफी सराहा। उन्होंने अपनी रचना 'दुख जौ न होये जीवन मा सुख कै परिभाषा का होए, सरबस जौ पूरी रहा बोला कौनो अभिलाषा का होए। जौ रात न होने अंधियारी तौ चमके चांद कहा नभ मा..' सुनाकर उपस्थित लोगों को अवधी भाषा और लोक संस्कृति से जोड़ दिया।




## गैस सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़, लंबी कतार में खड़े रहे उपभोक्ता

**लंभुआ, सुलतानपुर।** लंभुआ स्थित एचपी गैस एजेंसी पर गुरुवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही सैकड़ों लोग एजेंसी के बाहर लंबी कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए, जिससे पूरे परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडरों की सप्लाई सीमित होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी देर तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। कई लोग सुबह से ही एजेंसी पर पहुंच गए थे, लेकिन भीड़ अधिक होने की वजह से उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा। इस दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति भी बनती दिखाई दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय पर पर्याप्त संख्या में गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं सनोज कुमार पुत्र ठाकुरदीन पता 62/9 बी भाभा नगर सनिगवा रोड कानपुर नगर उ0 प्र0 मैने अपने पुत्र का नाम श्रेयस सनोज निषाद पुत्र सनोज कुमार का नाम परिवर्तित करके अभिराज सिंह कर दिया है। अतः श्रेयस सनोज निषाद के स्थान पर परवर्तित नाम अभिराज सिंह के नाम से संम्बोधित किया जाए।

**सूचना**
सूचित किया जाता है की मैने पी.एन.बी. मेट लाइफ से पालिसी 21396035 कराया था। जिसमे मेरे पिता का नाम लखिलेश लिखा है जो की गलत है। जबकि हमारे समस्त डाक्युमेंट पैन, आधार और बैंक मे राम अभिलाख लिखा है। जिसे सत्य माना जाये। **प्रयाग दत्त पुत्र राम अभिलाख ग्राम पुरे बसई चितई जिला गोंडा**

**सूचना**
मेरा नाम उमेश सिंह है पासपोर्ट में जैसराज सिंह लिख गया है मेरा ही दोनों नाम है, **उमेश सिंह पुत्र ओमकार सिंह सोमरहा ,रेहरा बाजार बलरामपुर**

**सूचना**
मैं **रईस अहमद पुत्र अब्दुल मजीद, निवासी 371/129, सुल्तानपुर गढैइया,, थाना सआदतगंज, लखनऊ, उ0प्र0,** मैं अपने छोटे पुत्र शब्बीर अहमद व उसकी पत्नी राजिया के गलत चाल चलन से अत्याधिक शारीरिक व मानसिक रूप पीड़ित रहता हूँ उन दोनों का चालो चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मुझसे गाली गलौज व लड़ते झगड़ते रहते है, जान से मारने की धमकी देते हैं उनकी इन हरकतो से तंग आकर अपने छोटे पुत्र शब्बीर अहमद व उसकी पत्नी राजिया के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उपरोक्त से कोई वास्ता व सरोकार नही रहेगा, उपरोक्त छोटे पुत्र व पुत्रवधू के समस्त क्रिया कलापों एवं खराब आचरण के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
मेरा बैंक आफ़ बड़ौदा खाता सं0 00610100039493 में नाम गायत्री व पता शुक्लागंज दक्षिण उन्नाव अंकित है। सही नाम गायत्री शुक्ला पुत्री स्व0 रामसुन्दर तथा पता मं. सं. 4/139, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, राजधानी मार्ग, नेतुवा, उन्नाव है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**Public Notice**
I Mohammad Wafi Ansari s/o Mohammad Akhtar r/o Khatrana road near champa devi Raebareli U. P. Have changed my name and shall hereafter be known Mohd Wafi Ansari S/O Mohd Akhtar

**सूचना**
हमारे आधार कार्ड सहित समस्त पहचान अभिलेखों में मेरा नाम सर्वेश कुमार मौर्य अंकित है, जबकि मेरी पत्नी सुष्मिता मौर्य के पासपोर्ट में सर्वेश मौर्य लिखा है। हमें इन दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता है। अतः मेरी पत्नी के पासपोर्ट में मेरा नाम सर्वेश कुमार मौर्य अंकित किया जाना आवश्यक है। **सर्वेश कुमार मौर्य पुत्र राम सुन्दर मौर्य निवासी मौर्य क्लॉथ स्टोर शांति नगर पानी टंकी के पास लालगंज जिला रायबरेली उ0 प्र0।**

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में मेरा नाम SHAHID ALI अंकित है। मेरी पत्नी MARIYAM TAHIRA, पुत्र MOHAMMAD AHMAD व पुत्रियों TUBA SHAHID एवं TAYYABA SHAHID के आधार कार्ड, पासपोर्ट आदि में मेरा नाम SYED SHAHID ALI अंकित है। SHAHID ALI व SYED SHAHID ALI दोनो नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे ही हैं। **शाहिद अली पुत्र अनवार अली निवासी-425/019 ए, बिस्मिल नगर अम्बर गंज, लखनऊ।**

आयोजन

### पहले दिन विभिन्न खेलों के हुए कड़े मुकाबले, प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया

# कुश्ती बालक वर्ग के भार वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खेल निदेशालय के तत्वावधान में स्थानीय स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न खेलों के मुकाबले आयोजित किए गए। क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने किया।



पहले दिन जूनियर बालक-बालिका वर्ग में बास्केटबॉल तथा बालक वर्ग में कुश्ती, हैंडबॉल, हॉकी और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं कराई गईं। दिहैंडबॉल बालक वर्ग में कुल आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला एमजीएस और स्टेडियम के बीच खेला गया, जिसमें स्टेडियम की टीम ने 12-10 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। वहीं, हॉकी के फाइनल में एमएसवी और स्टेडियम के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें स्टेडियम ने 3-2 से जीत हासिल की। बास्केटबॉल बालिका वर्ग के फाइनल में बेसिक की टीम ने करसा जयसिंहपुर को 8-4 से हरा खिताब पर कब्जा जमाया।

कुश्ती बालक वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। 45 किलो भार वर्ग में आदित्य कुमार द्वितीय, लक्ष्मण निषाद तृतीय और आशुतोष उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहे। 48 किलो भार वर्ग में गोलू निषाद प्रथम, दिव्यांश यादव द्वितीय और अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। 51 किलो वर्ग में मोहम्मद अर्श प्रथम, अक्षांश पटेल द्वितीय और आदित्य निषाद तृतीय रहे। 57 किलो वर्ग में काली प्रसाद मिश्रा प्रथम, अंकित कुमार द्वितीय और रियांशु जायसवाल तृतीय स्थान पर रहे। 61 किलो वर्ग में शादाब खान प्रथम, अमित पाल द्वितीय और राहुल सिंह तृतीय स्थान पर रहे, जबकि 70 किलो वर्ग में फैजान प्रथम, सौरभ कुमार द्वितीय और कमलेश दुबे तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर भाजयुमो अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने कहा कि खेलों से शरीर का संपूर्ण विकास होता है। प्रतियोगिता के पहले दिन विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप यादव और मुनेंद्र मिश्र ने किया। निर्णायक के रूप में इरशाद खान, जे.पी. तिवारी, राकेश सिंह, संदीप यादव और समरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# भोर से लाइन, दोपहर तक गैस एजेंसियों पर ताला

## डिलीवरी मैसेज के बाद भी घरों तक नहीं पहुंचाये गये सिलेंडर, घंटों कतार में खड़े रहे उपभोक्ताओं में आक्रोश

bनवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत है या जमाखोरी, आम उपभोक्ता बेहाल है। गुरुवार को नवाबगंज कस्बे में स्थित दोनों गैस एजेंसियों पर सैकड़ों लोग भोर से ही लाइन में लगे रहे, लेकिन दोपहर तक एजेंसियों के गेट पर ताला लटका मिला।

कस्बे की भार्गव भारत गैस एजेंसी से जुड़े कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज आ चुका है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। टिकरी गांव से गैस लेने आए विशाल ने बताया कि उन्होंने छह मार्च को सिलेंडर बुक कराया था और मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज भी आ गया, लेकिन कई घंटे लाइन में खड़े रहने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल सका। वहीं बल्लीपुर गांव के अंकित ने बताया कि उनके पिता बलिकरन के नाम से एजेंसी पर कनेक्शन है। बुकिंग के बाद किताब और पैसा भी जमा है, लेकिन दो दिन से एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिला। कस्बे के चाईटोलां मोहल्ला निवासी छिनमना ने बताया कि पहले एजेंसी से होम डिलीवरी मिल जाती थी, लेकिन इस बार बुकिंग के बाद भी सिलेंडर नहीं पहुंचा। वहीं बुजुर्ग महिला नसीमा बानो ने भी बुकिंग के बाद गैस डिलीवरी नहीं होने की शिकायत की। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब उपभोक्ताओं के मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज आ रहा है, तो उनके हिस्से के घरेलू गैस सिलेंडर आखिर जा कहां रहे हैं।



नवाबगंज में भार्गव गैस एजेंसी में लटक रहा ताला, फिर भी लाइन में लगे उपभोक्ता। ● अमृत विचार

### सर्वर ठप होने से तीन दिन से गैस वितरण प्रभावित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से रसोई गैस वितरण व्यवस्था प्रभावित है। बुकिंग सर्वर ठप होने के कारण उपभोक्ताओं का डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) जनरेट नहीं हो पा रहा है। इसके चलते गैस एजेंसियों के गोदामों में सिलेंडर उपलब्ध होने के बावजूद उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पा रही है। नगर स्थित मनोकामना इंडियन गैस सर्विस से जुड़े करीब 30 हजार उपभोक्ता इस समस्या से प्रभावित बताए जा रहे हैं। उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन सर्वर समस्या के चलते उन्हें गैस नहीं मिल पा रही है। वहीं छतईपुरवा स्थित सकरौरा इण्डेन गैस एजेंसी के 15000 उपभोक्ताओं को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों के अनुसार बिना डीएसी कोड के सिलेंडर देना नियमों के विरुद्ध है, इसलिए वितरण नहीं किया जा रहा है। सर्वर ठीक होने के बाद ही आपूर्ति सामान्य हो सकेगी। इस बीच शादियों के सीजन में गैस की कमी से होटल, ढाबा और वैवाहिक कार्यक्रमों की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। हलवाइयों का कहना है कि गैस न मिलने से भोज की तैयारी में परेशानी हो रही है। एजेंसी संचालकों ने समस्या की जानकारी संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दी है। उनका कहना है कि सर्वर की तकनीकी समस्या दूर होते ही गैस वितरण सामान्य कर दिया जाएगा।

### कालाबाजारी रोकने की मांग, बार एसो. ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग और रिफिलिंग में आ रही समस्याओं तथा कथित कालाबाजारी को लेकर बार एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को डीएम से मिला और ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी ने किया, जबकि संचालन महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। ज्ञापन में अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि गल्फ देशों में चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव, विशेषकर ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच युद्ध जैसी स्थिति के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की बात कही जा रही है। इसका लाभ उठाकर कुछ असामाजिक तत्व गैस एजेंसियों से सांठगांठ कर बुकिंग गैस की रिफिलिंग में कालाबाजारी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपभोक्ताओं की समय पर बुकिंग नहीं की जा रही है और न ही नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जा रही है। महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय ने डीएम से मांग की कि अधिकारियों को निर्देशित कर गैस बुकिंग और रिफिलिंग की व्यवस्था सुचारु कराई जाए। डीएम ने आश्वासन दिया कि गैस बुकिंग और रिफिलिंग से संबंधित समस्याओं के समाधान को गैस एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। जल्द ही समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में सिविल बार एसो. के महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी, श्रीभगवान पाण्डेय, उमेश प्रताप मिश्र सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सिलेंडर न मिलने की उपभोक्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

लौव्वाबीरपुर गांव निवासी सुभाष यादव मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है। उन्होंने जिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि उनका भार्गव गैस एजेंसी पर कनेक्शन नंबर 508767922 है। सुभाष यादव का आरोप है कि 10 मार्च को उनके मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी का मैसेज आ गया, लेकिन सिलेंडर नहीं मिला। जब वह जानकारी लेने एजेंसी पहुंचे तो एजेंसी की प्रोपराइटर आभा भार्गव ने कथित तौर पर उन्हें धमकाते हुए सिलेंडर देने से मना कर दिया। सुभाष यादव ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह एजेंसी के सामने आत्मदाह करने को विवश होंगे, जिसकी जिम्मेदारी एजेंसी प्रोपराइटर पर होगी।

### गैस किल्लत की शिकायत पर एसडीएम ने एजेंसियों पर की छापेमारी

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती परेशानियों और एजेंसियों पर लग रही लंबी लाइनों के बीच उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह ने तरबगंज और बेलसर स्थित गैस एजेंसियों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें शांत कराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है और सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, लेकिन गलत अफवाहों के कारण लोग परेशान हो रहे हैं और अचानक भीड़ बढ़ रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें, अफवाहों पर ध्यान न दें और गैस बुकिंग कराने के बाद ही एजेंसी पर पहुंचें। सभी को सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस एजेंसी द्वारा किसी प्रकार से परेशान किया जाता है तो वह तत्काल प्रशासन को सूचित करें। शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बाहर से गैस की आपूर्ति कुछ समय के लिए कम होने की खबर फैलने से अफवाहें फैल गईं, जिसके कारण एजेंसियों पर अचानक भीड़ बढ़ गई। फिलहाल स्थिति सामान्य है और कहीं भी गैस की कोई समस्या नहीं है।



गैस एजेंसी का निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### कंपोजिट विद्यालय मंगुरही में वार्षिकोत्सव आयोजित



छात्राओं को पुरस्कृत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय मंगुरही में गुरुवार को वार्षिकोत्सव र उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक रवि कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। ग्राम प्रधान शमशाद तथा एसएमसी अध्यक्ष उमेश दत्त मिश्र ने फीता काटकर कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पेन व कॉपी देकर सम्मानित किया गया। वहीं वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शिक्षक नवनीत ने टॉस उछालकर कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर योगेंद्र मिश्र, नरेंद्र सिंह, बीना, रामगोपाल तिवारी, खुशनुमा, ज्योति मिश्रा, अरुण कुमार सहित कई अभिभावक मौजूद रहे।

### किसानों के बीच शोध छात्र ने किया कृषि सर्वेक्षण

**बालपुर, गोंडा, अमृत विचार :** लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपालग्राम में सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज के शोध छात्र (प्रसार) कुलदीप सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न गांवों में किसानों के बीच कृषि सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने किसानों की फसल उत्पादन प्रणाली, उन्नत कृषि तकनीकों के अपनाने की स्थिति, कीट एवं रोग प्रबंधन, उर्वरक उपयोग तथा कृषि से जुड़ी विभिन्न समस्याओं का अध्ययन किया। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. सुधांशु ने बताया कि शोध छात्र कुलदीप सिंह का यह अध्ययन किसानों के बीच उन्नत कृषि तकनीकों के प्रभावी प्रसार, कृषि नवाचारों के मूल्यांकन और कृषि विस्तार तंत्र को मजबूत बनाने में सहायक होगा।

### मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला 14 व 15 मार्च को

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी केतत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 14 मार्च व15 मार्च को परसपुर स्थित तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज में किया जाएगा। परसपुर मण्डल अध्यक्ष वंश बहादुर सिंह ने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यशाला शनिवार दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर रविवार दोपहर 1 बजे तक चलेगी। कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, सभासद सहित मंडल क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### फार्मर रजिस्ट्री को किसानों को किया जा रहा जागरूक




प्रचार वाहन को रवाना करतीं डीएम। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** जनपद के शत-प्रतिशत किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से आच्छादित करने के उद्देश्य से डीएम प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट परिसर से फार्मर रजिस्ट्री के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के सभी विकासखंडों में पहुंचकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ के बारे में जागरूक करेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, धान व गेहूं की सरकारी खरीद, फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड सहित खेती से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर ही दिया जाएगा। किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जनसेवा केंद्रों के साथ-साथ कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग के कर्मचारियों की भी मदद मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन के प्रयासों से जनपद में अब तक 70 प्रतिशत से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, एसडीओ कृषि शिव शंकर चौधरी आदि थे।

# कोर्ट के आदेश पर 4 पर हत्या का केस

- संदिग्ध परिस्थितयों में व्यक्ति की मौत का मामला गरमाया

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के नगवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। मृतक की पत्नी की शिकायत पर अदालत के आदेश से पुलिस ने एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगवा गांव के गोसाई पुरवा निवासी रेनू पत्नी स्व. रामजग उर्फ लल्लन ने आरोप लगाया है कि उसके पति का गांव की रहने वाली मीना के घर कई वर्षों से आना-जाना था। पीड़िता का कहना है कि उसका पति मीना के प्रभाव में रहता था और उसी के कहने पर उसने घर की जमीन व अन्य संपत्ति भी बेच दी थी। रेनू के अनुसार वह अपने पति को मीना के घर जाने से रोकती थी, लेकिन वह उसकी बात नहीं मानते थे। आरोप है कि बीते वर्ष 27 अगस्त को मीना ने उसके पति को अपने घर बुलाया, जहां मीना ने अपने पिता गंगाराम तथा भाइयों राजू चौहान और साजू चौहान के साथ मिलकर साजिशन उनकी हत्या कर दी। पीड़िता का आरोप है कि हत्या के बाद आरोपियों ने शव को दुल्लापुर क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक के किनारे फेंक दिया। अगले दिन 28 अगस्त को राहगीरों से उसे सूचना मिली कि उसके पति का शव रेलवे लाइन के पास पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

महिला का कहना है कि घटना के बाद उसने थाने में शिकायत दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने अदालत की शरण ली।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर मीना, गंगाराम, राजू चौहान और साजू चौहान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खंभे में उतरे करंट से किशोरी की मौत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम नकहरा में बुधवार शाम बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से किशोरी की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नकहरा निवासी स्व. पंचम लाल की पुत्री कामिनी (14) घर से कुछ सामान लेने दुकान गई थी। लौटते समय रास्ते में लगे बिजली के खंभे को छू लिया। उसमें करंट उतर रहा था। करंट की चपेट में आने से वह मौके पर ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्त के अनुसार ग्रामीणों ने रास्ते में खंभे के पास किशोरी को पड़ा देखा। ग्रामीणों ने उसे उठाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# चलती बाइक पर गिरा पेड़, अधेड़ की मौत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** सड़क किनारे खड़ा सूखा कटहल का पेड़ अचानक गिर पड़ा, जिसकी चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दबकर मौत हो गई। मछली बाजार चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई।

महेवानानकार गांव निवासी रामचंद्र पाल (45) पुत्र भग्गल शुक्रवार शाम करीब चार बजे बाइक से घर से निकले थे। वह तामापार में स्थित अपनी जमीन को देखने जा रहे थे। जैसे ही वह अमघटी के पास शांति फिलिंग सेंटर से कुछ दूरी आगे पहुंचे, तभी सड़क किनारे खड़ा सूखा कटहल का पेड़ अचानक गिर पड़ा और वह उसके नीचे दब गए। जब तक लोग उन्हें निकाल पाते, तब तक उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची मछली बाजार चौकी पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के दो बेटे अंकित (12 वर्ष) और शिवांश (8 वर्ष) हैं। हादसे की खबर मिलते ही पत्नी कविता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




करनैलगंज में मतदाता जागरूकता रैली निकालते एनएसएस के स्वयंसेवक।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** गुरुवार को सरयू डिग्री कॉलेज द्वारा संचालित एनएसएस के विशेष शिविर के छठवें दिन के प्रथम सत्र में पवन कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान किरण, रोहित, रोशनी, तान्या, साक्षी, आरती और अंजलि सहित स्वयंसेवकों ने लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। द्वितीय सत्र में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं कचरा प्रबंधन विषय पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरबी सिंह रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्षा जल संचयन, नल को अनावश्यक खुला न छोड़ना तथा भूजल पुनर्भरण जैसे उपाय अपनाकर पानी की बचत की जा सकती है। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ. त्रिपुरारी दूबे तथा डॉ. ममता मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन जगन्नाथ तिवारी ने किया, जबकि पवन मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए अगले दिन के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूनम, अंजली, रुचि, रोहित केवट, कपिल, कोमल, अर्चना, सृष्टि, निधिका शर्मा, वंदना, तान्या सहित अनेक स्वयंसेवक और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गयी जान

- मई में होना था विवाह, मातम में बदलीं शादी की खुशियां

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्राम कुर्मी बरवालिया निवासी 19 वर्षीय युवक की गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक गोरखपुर से लौट रहा था। बताया जा रहा है कि आगामी पांच मई को युवक की शादी तय थी और घर में तैयारियां चल रही थीं।

ग्राम कुर्मी बरवालिया निवासी राम बहाल का पुत्र विशाल बुधवार को किसी कार्य से गोरखपुर गया था। गुरुवार सुबह लौटते समय करनैलगंज स्टेशन के पास रेल पटरी पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से मोबाइल फोन व रेल टिकट मिला, जिससे उसकी पहचान विशाल के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि विशाल की शादी तय हो चुकी थी और पांच मई को बारात जानी थी। घर में मांगलिक कार्यक्रमों की तैयारी चल रही थी। अचानक हुई घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# दरोगा भर्ती परीक्षा की तैयारियों का आईजी ने लिया जायजा

**गोंडा, अमृत विचार :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की आगामी लिखित परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक ने गुरुवार को जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, तलाशी व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में संपन्न कराने के लिए निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते आईजी अमित पाठक। ● अमृत विचार

आईजी ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नकल पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

**एएसपी ने भी किया निरीक्षण :** 14 व 15 मार्च को होने वाली पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। गुरुवार को एएसपी मनोज कुमार रावत ने जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### आयुक्त व आईजी ने नवरात्र मेले की व्यवस्थाएं देखीं

**गोंडा, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र मेला सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील और पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने गुरुवार को तुलसीपुर स्थित मेला स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, प्रवेश व निकास मार्ग तथा सीसीटीवी निगरानी व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जरूरी प्रबंध समय रहते सुनिश्चित कर लिए जाएं।


शिलान्यास | विधायक अजय सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन सहित अधिकारियों ने किया भूमि पूजन

# पाल्हापुर में बनेगा पंचायत उत्सव भवन

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर चचरी स्थित मैदान में गुरुवार को पंचायत स्तर पर बनने वाले उत्सव भवन का समारोह पूर्वक शिलान्यास किया गया। 1.38 करोड़ से बनने वाले पंचायत उत्सव भवन की आधारशिला विधायक अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने संयुक्त रूप से रखी।

विकास खंड का यह पहला और इकलौता उत्सव भवन है, जो पंचायत स्तर पर बनाया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित समारोह में इसकी औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक अजय सिंह ने कहा कि शहरों में मैरिज हॉल और समारोह भवन की सुविधा उपलब्ध रहती है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ऐसे आयोजनों के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर उत्सव भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे आम लोगों को सुविधा मिल सकेगी। इसकी देखरेख और जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के पास रहेगी।



भूमि पूजन करते विधायक, डीएम व सीडीओ। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि फिलहाल पाल्हापुर चचरी में उत्सव भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही जनपद के अन्य विकास खंडों में भी ऐसे भवनों के निर्माण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि पंचायत स्तर पर उत्सव भवन का निर्माण ग्रामीणों के लिए खुशी की बात है। इससे गांव के लोगों को भी शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, तहसीलदार अनुज कुमार पाल, ग्राम प्रधान अंजना सिंह सहित कई प्रधान, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जमीन विवाद में युवक की मौत के मामले में तीन गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** कौड़िया थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त दो डंडे भी बरामद किए गए हैं। कौड़िया पुलिस टीम ने आर्यनगर छितौनी नहर के किनारे सड़क से आरोपी सूरज उर्फ रक्षाराम बाजपेयी (24), शिवम बाजपेयी (20) और ओमप्रकाश बाजपेयी (45) निवासी ग्राम रुकमंगदपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 7 मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने वादी महेश बाजपेयी के घर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने महेश के भाई रमेश समेत अन्य लोगों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में रमेश और मंगल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 9 मार्च को रमेश की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में गैर-इरादतन हत्या की धारा बढ़ा दी। कौड़िया पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दो डंडे बरामद कर लिए। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव, कांस्टेबल विजयभान यादव, ॠषित कुमार व प्रेमप्रकाश शामिल रहे।

### महंगाई से आम आदमी परेशान : नीलम



महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करतीं नीलम यादव। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की सांगठनिक बैठक गुरुवार को गोंडा में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम यादव शामिल हुईं। बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नीलम यादव ने कहा कि आज महिलाएं महंगाई और असुरक्षा की दोहरी मार झेल रही हैं। रसोई गैस, दाल, तेल और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की सरकारें महंगाई और महिला सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर ठोस कदम उठाने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ छेड़छाड़, हिंसा और अत्याचार की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मंजू देवी ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा अज्जू पंडित, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रेखा जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवीपाटन धाम में मुख्यमंत्री ने की मां पाटेश्वरी की पूजा

## थारू छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रों को मन लगाकर पढ़ने को किया प्रेरित, गौशाला में गायों को खिलाया गुड़ व हरा चारा

तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार रात शक्तिपीठ देवीपाटन में विश्राम करने के बाद गुरुवार सुबह विधि-विधान से मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना की। प्रातःकाल मंदिर पहुंचकर उन्होंने श्रद्धा भाव से माता के दर्शन किए और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को अपने हाथों से हरा चारा और गुड़ खिलाया। इस दौरान गौसेवा को भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा बताते हुए उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थित थारू छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रह रहे बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उनकी पढ़ाई-लिखाई तथा रहने की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बच्चों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी से चैत्र नवरात्र मेले की तैयारियों के संबंध में से जानकारी ली। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।


मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार


देवीपाटन मंदिर परिसर स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

## देवीपाटन मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी बेहतर परिवहन सुविधा, 40 बसें चलाने की तैयारी

**बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन धाम में चैत्र नवरात्र पर लगने वाले राजकीय मेले को लेकर परिवहन विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 19 मार्च से शुरू होने वाले इस एक माह के मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रोडवेज की लगभग 40 बसें चलाने की योजना बनाई गई है। साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए तुलसीपुर शहर में अस्थायी बस अड्डा भी बनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र के दौरान देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ नेपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने विशेष व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। अस्थायी बस अड्डे से विभिन्न मार्गों के लिए बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सीधे अपने गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा मिल सके। बलरामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि मेले के दौरान बसों के संचालन के लिए बस्ती, सिद्धार्थनगर, लखनऊ, बहराइच, गोंडा, बलिया, अयोध्या, बाराबंकी और रुपईडीहा समेत कई डिपो के एआरएम को पत्र भेजकर सहयोग मांगा गया है। मेले के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की जा सकती है। अस्थायी बस अड्डे में कर्मचारियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके अलावा बसों के समय और मार्ग की जानकारी देने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। वरिष्ठ केंद्र प्रभारी तरन्नुम ने बताया कि श्रद्धालुओं को बसों के आवागमन और समय की जानकारी देने के लिए दो स्थानों पर पूछताछ केंद्र बनाए जाएंगे। एक पूछताछ केंद्र देवीपाटन मंदिर परिसर में तथा दूसरा अस्थायी बस अड्डे के पास स्थापित किया जाएगा। यहां तैनात कर्मचारी यात्रियों को मार्ग, बसों के समय और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देंगे जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सहूलियत मिल सके।

## बलरामपुर का नया आधिकारिक प्रतीक चिह्न योगी को किया गया भेंट

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद बलरामपुर की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक आस्था और प्राकृतिक विरासत को दर्शाने वाला नया आधिकारिक प्रतीक चिह्न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट किया गया। जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में मुख्यमंत्री को यह प्रतीक चिह्न भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतीक चिह्न जिले की समृद्ध विरासत और पहचान को सुंदर ढंग से प्रदर्शित करता है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रतीक चिह्न केवल एक चित्र नहीं बल्कि बलरामपुर की सांस्कृतिक गहराई, कृषि परंपरा और प्राकृतिक संपदा का प्रतीक है। इसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि जिले की प्रमुख विशेषताएं एक ही चिह्न में दिखाई दें। प्रतीक चिह्न में दर्शाया गया गन्ने का डंठल जनपद की मजबूत कृषि व्यवस्था और गन्ना उत्पादन में उसकी प्रमुख पहचान को दर्शाता है। वहीं शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के प्रतीक स्वरूप दर्शाए गए दिव्य नेत्र और तिलक जिले की आस्था और आध्यात्मिक परंपरा को प्रदर्शित करते हैं। प्रतीक चिह्न के निचले भाग में बनी नीली तरंगें राप्ती नदी का संकेत हैं, जिसे इस क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता है और जो यहां की उपजाऊ भूमि को पोषित करती है। इसके साथ ही प्रतीक चिह्न में अंकित बाघ के पंजे का निशान सोहेलवा वन्यजीव अभयारण्य की समृद्ध जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनपद की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



मुख्यमंत्री को बलरामपुर का प्रतीक चिन्ह प्रदान करते डीएम व एसपी।

पूरे प्रतीक चिह्न को अंग्रेजी वर्णमाला के 'बी' अक्षर के आकार में तैयार किया गया है, जो बलरामपुर के नाम के साथ-साथ आस्था, उर्वरता और प्राकृतिक सामंजस्य की भूमि को एक सूत्र में जोड़ता है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने बताया कि इस प्रतीक चिह्न का उपयोग अब जनपद की पहचान के रूप में विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, जिला स्तरीय आयोजनों और सार्वजनिक प्रदर्शनों में किया जाएगा। इससे नागरिकों में जनपद के प्रति गौरव की भावना और अधिक मजबूत होगी तथा बलरामपुर की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ होगी।

## ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित


होली मिलन समारोह में एक-दूसरे को अबीर लगाकर बधाई देते ब्लॉक प्रमुख व अन्य।

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने की। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल और फूल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का पर्व है। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब की यही पहचान है कि लोग एक-दूसरे से गले मिलकर खुशियां बांटते हैं। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार आर्य ने कहा कि नफरत की आग चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, वह मानवता के रंग के सामने कमजोर पड़ जाती है। इसलिए समाज में भाईचारा और एकता बनाए रखना जरूरी है। समारोह में प्रधान संघ अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद मिश्र ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान ग्राम प्रधान मंगलदेव सिंह, नंदकुमार वर्मा, मोनू सिंह, धनीराम वर्मा, शिवकुमार, उमेश यादव, मोबीन, सनाउल्लाह सहित कई जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सत्यापन कार्य का आयुक्त व डीएम ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील और जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने नई बस्ती और अलीजानपुरवा मोहल्लों तथा विकासखंड बलरामपुर के ग्राम विशुनापुर के खमउवा में घर-घर जाकर चल रहे सत्यापन कार्य का जायजा लिया और नागरिकों से संवाद कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने व संशोधन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एडीएम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल का ताला तोड़ इन्वर्टर व सोलर बैटरी चोरी

**महराजगंज तराई, बलरामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय रानीजोत तिवारी में चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया। घटना 10 मार्च की रात की बताई जा रही है। प्रधानाध्यापक अजय कुमार मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चोरों ने विद्यालय तथा प्रधानाध्यापक कक्ष का ताला तोड़कर वहां रखी पांच सोलर बैटरियां, इन्वर्टर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। सुबह विद्यालय पहुंचने पर कक्ष का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा था। प्रधानाध्यापक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## मजदूर सभा जिलाध्यक्ष का नजरबंद करने का आरोप

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद दौरे के दौरान समाजवादी मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव को प्रशासन द्वारा नजरबंद किए जाने का आरोप लगाया गया है। विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि वे नगर पालिका परिषद में दुकान आवंटन प्रक्रिया में आर्थिक रूप से कमजोर दुकानदारों के लिए प्रतिभूति राशि माफ या कम करने तथा मीट व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहते थे। उनका आरोप है कि इससे पहले ही प्रशासन ने उन्हें नजरबंद कर दिया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि गरीब दुकानदारों के साथ अन्याय बंद नहीं हुआ तो समाजवादी मजदूर सभा जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## लोक अदालत के प्रचार को जागरूकता वाहन रवाना

**बलरामपुर, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के त्वरित निस्तारण और वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने कहा कि लोक अदालत आपसी सहमति से विवादों के निपटारे का प्रभावी माध्यम है। इसमें छोटे फौजदारी मामले, बैंक वसूली, वैवाहिक विवाद और दीवानी मुकदमे सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी लोक अदालत सुमित प्रेमी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। जागरूकता वाहन तहसीलों व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा।

## पुलिस ने बालक को खोजकर परिजनों को सौंपा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सादुल्लानगर पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एक 11 वर्षीय बालक को खोजकर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। गुरुवार को सादुल्लानगर स्थित डिग्री कॉलेज के पास एक बालक के मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंची और बालक को अपने संरक्षण में ले लिया। बालक की पहचान ग्राम पोटाकला थाना बरखेड़ा जनपद पीलीभीत, हाल पता ग्राम मद्दौचौरा थाना सादुल्लानगर के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने बालक के परिजनों को सूचना देकर बुलाया और औपचारिकताएं पूरी कर बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार यादव, महिला उपनिरीक्षक तेजल पटेल, कांस्टेबल उमेश पासवान, महिला कांस्टेबल शिवांगी भार्गव और पूजा चौधरी की भूमिका रही।

## बनते ही उखड़ रही है बनाई जा रही सड़क

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मंडी समिति के अंशदान से करीब एक करोड़ 57 लख रुपए से बनाई जा रही ढाई किमी लंबी सड़क बनने के साथ ही उखड़ रही है ।यह कहना हमारा नहीं है बल्कि इस सड़क की मानक विहीन गुणवत्ता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सिसई गांव के जूनियर हाई स्कूल से दुर्गापुर जाने वाली सड़क करीब एक करोड़ 57 लख रुपए की लागत से बनाई जा रही है। ढाई किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण में मानक और गुणवत्ता की जमकर धज्जी उड़ाई जा रही है। बनने के साथ ही सड़क हाथ से आसानी से उखड़ जा रही है। क्षेत्र के एक व्यक्ति ने नई सड़क के हाथ से उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण में मानक और गुणवत्ता की धज्जी उड़ाई जा रही है। तारकोल की मात्रा न के बराबर है इसी वजह से सड़क बनते ही हाथ से उखड़ने लगी है। क्षेत्रवासी रजनीश पांडे, प्रमोद मिश्रा, अंकित वर्मा,पवन वर्मा, बरसाती चौरसिया,श्याम बहादुर,जितेंद्र तिवारी, जगमोहन, मनीष, अजय, आकाश तिवारी, जमुना यादव, धर्मेंद्र तिवारी, रमेश,श्यामू,रामू, महेश व सुनील तिवारी ने डीएम से मामले की जांच कर कर संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में संबंधित ठेकेदार पंकज सिंह ने बताया कि ताजी बनी हुई सड़क कोई भी उखाड़ सकता है ।सड़क अभी फिक्स नहीं हुई थी इसलिए उखड़ गई। काम ईमानदारी से किया जा रहा है । सारे आरोप निराधार व बेबुनियाद है।


हाथ से उखड़ रही बनाई जा रही सड़क।

# सिलेंडर के लिए एजेंसियों-गोदामों पर लगीं लंबी कतारें

**बलरामपुर अमृत विचार :** जिले में रसोई गैस की आपूर्ति और बुकिंग व्यवस्था प्रभावित होने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। पिछले दो दिनों से तकनीकी समस्या के कारण गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसियों और गोदामों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। गुरुवार को भी शहर के कई गैस गोदामों और एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि मोबाइल के माध्यम से बुकिंग करने की सुविधा बंद होने के कारण उन्हें सीधे एजेंसियों पर पहुंचना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि बुकिंग के लिए आवश्यक संदेश भी मोबाइल पर नहीं पहुंच रहा है, जबकि एजेंसियां बिना पुष्टि के सिलेंडर देने से मना कर रही हैं। जिले में प्रतिदिन लगभग 15 से 20 हजार उपभोक्ता रसोई गैस सिलेंडर की मांग करते हैं। ऐसे में बुकिंग व्यवस्था बाधित होने से गैस एजेंसियों पर अचानक दबाव बढ़ गया है। एजेंसी संचालक अपने स्तर से व्यवस्था संभालने की कोशिश कर रहे हैं। गुरुवार को शहर के गोंडा मार्ग स्थित भारत गैस एजेंसी तथा सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर भी भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं राप्ती गैस सर्विस के गोदाम के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। कई उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़े रहे, लेकिन दोपहर तक भी सिलेंडर मिलने की उम्मीद कम ही दिखाई दी। इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को बताया कि यदि आज बुकिंग कराई जाती है तो सिलेंडर की पर्ची लगभग पांच दिन बाद जारी होगी।



गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार

## पचपेड़वा में रसोई गैस को लेकर हाहाकार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में रसोई गैस की कमी से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फुटकर दुकानदारों पर सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप लग रहे हैं। गुरुवार को बनघुसरी स्थित भारत गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी रही। उपभोक्ता सब्बू खान, अजय आदि का आरोप है कि सिलेंडरों को कालाबाजारी के लिए अलग रख दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिला। एजेंसी संचालक के पति नईम खान ने बताया कि बुधवार को 342 सिलेंडरों का ट्रक आया था, जिसे देर रात तक वितरित कर दिया गया। अगली खेप आने पर उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

## करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**तुलसीपुर बलरामपुर, अमृत विचार :** आनंदमार्ग मोहल्ला निवासी कर अधिवक्ता सत्य प्रकाश गुप्ता के पुत्र कान्हा (12) की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। कान्हा घर की छत पर खेल रहा था। इसी दौरान छतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार संभवतः कटकर बालकनी में लगे लोहे के खंभे से स्पर्श कर रहे थे, जिससे पूरी रेलिंग में करंट उतर आया। खेलते समय जैसे ही कान्हा का हाथ लोहे के पावे से छुआ, वह करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## वकीलों का आंदोलन जारी एसडीएम ने की जनसुनवाई

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील परिसर में गुरुवार को एक ओर अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा, वहीं दूसरी ओर तहसील के सभी कार्यालय और न्यायालय खुले रहे। एसडीएम नेहा मिश्रा स्वयं तहसीलदार अतुल कुमार पाल व नायब तहसीलदार के साथ बैठकर जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनती रहीं।

एसडीएम ने बताया कि सभी फरियादियों की शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण कराया जा रहा है। अधिवक्ताओं के आंदोलन के चलते न्यायालयों में नियमित सुनवाई प्रभावित हो रही है। उधर अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने गुरुवार को भी धरना जारी रखा। अधिवक्ताओं की पांच सदस्यीय टीम डीएम से मिलने के लिए गोण्डा पहुंची। इस टीम में बार एसो. अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल, धर्मेंद्र मिश्र, सत्य नारायण सिंह, अरविंद शुक्ल और शिवचंदर सिंह शामिल रहे। टीम ने बताया कि डीएम ने सोमवार को एडीएम को मध्यस्थता के लिए भेजकर वार्ता कराने का आश्वासन दिया है। तब तक धरना जारी रहेगा। प्रदर्शन में पवन कुमार शुक्ल, बृजनाथ सिंह, अरुण मिश्रा, त्रिलोकी नाथ तिवारी, हृदय नारायण मिश्र, वीरेंद्र विक्रम तिवारी, जीत लाल गोस्वामी, चंद प्रकाश तिवारी, राघवेंद्र तिवारी, अतुल मिश्र, राम सजीवन तिवारी आदि थे।

## सांड़ के हमले से ग्रामीण घायल

**मसकनवा, गोंडा, अमृत विचारः** छपिया क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर तिवारी पुरवा में सांड़ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को गांव निवासी जगत नारायण तिवारी पर अचानक एक सांड़ ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के भतीजे रजनीश तिवारी ने बताया कि गांव में लंबे समय से एक सांड़ का आतंक है। गुरुवार को अचानक सांड़ ने जगत नारायण तिवारी पर हमला कर दिया। हमले में वह घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# पारदर्शिता से संपन्न कराएं परीक्षा

- पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का आयुक्त व जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**बलरामपुर अमृत विचार :** 14 एवं 15 मार्च को मुख्यालय के 6 केंद्रों पर आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील तथा डीएम विपिन कुमार जैन ने एमएलके स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, प्रवेश द्वार, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का गहन अवलोकन किया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या अनियमितता न होने पाए और अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का जायजा लेते आयुक्त, जिला अधिकारी व अन्य।

**निर्देश** | एमएलसी साकेत मिश्रा व डीएम ने महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

# बेहतर ढंग से संचालित करें स्वास्थ्य सेवाएं

**बलरामपुर अमृत विचार :** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एमएलसी साकेत मिश्रा और जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सदस्य विधान परिषद और जिलाधिकारी ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर ढंग से संचालित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, अल्ट्रासाउंड कक्ष, प्रसवोत्तर वार्ड तथा मरीजों और तीमारदारों की सुविधा के लिए बनाए गए रैन बसेरा का भी अवलोकन किया। अधिकारियों ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा उपकरणों और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. ए.के. शुक्ला, सीएमएस डॉ. सुमन दत्त गौतम, डॉ. सारिका साहू तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश वर्मा सहित अन्य चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।


जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करते एमएलसी, डीएम और अन्य। ● अमृत विचार


शिक्षक एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

## शिक्षक एमएलसी देवेंद्र प्रताप ने लिया टेट अनिवार्यता खत्म कराने का संकल्प

**गोंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र वजीरगंज पर आयोजित प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में गोरखपुर-फैजाबाद स्नातक क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों पर टेट अनिवार्य किए जाने के फैसले को समाप्त कराने के लिए संगठन के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने 2004 बैच के विशिष्ट बीटीसी, उर्दू बीटीसी और बीटीसी शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने का मुद्दा उठाया। बीआरसी पहुंचने पर ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश पांडे, ब्लॉक मंत्री आनंद देव सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री मनोज शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री बलवंत सिंह सहित शिक्षकों ने एमएलसी का स्वागत किया। गोंडा मुख्यालय पहुंचने पर जिला मंत्री उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री कुलदीप पाठक, पुष्पेंद्र वर्मा, निशा वर्मा, अनुपम पांडेय, राजेश तिवारी, देव प्रभाकर, अभिषेक, हुकुमचंद, उमाशंकर, विजय चौहान, चंद्रभान व सुजीत आदि ने स्वागत किया।

**आवश्यकता है**

**बैकुंठनाथ महाविद्यालय करनैलगंज गोण्डा**

में प्राचार्य एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में प्रवक्ता की। प्राचार्य एक पद। अर्हता प्राचार्य नेट व पी0एच0डी0 तथा 15 वर्ष का शिक्षण कार्य का अनुभव। प्रवक्ता विषय स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में एक एक पद। अर्हता प्रवक्ता नेट या पी0एच0डी0। वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 15 कार्य दिवस में अपने समस्त शैक्षिक अभिलेख के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें

**प्रबंधक –रुद्र नाथ मिश्र**
**मो0–80527 14946**

**माँ गायत्री रामसुख पाण्डेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मसकनवां, गोण्डा उ0प्र0**
**सम्बद्ध : माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर।**

**में आवश्यकता हैः–**

**प्राचार्य–** 01 पद, स्नातक स्तर पर बी0एससी0 कृषि पाठ्यक्रम में प्रवक्ता– 06 पद परास्नातक स्तर पर एम0एससी0 (भौतिक विज्ञान) प्रवक्ता–02 पद, एम0ए0 (राजनीतिशास्त्र) प्रवक्ता–02 पद तथा एम0लिब0 पाठ्यक्रम में प्रवक्ता–02 पद, एम0एस0सी0 (कृषि एग्रोनॉमी) प्रवक्ता–02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान –** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

**भवदीय–ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**
**मो0नं0–9918723428**

**न्यूज ब्रीफ**

### शस्त्र अधिनियम के दोषी पर 1500 जुर्माना

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** शस्त्र अधिनियम मामले में दोषी को न्यायालय ने सजा सुनाई। सोनवा थाने की पुलिस ने वर्ष 2008 में एक एक आरोपी को तमंचा व कार्टूश के साथ पकड़ा था। जिसको पहचान दुंदी ऊर्फ श्रीराम पुत्र मैकू निवासी सल्लीबाग, थाना खैरीघाट जनपद बहराइच के रूप में हुई थी। जिसे पुलिस ने जेल भेज दिया था। 18 वर्षों से न्यायालय में मामले की सुनवाई चल रही थी। बात द्वारा को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 1500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### 246 विद्यार्थियों ने दी अंग्रेजी कोर की परीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सीबीएसई की ओर से जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर गुरुवार को इंटरमीडिएट के अंग्रेजी कोर विषय की परीक्षा कराई गई। इसमें 246 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भिनगा में 177 में 176 विद्यार्थी उपस्थित रहे। एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। इसी तरह लव विद्या पीठ पटना खरगौरा में सभी 70 विद्यार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल परीक्षा कक्ष में भ्रमण कर निगरानी करता रहा है। परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करता नहीं पाया गया।

### चाकू के साथ गिरफ्तार

**सिरसिया, श्रावस्ती।** सिरसिया थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने गुरुवार को मोतीपुर कला जंगल कोठवा पोखरा की तरफ जाने वाले मार्ग के पास से एक युवक को रामपुरी चाकू के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सोनपुर बैरीहवा निवासी बिकाऊ पुत्र नीबर के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई की गई है।

# दो करोड़ 75 लाख से बनेगा पुल विधायक ने किया भूमि पूजन

## 23 गांवों को आवागमन का मिलेगा लाभ, ग्रामीणों में खुशी की लहर



मशीन का पूजन करते विधायक। अमृत विचार



पुल निर्मित होने की सूचना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता खैरीघाट, बहराइच**

**अमृत विचार।** गुरुवार की दोपहर शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत पुसूपुरवा के पास लगभग 2 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए पुल का भूमि पूजन नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया। पुल निर्माण की शुरुआत होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि पुल विधायक के प्रयासों से बनाया जा रहा है।

पुल के निर्माण से करीब 23 गांवों को सीधा आवागमन का लाभ मिलेगा। इनमें गुजराती पुरवा, अंबरपुर, चौकसहा, बरुहीटपरी, बेला मकान, तिगड़ा, पुसूपुरवा, डाला पुरवा, अरनवा, बलदुपुरवा सहित कई अन्य गांव शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित इलाका है। बरसात और बाढ़ के दौरान लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पुल न होने के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को खासा परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अमन वर्मा, बेहड़ा प्रधान सूर्यप्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू, अंशु मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कल बंद रहेगी जरवलरोड चीनी मिल

**जरवलरोड, बहराइच।** आईपीएल चीनी मिल जरवलरोड स्थित चीनी मिल ने पेराई सत्र 2025-26 को लेकर मिल बंदी की दूसरी सूचना जारी की है। मिल प्रशासन ने बताया कि क्षेत्र में गन्ने की भारी कमी के कारण मिल में लगातार नो-केन की स्थिति बनी हुई है जिससे पेराई कार्य प्रभावित हो रहा है। मिल के विभागाध्यक्ष (गन्ना) द्वारा जारी सूचना के अनुसार चार मार्च 2025 से ही गन्ने की कमी के चलते मिल में पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है। साथ ही कैलेंडर की सभी पर्चियां भी जारी की जा चुकी हैं जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि मिल क्षेत्र में पेराई योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है। मिल प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि यदि किसी कृषक के पास मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना उपलब्ध है तो वह जल्द से जल्द मिल में गन्ना आपूर्ति कर दें। इसके बाद यदि किसान गन्ना आपूर्ति नहीं करते हैं तो इसकी जिम्मेदारी चीनी मिल की नहीं होगी। गन्ने के अभाव को देखते हुए पेराई सत्र 2025–26 का पेराई कार्य 14 मार्च 2026 को अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा।

### चीनी मिल ने जारी की बंदी सूचना

**कैसरगंज, बहराइच।** पारले चीनी मिल परसेण्डी ने पेराई सत्र के समापन को लेकर प्रथम बंदी सूचना जारी कर दी है। मिल प्रबंधन के अनुसार 13 मार्च तक गन्ने की खरीद होगी। सत्र में अब तक 67 लाख कुंतल खरीद की जा चुकी है जिससे क्षेत्र के किसानों में उत्साह है। मिल के एसोसिएट मुख्य गन्ना प्रबंधक जगतार सिंह ने बताया कि मिल प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कैलेंडर की सभी पर्चियां निर्गत की जा चुकी हैं। साथ ही मिल गेट एवं सभी क्रय केंद्रों पर 13 मार्च तक खुली खरीद की जा रही है ताकि किसी भी किसान का गन्ना खेतों में न रह जाए। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जिनके पास अभी भी पेराई योग्य गन्ना शेष है वे बिना देरी किए अपने गन्ने की आपूर्ति मिल या क्रय केंद्रों पर कर दें जिससे समय रहते पेराई कार्य पूरा किया जा सके।

## आयल एवं गैस की सुगम आपूर्ति को टीमें गठित

**संवाददाता बहराइच, अमृत विचार।** जिले में डीजल-पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों पर निगरानी व जमाखोरी पर नियंत्रण बनाये रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा समस्त तहसीलों में उप जिलाधिकारियों एवं नगर क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा गठित टीमों को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर डीजल-पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों पर निगरानी बनाए रखें जिससे नागरिकों को दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये हैं कि इस दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता व मनमानी किया जाना पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। नगर क्षेत्र के लिए गठित टीम में नगर मजिस्ट्रेट, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक नगर, संबंधित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष, वरिष्ठ निरीक्षक विधिक माप विज्ञान, ऑयल कंपनी तथा एलपीजी कंपनी के विक्रय अधिकारी शामिल हैं।

## नाकाहा जंगल-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को मिली मंजूरी

**जरवल रोड, बहराइच।** रेल मंत्रालय ने पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत नाकाहा जंगल से लखनऊ (डालीगंज) के बीच नई पैसेंजर ट्रेन चलाने को मंजूरी दे दी है। रेलवे बोर्ड द्वारा 2 मार्च 2026 को जारी आदेश के अनुसार ट्रेन संख्या 55061/55062 नाकाहा जंगल-लखनऊ पैसेंजर जल्द ही शुरू की जाएगी। इससे बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, बाराबंकी समेत कई जिलों के यात्रियों को सीधे लखनऊ जाने की सुविधा मिलेगी। जारी समय सारिणी के अनुसार 55061 नाकाहा जंगल–लखनऊ पैसेंजर नाकाहा जंगल से रात 11:10 बजे प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों से होते हुए सुबह करीब 9:25 बजे डालीगंज (लखनऊ) पहुंचेगी। वहीं 55062 लखनऊ–नाकाहा जंगल पैसेंजर डालीगंज से शाम 5:20 बजे रवाना होकर रास्ते के स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह करीब 4:45 बजे नाकाहा जंगल पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में आनंद नगर, बरहनी, गोंडा, बुढ़वल, जरवल रोड, घाघरा घाट, बाराबंकी, गोमती नगर और बादशाहनगर सहित कई स्टेशनों पर रुकेगी। इसके अलावा मनीराम, पीपीगंज, कैंपियरगंज, ब्रिजमनगंज, शोहरतगढ़, तुलसीपुर, बलरामपुर, कर्नलगंज, सुभागपुर, गोंडा कचहरी, सरयू, चौकाघाट, बिंदुरा, जहांगीराबाद, सफेदाबाद और मल्हौर समेत दर्जनों छोटे स्टेशनों को भी इसका लाभ मिलेगा।

# फोरलेन से जुड़े बलरामपुर व श्रावस्ती

**संवाददाता श्रावस्ती**




केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री को मांगपत्र देते पूर्व सांसद व जिपं अध्यक्ष दद्दन मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रावस्ती और बलरामपुर को फोरलेन से जोड़ने मांग को लेकर पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा। केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को सौंपे मांगपत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने कहा है कि बाराबंकी से बहराइच तक फोरलेन निर्माण की घोषणा सराहनीय हैं। इस फोरलेन से श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के दोनों जिले बलरामपुर व श्रावस्ती को भी जोड़ा जाए। फोरलेन बनाने से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा। फोरलेन हाईवे के निर्माण से व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में बदलाव होगा। श्रावस्ती जहां भगवान गौतम बुद्ध की तपोस्थली है। वहीं बलरामपुर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि होने के साथ-साथ 51 शक्तिपीठों में से एक मां पाटेश्वरी देवी का धाम है। बलरामपुर व श्रावती में पर्यटको व श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहता है। ऐसे में यदि बलरामपुर एवं श्रावस्ती को फोरलेन से जोड़ दिया जाए तो यहां पर व्यापार और पर्यटन की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। पूर्व सांसद ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने फोरलेने निर्माण की परियोजना को श्रावस्ती होते हुए बलरामपुर तक विस्तार देने का आश्वासन दिया है।

# वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**खैरीघाट, बहराइच**



वन विभाग के पिंजरे में कैद तेंदुआ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा रेंज के शिवपुर ब्लॉक में बीते कई दिनों से आबादी के बीच तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत व्याप्त थी। ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग की ओर से उसे पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। बुधवार की देर रात पिंजरे में बंधी बकरी के शिकार के लालच में तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे रेंज कार्यालय लेकर आई है। शिवपुर इलाके में स्थित गोढ़िहा, टेपरा, बाजपुरवा समेत अन्य ग्रामों में तेंदुए की दस्तक के बाद वन विभाग की ओर से बाजपुरवा में बबई नदी के पास, गन्ने, अरहर के खेत में पिंजड़े लगाये गए थे। बुधवार की देर रात करीब दस बजे तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। सूचना पर रेंजर पीयूष गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे तेंदुए को रेंज कार्यालय लेकर पहुंचे जहां पर गुरुवार को पशु चिकित्सकों की और से उसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। रेंजर ने बताया कि पकड़ा गए तेंदुए की उम्र करीब छह वर्ष है। उसे नए प्राकृतिक वास में छोड़ा जायेगा।

## अनियंत्रित होकर खाई में पलटी पिकअप, 2 घायल

**इकौना, श्रावस्ती।** बौद्ध परिपथ स्थित इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम जयचंद्रपुर कटघरा के पास गुरुवार को एक पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। घटना में पिकअप सवार सीतापुर जिले के थाना सदरपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी मोहम्मद आरिफ (48) पुत्र खुदाबक्स व चालक जिशानत (22) पुत्र खलील घायल हो गया। यह पिकअप गोरखपुर से पलाई गिराकर गुरुवार को वापस लौट रही थी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इधर, घटना के बाद मौके पर लोग एकत्रित हो गये।





शिविर में मौजूद केडीसी के सचिव मेजर एसपी सिंह व अन्य। अमृत विचार

### समय प्रबंधन के साथ अनुशासन भी सीखें विद्यार्थी

**बहराइच, अमृत विचार।** किसान पीजी कॉलेज में संचालित रोवर्स-रेंजर्स का पांच दिवसीय विशेष शिविर बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे समय और वित्तीय प्रबंधन के साथ अनुशासन भी सीखें, क्योंकि यही सफलता की कुंजी है। विशिष्ट अतिथि जिला स्काउट-गाइड के सचिव डॉ. राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि पिछले शिविर की तुलना में इस बार विद्यार्थियों ने कम गलतियां की हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि उनमें सुधार हो रहा है। शिविर के आयोजक डॉ. धर्मेंद्र त्रिपाठी ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन अंशिका त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर अरविंद कुमार वर्मा, मनोज कुमार पांडेय, अंगद पांडेय, श्वेता सिंह, प्रो. उस्मान, डॉ. किसुनवीर, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. अजय प्रताप सिंह रहे।

### विद्यालय की व्यवस्था देख बीईओ प्रसन्न



विद्यालय में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच।** खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने उप्रावि पिपरा कमाल शिवदहा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नामांकित छात्र संख्या तथा उपस्थित छात्र संख्या के साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शैक्षिक वातावरण की स्थिति विद्यालय की स्वच्छता, सुरक्षा तथा विद्यालय से संबंधित विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। अवलोकन के बाद बच्चों से प्रश्न पूछे। बच्चों से सही जवाब पाकर अधिकारी प्रसन्न हुईं। उन्होंने बताया कि छात्र उपस्थित 236 के सापेक्ष 192 थी। मध्यान भोजन मीनू के अनुसार बना था। इस मौके पर राजेश कुमार मिश्र, दिनेश कुमार, महिमा दुबे, रत्ना सिंह रहीं।

### पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज भिनगा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। गुरुवार को डीएम ने एसपी संग केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने परीक्षा में लगे अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। एसपी राहुल भाटी ने कहा कि जिले में बने इस इकलौते परीक्षा केन्द्र पर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा 14 व 15 मार्च को आयोजित होगी। इस दौरान मुकेश चंद्र उत्तम, आशीष भारद्वाज व सीओ तथा प्रधानाचार्य ज्योति प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

### पोल से टकराई बोलेरो, चालक की मौत

**खैरीघाट, बहराइच।** थाना खैरीघाट अंतर्गत एक चौराहे पर बाइक सवार को बचाने के चक्कर में खंभे से बोलेरो पोल से टकरा गी। हादसे में चालक की मौत हो गयी। ग्राम पंचायत वैवाही के ग्राम दुधधारी निवासी मोहित पुत्र लल्लू अपनी बोलेरो से बुकिंग लेने गायघाट जा रहे थे तभी रामपुर से दो किमी पीछे ताऊपुरवा चौराहे पर एक गाड़ी को ओवरटेक करने लगे और सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर गाड़ी खंभे से जा टकराई जिसमें मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के मामा पवन ने बताया कि मोहित की शादी 24 फरवरी को ही नेपाल के ग्राम पकड़िया में हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मौसम ने ली अंगड़ाई, कोहरे में ढंकी तराई



भिनगा-बहराइच फोरलेन पर कुछ इस तरह छाया रहा घना कोहरा। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** तराई में मौसम का मिजाज बुधवार रात अचानक बदल गया। रात शुरू हुआ घना कोहरा गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तक छाया रहा। इसके बाद छाई धुंध देख किसान सहम गए। खेतों में लगी चना, मटर, मसूर, अलसी, राई व सरसों की फसल या तो पक कर तैयार है। या फिर किसानों ने इन्हें काटकर सहेजना शुरू कर दिया है। वही गेहूं व अरहर की बालियां भी दानों से भर चुकी है। किसान इनके पकने का इंतजार कर रहे है। ऐसे में बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक छाए घने कोहरे ने जहां मार्च माह में दिसंबर व जनवरी का अहसास दिला दिया। वहीं दिन में छाई धुंध देख किसानों के चेहरों की हवाइयां उड़ने लगी। घने कोहरे के कारण सुबह नौ बजे तक जहां वाहनों की रफ्तार धीमी रही। वहीं अनहोनी की संभावना को लेकर किसान चिंतित दिखे।

### पयागपुर में सर्पदंश से युवक की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के पयागपुर इलाके में खेत में पानी लगाते समय एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई। परिवार के लोगों उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। करमोहना ग्राम का रहने वाला शिवेंद्र नाम का युवक अपने खेत में पानी लगा रहा था, इसी दौरान जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया, साथ में मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी, आनन फानन में परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### चोरी के सामान के साथ किया गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच।** पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार करक्षजेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि उपनिरीक्षक राहुल सरोज मय हमराही पुलिस टीम ने गुरुवार को सुबह लगभग 05:20 बजे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अबरार अहमद (40 वर्ष) पुत्र लड्डन निवासी घसियारन मोहल्ला, थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है, जिसमें एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), एक जोड़ी बिछिया (सफेद धातु), एक ताबीज (सफेद धातु), एक चांदी का सिक्का, दो मोबाइल फोन तथा एक हैंड पैकेट सीलिंग मशीन शामिल है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय सदर बहराइच में पेशी के लिए रवाना कर दिया है।

### पत्नी को लेने पहुंचे युवक और भाभी को बंधक बनाकर पीटा

**जरवल रोड, बहराइच।** थाना जरवल रोड क्षेत्र में पत्नी को घर ले जाने पहुंचे युवक और उसकी भाभी को ससुराल पक्ष द्वारा बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना रानीपुर क्षेत्र के ग्राम निंदूरा निवासी रामसेवक पुत्र बद्री प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 11 मई को थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम धनराजपुर निवासी सावित्री पुत्री जगदीश निषाद के साथ हुई थी। आरोप है कि सावित्री पिछले साल दीपावली से अपने मायके में रह रही थी। उसे वापस घर ले जाने के लिए वह कई बार प्रयास कर चुका था। रामसेवक के अनुसार अपनी भाभी गुड़िया पत्नी स्वर्गीय रमेश तथा रिश्तेदार कमलेश, किशोरी और रामनाथ के साथ पत्नी को समझाकर घर ले जाने के लिए ससुराल धनराजपुर पहुंचा था। इस दौरान वहां मौजूद साले अशोक, उमेश, अरविंद, चोतराम, सहज राम, जानकी प्रसाद तथा ससुर जगदीश ने उन्हें जबरन रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने शादी में खर्च हुए आठ लाख वापस लाने की बात कहते हुए उन्हें जाने नहीं दिया और 8 मार्च से घर में बंधक बनाकर रखा। 9 मार्च को उनके साथ मारपीट भी की गई। पुलिस ने अशोक, उमेश, अरविंद, चोतराम, सहज राम, जानकी प्रसाद और जगदीश पर केस दर्ज किया गया है।

# शिक्षकों को मिला तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**लेंगड़ी गूलर, श्रावस्ती**





प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद नोडल शिक्षक व अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र गिलौला में शिक्षकों को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया। इसका गुरुवार को समापन हुआ। ब्लॉक संसाधन केंद्र गिलौला में क्षेत्र के सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक सहित कंपोजिट विद्यालय के नोडल शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया गया।

बीएसए अजय कुमार ने कहा कि शारदा कार्यक्रम के तहत हाउसहोल्ड सर्वे में चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए टीएलएम गतिविधि एवं अभ्यास कार्य के माध्यम से शिक्षण कराया जाएगा। जिलास्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स नुसरत बानो, मनीष पाठक, दीपक केसरवानी, राम सजन मौर्य ने विकास खण्ड के 100 नोडल शिक्षको को प्रशिक्षित किया। जिले में दो प्रकार के आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिन्हित किए जाएगा। एक वह बच्चे जिन्होंने कभी विद्यालय में नामांकन न कराया हो तथा दूसरे वह बच्चे जिन्होंने नामांकन तो कराया था, किंतु किन्हीं कारणों से बीच में पढ़ाई छोड़ दी। दोनों प्रकार के बच्चों को विद्यालय में नामांकन करने के उपरांत विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी है। जिसके लिए प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल शिक्षक अथवा विशेष प्रशिक्षक चयनित किए गए हैं। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद्र मौर्य, जिला समन्वयक निर्माण सपना सोनी सहित प्रशिक्षक एवं नोडल शिक्षक मौजूद रहे।

**सख्ती** | उपभोक्ताओं को सुविधापूर्वक घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने को लेकर की जा रही कार्रवाई

# डीएसओ ने गैस गोदामों व प्रतिष्ठानों का किया औचक निरीक्षण

**संवाददाता बहराइच**



गैस एजेंसी पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुविधापूर्वक घरेलू गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जाने को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी द्वारा मुख्तार गैस सर्विस, बहराइच इण्डेन गैस सर्विस तथा प्रगति गैस सर्विस के कार्यालय एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। बाईपास रोड तिकोनी बाग चौकी के निकट स्थित मुख्तार गैस सर्विस एजेन्सी के कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं द्वारा अपनी गैस की बुकिंग व केवाईसी का कार्य कराया जा रहा था। गोदाम में स्टाक सही पाया गया। इसी प्रकार हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित बहराइच इण्डेन गैस सर्विस के गोदाम के निरीक्षण के दौरान प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि उनके यहां घरेलू उपभोक्ता 34,000 हैं। आज का प्रारम्भिक स्टॉक 14.2 कि.ग्रा. का 784 था तथा आज ऑयल कम्पनी से 342 सिलेण्डर की आमद हुई है। कुल 1126 सिलेण्डर के सापेक्ष जांच के समय तक 903 सिलेण्डरों की बिकी हुई है अवशेष 223 सिलेण्डर गोदाम पर उपलब्ध हैं। गोदाम में उपलब्ध स्टॉक अभिलेखानुसार सही पाया गया। इसके अलावा हुजूरपुर रोड कटी चौराहा स्थित प्रगति गैस सर्विस के निरीक्षण के दौरान गोदाम बिना किसी पूर्व सूचना/अनुमति के बन्द पाया गया। गोदाम के कर्मचारी इदरीश को उनके मोबाईल पर वार्ता करके उन्हें मौके पर बुलाया गया। जिनके द्वारा गोदाम का ताला खोलकर अपनी उपस्थिति में निरीक्षण कराया गया। गोदाम में 05 कि.ग्रा. के 18 सिलेण्डर खाली एवं 14.2 कि.ग्रा. के घरेलू सिलेण्डर 830 अदद खाली पाये गये। इसके अतिरिक्त कर्मचारी द्वारा बताया गया कि कामर्शियल के 41 सिलेण्डर हैं जिनमें से 40 सिलेण्डर कनेक्शनधारकों को गये हैं 01 सिलेण्डर भरा हुआ रखा है। गोदाम में कोई भी घरेलू गैस सिलेण्डर नहीं पाया गया, बताया गया कि भरे हुए सिलेण्डर का स्टॉक शून्य है। संभवतः आज कम्पनी से सिलेण्डर आयेगा। गोदाम पर किसी भी प्रकार का कोई सूचना बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड व विकय अधिकारी का मोबाइल नम्बर आदि महत्वपूर्ण सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं पाया गया तथा मौके पर स्टॉक से सम्बन्धित कोई अभिलेख व स्टाक रजिस्टर नहीं दिखाया गया। गोदाम पर साफ-सफाई का भी अभाव पाया गया। डीएसओ ने बताया कि एजेन्सी का उक्त कृत्य आदेशों/निर्देशों तथा ऑयल कम्पनी की शर्तों का स्पष्ट उल्लंघन है, फलस्वरूप एजेन्सी को उक्त के सम्बन्ध में नोटिस निर्गत कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी, पूर्ति निरीक्षक बलहा, नबाबगंज के साथ विभिन्न गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गैस गोदाम, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही आपूर्ति की स्थिति की जांच की गई। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को स्पष्ट सख्त निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



सवाल करने की शक्ति सभी मानव प्रगति का आधार है।
–इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री

# यह सख्ती जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सूबे में पेट्रोल-डीजल तथा घरेलू और व्यावसायिक गैस के बारे में भारी किल्लत की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त दंड की चेतावनी दी है, तो वहीं प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि अफवाहों पर ध्यान न दें। बेशक, आपदा में अवसर तलाशने वाले जब मात्र आशंका को संकट बता कर अपने लाभ के लिए विभिन्न माध्यमों के जरिए अफवाह फैलाकर उसे भुना रहे हों और जब इससे आम जनता में भारी अफरातफरी की मच सकती हो, तब सरकार का यह सख्त कदम अत्यंत उचित और सामयिक है।

इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पश्चिम एशिया में छिड़े युद्ध ने तेल संकट गहरा दिया है और इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर तेल और गैस ईंधन की किल्लत आ सकती है। देश के कई राज्यों में कमर्शियल गैस सिलेंडरों को प्राथमिकता और आवश्यकतानुसार ही आपूर्ति हो रही है। कुछ राज्यों और शहरों के होटल संगठनों ने गैस की आपूर्ति कम होने और व्यवसाय के संकट की बात दर्ज कराई है। गैस एजेंसियों ने घरेलू गैस बुकिंग में चार दिन के बढ़ोतरी कर दी है। पर यह सब होने के बावजूद अभी यह संकट इतना नहीं गहराया है कि देश में जीवाश्म ईंधन का अकाल पड़ गया हो, सरकार के अनुसार हमारे पास अभी भी काफी रिजर्व है और हम दूसरे देशों तथा रास्तों से तेल और गैस आपूर्ति के तरीके तलाश चुके हैं। दो एलएनजी कार्गो भारत पहुंच रहे हैं, रूस से तेल खरीद 50 फीसद बढ़ा दी गई है। इसके अलावा तेल गैस समस्या के दूसरे समाधानों पर भी प्रयास जारी है। निःसंदेह, तेल और गैस संबंधी अफवाहें बाजार और सियासत की चालें ज्यादा लगती हैं, वास्तविकता कम। असल में किसी जिंस या वस्तु की कमी की अफवाहें फैला कर जमाखोरी, मुनाफाखोरी और आमजन का भयादोहन कर पैसे बनाने के प्रवृत्ति हमारे बाज़ार में पुरानी है। आज तो संकट की प्रत्यक्ष आशंका भी है, पर कभी-कभी देश के किसी राज्य अथवा किसी क्षेत्र में अचानक, नमक, खाद्य तेल, अथवा ऐसे ही रोजमर्रा के अत्यावश्यक सामान की आवक न आने अथवा कमी की अफवाह उड़ा कर जनता को अतिरिक्त खरीदारी के लिए उकसाया जाता है। देखते-देखते ही जमाखोरों के कारण सामान की वास्तव में किल्लत हो जाती है, उसके दाम महंगे। देश में बहुत से लोग तकरीबन रोज की कमाई पर जिंदा हैं। उनके पास अतिरिक्त या अधिक खरीद की क्षमता ही नहीं है। वे अलग मुश्किल में पड़ जाते है, फिलहाल वैश्विक तेल संकट के मद्देनजर इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा इमरजेंसी तेल स्टाक, 40 करोड़ बैरल तेल उपलब्ध कराने जा रहा है। भारत भी घरेलू संकट निवारण की पूर्व नियोजित आवश्यक कार्रवाई कर रहा है।

सोशल मीडिया के समय में अफवाहें आसानी से और प्रभावी तरीके से फैला, सरकार की अक्षमताओं को परिवर्धित कर दिखाना आसान है। ऐसे गाढ़े समय का राजनीतिक लाभ लेना कतई उचित नहीं है। जनता में भय फैलाने के बजाए ईंधन के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के लिए जागरूकता फैलाना जरूरी है। उम्मीद है, मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अफवाहों पर रोक लगेगी।

## प्रसंगवश

# भारत में धुंधली पड़ रही है मौसम की सीमा रेखा



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की पारंपरिक पहचान उसके विविध ऋतु-चक्र से रही है, लेकिन अब यह चक्र पूरी तरह से टूट चुका है। 'सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) एवं 'डाउन टू अर्थ' की नई रिपोर्ट 'इंडिया क्लाइमेट 2025' ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है, जहां 'चरम मौसम' कोई अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की हकीकत बन गया है। मौसम के ताजा आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अधिकतम तापमान लगभग 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह तापमान इस समय के लिए सामान्य से अधिक माना जा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी तेज गर्मी मार्च के शुरुआती दिनों में कम ही देखने को मिलती है।

सीएसई ने मौसम विभाग, गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन विभाग एवं विभिन्न राज्यों की एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर विश्लेषण किया है। साथ ही साल 2022 से सितंबर 2025 तक लगभग 1500 दिनों की भारत की मौसम संबंधी आपदाओं का एक नया नक्शा तैयार किया है। अध्ययन का सबसे चौंकाने वाला निष्कर्ष यह है कि भारत में ऋतुओं का आपस में विलय हो रहा है। सर्दी, गर्मी और वर्षा के बीच की स्पष्ट रेखाएं अब धुंधली पड़ चुकी हैं।

आंकड़े बताते हैं कि साल 2025 के पहले नौ महीनों (जनवरी से सितंबर) के दौरान देश ने लगभग 99 प्रतिशत दिन चरम मौसम की मार झेली है। इसका मतलब है कि इन 273 दिनों में से शायद ही कोई ऐसा दिन रहा हो, जब भारत के किसी न किसी हिस्से में भारी वर्षा, लू, ओलावृष्टि या चक्रवात जैसी आपदा न आई हो। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर तेजी से बढ़ने लगा है। तीन साल बाद मार्च के पहले सप्ताह में ही तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस महीने तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। 2025 में, मार्च के पहले सप्ताह के दौरान, उत्तर प्रदेश के अधिकांश शहरों में दिन का तापमान 29 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि रात का तापमान लगभग 14 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पहली मार्च 2026 को दिन का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले तीन वर्षों में मार्च की शुरुआत का उच्चतम तापमान है। इससे पहले 2023 में, पहली मार्च को दर्ज किया गया अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च की शुरुआत में इतना अधिक तापमान इस बात का संकेत है कि आने वाले दिनों में गर्मी तेजी से बढ़ सकती है।

जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। विशेषकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। वास्तव में, मौसमी बदलाव फलों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है।

कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि मार्च का महीना किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। तापमान में वृद्धि से रबी की फसलों, विशेषकर गेहूं पर असर पड़ेगा। गर्मी के कारण अनाज का पूर्ण विकास नहीं हो पाएगा, जिससे पैदावार कम होगी। गर्म हवाओं से सरसों, चना और मटर जैसी फसलों को नुकसान हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक तनाव और घरेलू चिंताएं बढ़ाता युद्ध





विवेक सक्सेना
अयोध्या

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष, तनाव और होर्मुज जल मार्ग के रास्ते होने वाली तेल और गैस आपूर्ति पर छाए गहरे संकट से कच्चे तेल की कीमतें जिस तरह आसमान छू रहीं हैं, उससे न सिर्फ विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष संकट गहराता जा रहा है, अपितु इसका असर अब भारत पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। देशभर में एलपीजी की किल्लत से आम आदमी के साथ-साथ होटल और रेस्टोरेंट संचालक परेशान हैं। वर्तमान संकट ने साबित किया है कि देश केवल तेल उत्पादक देशों में अस्थिरता के कारण ईंधन की कमी झेलने को मजबूर हो सकता है।

पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कमी ने होटलों, रेस्तरां और भोजनालयों को बुरी तरह प्रभावित किया है, जिससे उन्हें मेन्यू में कटौती करनी पड़ रही है या वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करना पड़ रहा है। भारतीय रेलवे का खानपान एवं पर्यटन निगम भी इससे अछूता नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे ट्रेनों में पका हुआ भोजन परोसना अस्थायी रूप से बंद करने पर विचार कर रहा है, जिन यात्रियों ने टिकट बुक करते समय भोजन पहले से बुक किया था, उन्हें रिफंड जारी किया जाएगा।

रेलवे के एक अधिकारी के अनुसार यह मुद्दा गंभीर हो गया है और अगर एलपीजी की आपूर्ति में कमी बनी रहती है, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। ट्रेनों में खानपान सेवाएं आईआरसीटीसी के बेस किचन में तैयार किए गए भोजन पर निर्भर करती हैं। एलपीजी की उपलब्धता में किसी भी तरह की रुकावट भोजन तैयार करने और ट्रेनों में आपूर्ति को सीधे प्रभावित करती है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता देने के लिए 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' का उपयोग किया है। साथ ही, बुकिंग की अवधि को 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है, जिससे कि जमाखोरी को रोका जा सके।

यह कदम सही है कि घर के चूल्हे न बुझें, लेकिन मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए बजट फिर से अनियंत्रित हो गया है और छोटे व्यवसायों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। देश में 33 करोड़ से ज्यादा घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं और सरकार की प्राथमिकता है कि इनकी जरूरत पूरी होती रहे। युद्ध की वजह से दुनिया के कई हिस्सों में तेल की किल्लत होने लगी है। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने प्रमुख देशों से अपने रणनीतिक तेल भंडार खोलने की अपील की है, ताकि कमी की भरपाई की जा सके। अभी कहना बहुत मुश्किल है कि तेल और गैस की वैश्विक सप्लाई चेन पूरी तरह से कब तक बहाल होगी। ऐसे में किसी भी संभावित स्थिति के लिए तैयारी रखना बहुत जरूरी है।

भारत क्रूड ऑयल के आयात में विविधता लेकर आया है। इसकी वजह से अभी तक देश में तेल का कोई संकट नहीं दिखा। सरकार भी भरोसा दिला रही है कि पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी, लेकिन रसोई गैस के मामले में परेशानी बढ़ती दिख रही है। सरकार ने इसी वजह से आवश्यक सेवा रख-रखाव अधिनियम लागू किया है, ताकि जमाखोरी रोकी जा सके और आपूर्ति निर्बाध रहे। सरकार ने विकल्पों पर काम शुरू कर दिया है, पर उसमें तेजी की जरूरत है।

दिक्कत यह है कि तेल की तरह गैस के लिए भी भारत आयात पर बहुत ज्यादा निर्भर है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 60 फीसदी एलपीजी आयात करता है। इसमें से सबसे बड़ा हिस्सा लगभग 85-90 फीसदी होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता है। संकट में ऑयल रिफाइनरियों को प्रॉडक्शन बढ़ाने के लिए कहा गया है, लेकिन अगर बाहर से सप्लाई सुचारू नहीं होती है, तो जरूरत को पूरा करना काफी मुश्किल होगा। देश की तमाम रिफाइनरियों और पेट्रो केमिकल यूनिट्स को अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अलावा सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की न तो जमाखोरी होने पाए और न ही उसकी कालाबाजारी।

यह शुभ संकेत नहीं कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी होने की आशंका उभर आई है। इसके अलावा इसका भी खतरा पैदा हो गया है कि मुनाफाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर सकते हैं। सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाहें न फैलने पाएं, क्योंकि जब-जब अफवाहें फैलती हैं, लोग अनावश्यक रूप से चिंतित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण ही कहीं-कहीं गैस सिलेंडरों के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्पष्ट है कि लोगों को भी धैर्य धारण करना होगा और अफवाहों को लेकर सचेत रहना होगा।

यह ध्यान रहे कि चंद दिनों पहले पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी न होने के बाद भी कुछ जगह ऐसी अफवाह फैल गई थी कि उनकी कमी होने जा रही है। इस स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब अफवाहों को फैलने से रोका जाए और संबंधित प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएं समय पर प्रसारित की जाती रहें। गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा। उचित यह होगा कि जैसे केंद्र सरकार ने जमाखोरी-कालाबाजारी पर निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, वैसी ही समितियां राज्य सरकारें भी गठित करें।

इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि न तो घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर में कमी आने पाए और न ही कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत होने पाए, क्योंकि इसका व्यापक असर पड़ेगा, हालांकि इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सरकार रूस, कनाडा के अलावा अफ्रीकी देशों से तेल के साथ गैस की आपूर्ति के हरसंभव जतन कर रही है। ईरान युद्ध ने एक बार फिर से ग्लोबल सप्लाई चेन की कमजोरी को सामने ला दिया है। सभी को अंदेशा था कि संघर्ष की सूरत में क्या हो सकता है, लेकिन उसकी तैयारी नहीं की जा सकीं। अब तो और भी जरूरी है कि भारत अपनी तेल-गैस जरूरत के मामले में रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रखे।

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें जिस तरह आसमान छू रहीं हैं, उससे न सिर्फ विश्व अर्थव्यवस्था के समक्ष संकट गहराता जा रहा है, बल्कि इसका असर अब भारत पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है।

## आमने सामने



21 वर्षों की एनडीए सरकार में बिहार विकास के सभी मानकों, मानदंड और सूचकांक में सबसे फिसड्डी है। बस पलटा-पलटी, प्रशासनिक तंत्र, सरकारी खजाने से वोट खरीदी, वोट की लूट और जातिवाद के सहारे कथित सुशासनी लोग सत्ता भोग रहे हैं।
–तेजस्वी यादव
आरजेडी नेता



बहुत दिनों बाद उन्होंने ट्वीट किया कि 'बिहार कैसा है?' बिहार कैसा है, ये बिहार की जनता ने बता दिया है। एक बार फिर जनता ने एनडीए की सरकार को भारी बहुमत देकर जवाब दे दिया कि बिहार कैसा है।
–दिलीप जायसवाल
मंत्री, बिहार

# कैसे मिलें देश को सच्चे आईएएस-आईपीएस



विवेक शुक्ला
पूर्व सूचना अधिकारी
यूएई एंबेसी

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम घोषित हो गए हैं। सफल अभ्यर्थी अब जल्द ही आईएएस, आईपीएस, आईएफएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में शामिल होंगे और देश की प्रगति, कानून-व्यवस्था तथा विदेश नीति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में योगदान देंगे। यह क्षण न केवल व्यक्तिगत सफलता का है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नई शुरुआत का भी है। इनके सामने जगमोहन, के सुब्रमण्यम (विदेश मंत्री एस जयशंकर के पिता), एके दामोदरन, टीएन शेषन, जेएन दीक्षित, वेद मारवाह, किरण बेदी जैसे अनेक अफसरों के उदाहरण मौजूद हैं, जिन्होंने अपने को अपने काम और ईमानदारी से साबित किया। ये नाम आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं।

नए सफल अभ्यर्थियों को बधाइयां मिल रही हैं, लेकिन उनकी असली परीक्षा तब शुरू होती है, जब वे ट्रेनिंग पूरी कर जिलों, विभागों या फील्ड पोस्टिंग में तैनात होते हैं। ब्रिटिश काल में आईसीएस अधिकारियों को ब्रिटिश शासन को मजबूत करने के लिए तैयार किया जाता था, इसलिए अधिकांश पदों पर गोरे अधिकारियों को ही नियुक्त किया जाता था। वे जिले की हर छोटी-बड़ी जानकारी रखते थे। कृषि भूमि के प्रकार, उपजाऊपन, सिंचाई व्यवस्था, गांवों की आबादी, सामाजिक-आर्थिक संरचना, नदियां, वर्षा का औसत आदि। आज कितने अधिकारी अपने जिले या शहर के मोहल्लों तक की सही जानकारी रखते हैं?

एक महत्वपूर्ण सत्य यह है, यदि हम अधिकारियों से बेखौफ होकर काम करने की अपेक्षा करते हैं, तो उन्हें सुरक्षित माहौल और संरक्षण देना भी हमारा कर्तव्य है। ईमानदार अधिकारी अक्सर बड़े अवरोधों का सामना करते हैं। उन्हें प्रमोशन से वंचित किया जाता है, बार-बार ट्रांसफर किए जाते हैं। हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने अपनी ईमानदारी की भारी कीमत चुकाई। 34 वर्ष की सेवा में उनका 57 बार ट्रांसफर किया गया। यह संख्या भारतीय नौकरशाही में सबसे अधिक में से एक है। ऐसे कई अधिकारी हैं, जिन्हें कड़वी सच्चाई बोलने के लिए समाज और सिस्टम दोनों से सजा मिलती है। ठीक कहा गया है, कड़वी दवा और कड़क ईमानदार अधिकारी कम लोगों को पसंद आते हैं। ज्यादातर लोग ऐसे 'बिकने वाले' बाबुओं को तरजीह देते हैं, जो उनके इशारे पर काम करें।

ईमानदार अफसरों की बात होगी तो टीएन शेषन की याद कैसे नहीं आएगी? यह मानना होगा कि यदि टीएन शेषन भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त न बनते, तो देश में चुनावों के नाम पर धोखाधड़ी और धांधली का सिलसिला जारी रहता। 1990 के दशक में मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर रहते हुए उन्होंने चुनाव सुधारों को सख्ती से लागू करने का अभियान चलाया। शेषन ने गुंडा तत्वों, धनबल और बाहुबल पर ऐसी चाबुक चलाई कि धन-बल से सियासत करने वाले जमीन पर उतर आए। उन्होंने अपने साथियों में यह विश्वास जगाया कि चुनाव प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी से अंजाम देना चाहिए।

उनसे पहले कुछ चुनाव आयुक्तों पर आरोप लगते थे कि वे सरकार के इशारों पर चुनाव करवाते हैं। शेषन ने साबित किया कि सिस्टम में रहते हुए भी बहुत कुछ सकारात्मक किया जा सकता है। वे सिर्फ दफ्तर में बैठकर काम करने वाले अफसर नहीं थे, वे चुनाव सुधारों से लोकतंत्र को मजबूत करना चाहते थे। उन्होंने कठिन राह चुनी और विश्व भर में नाम कमाया। 1994 से 1996 के बीच उन्होंने देश भर में सैकड़ों जनसभाओं को संबोधित कर देश को जगाया।

क्या हम सत्येंद्र दुबे और शनमुगम मंजूनाथ की कहानियां भूल गए? सत्येंद्र दुबे ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सीलबंद पत्र लिखा। उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों के गठजोड़ का पर्दाफाश किया, लेकिन इस पत्र के कारण ही 27 नवंबर 2003 को उनकी हत्या कर दी गई।

इसी तरह, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अधिकारी शनमुगम मंजूनाथ ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में एक पेट्रोल पंप पर मिलावटी ईंधन बेचने की गड़बड़ी पकड़ी। 13 सितंबर 2005 को उन्होंने पंप सील किया। 19 नवंबर 2005 को दोबारा निरीक्षण के दौरान पंप मालिक के बेटे और उसके साथियों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। ऐसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। अक्सर अपनी जान गंवानी पड़ती है।

दिल्ली के सिविल लाइंस में स्थित मेटकॉफ हाउस भारत की शीर्ष नौकरशाही का प्रतीक है। यहीं 21 अप्रैल 1947 को सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के पहले बैच के आईएएस-आईपीएस अधिकारियों को संबोधित किया था। उन्होंने कहा था कि अधिकारी जनता के हित में काम करें और किसी भी तरह की कोताही न बरतें। इसी दिन को लोक सेवक दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1947 से पहले यहीं आईसीएस परीक्षाएं होती थीं और 1958 तक ट्रेनिंग भी। बाद में ट्रेनिंग मसूरी में शुरू हुई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

यूपीएससी में चुने गए नौजवानों की अभी यह महज व्यक्तिगत सफलता है। अहम यह है कि यह भविष्य में अच्छे अफसर कैसे बनें!

## सोशल फोरम

# हम रोज गढ़े जा रहे हैं

कभी-कभी लगता है समय नदी नहीं, कुम्हार है। हर दिन हमें थोड़ा-थोड़ा घुमाता है, दबाता है, आकार देता है। हम सोचते हैं हम भाग रहे हैं, पर सच यह है कि हम गढ़े जा रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि कौन मिट्टी बना रहता है और कौन आकार लेने की हिम्मत करता है।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

पिछले दिनों में आपने कितनी बार खुद को टाला? और कितनी बार खुद को पकड़ा? यह सवाल किसी और के लिए नहीं है। दुनिया आपकी उपलब्धियों की तालिका देखती है, पर असली कहानी उन क्षणों में लिखी जाती है, जब आपने आसान रास्ता छोड़कर सही रास्ता चुना, या कम से कम कोशिश की।

जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बड़े अवसरों का इंतज़ार करते रहते हैं, जबकि असली बदलाव छोटे फैसलों में छिपा होता है। एक पन्ना और पढ़ लेना... किसी विचार पर गंभीरता से सोचना... यही छोटे कदम भविष्य की रीढ़ बनाते हैं।

कई लोग कहेंगे कि समय तेज़ भाग रहा है। सच तो यह है कि समय हमेशा अपनी रफ्तार से चलता है। बेचैनी हमारी है। हम तुलना में उलझे रहते हैं। किसी की नौकरी, किसी की गाड़ी, किसी की लोकप्रियता...! लेकिन किसी की शांति? उस पर कम ही नज़र जाती है और वही सबसे बड़ी पूंजी है।

अगर कुछ छूटा है, तो उसे बोझ मत बनाइए। उसे बीज बना दीजिए। हर छूटा हुआ काम संकेत है कि उसमें अब भी संभावना बची है। जो खत्म हो गया, वह सिर्फ एक अध्याय था। किताब अभी बाकी है।

ज़िंदगी स्प्रिंट नहीं, लंबी बातचीत है... खुद से, अपने लोगों से, अपने विचारों से। अगर कुछ अधूरा रह गया है, तो वह आपकी अक्षमता का प्रमाण नहीं, यात्रा का संकेत है। अधूरापन ही तो हमें आगे बढ़ने की वजह देता है। पूरी हो चुकी कहानी में उत्साह नहीं बचता। जो करना है, वह धीरे और लगातार करना है। बड़े पेड़ भी एक दिन में नहीं बढ़ते, पर रोज़ बढ़ते हैं।

समय किसी के लिए रुकता नहीं; वह हर उस व्यक्ति के साथ चलता है जो चलने का निर्णय लेता है। सवाल यह नहीं कि कितना समय बीत गया। सवाल यह है कि आपने उसमें कितना जीवन जोड़ा। अब अगला कदम आपका है। घड़ी चल रही है, पर कहानी भी चल रही है और कहानी तब तक ज़िंदा है, जब तक आप उसे आगे लिखने का साहस रखते हैं। –फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# उत्तराखंड: एक लाख करोड़ बजट से बढ़ेगी विकास गति

उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट स्पष्ट करते हैं कि प्रदेश आर्थिक प्रगति के पद पर तेज गति से दौड़ रहा है, राज्य का सकल घरेलू उत्पाद पिछले चार वर्षों में तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद 2.54 लाख करोड़ था, जो वर्ष 24-25 में बढ़कर 3.82 लाख करोड़ हो गया है और वर्ष 26-27 में इसके 4.30 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में 1.95 लाख थी, जो वर्ष 2024-25 में बढ़कर 2.73 लाख से अधिक हो गई और आगामी वर्ष में प्रति व्यक्ति आय 3.60 लाख रुपये होने का अनुमान है1



प्रो. एचसी पुरोहित
दून यूनिवर्सिटी

उत्तराखंड शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन की दृष्टि से देश के विभिन्न क्षेत्र से आने वाले यात्रियों व नागरिकों की पसंदीदा जगह बन रहा है। यहां के शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, तकनीकी संस्थान, आयुर्वज्ञान संस्थान व चिकित्सा सुविधा हर वर्ग के लोगों को आकर्षित करती है। पर्यटन के लिहाज से उत्तराखंड के हरिद्वार, ऋषिकेश, नैनीताल, मसूरी, कैंची धाम के साथ ही सुप्रसिद्ध चार धाम, हेमकुंठ साहिब, आदि कैलाश जैसे तीर्थ स्थल व यहां की शांत-खूबसूरत प्राकृतिक छटा- हिमखंड, बुग्याल, बन अभ्यारण्य, विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क एवं राजाजी पार्क देश और दुनिया के यात्रियों, पर्यटकों और तीर्थ दर्शन करने वालों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

उत्तराखंड स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा के लिए देश एवं विदेश के युवाओं को लुभा रहा है और बड़ी संख्या में वे राज्य के शिक्षण संस्थाओं का रुख कर रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के कारण विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोग यहां आते हैं, विशेष तौर पर हिमाचल, पंजाब, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न कस्बों, नगरों व गांवों से बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन पर्यटन के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की तलाश में उत्तराखंड के विभिन्न शहरों व नगरों का रुख कर रहे हैं।

उत्तराखंड में औद्योगिक संरचनाओं का विस्तार एवं विकास बहुत तेज गति से हो रहा है और यहां उन्हें रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हैं। राज्य में विभिन्न प्रकार की सेवा प्रकल्पों या छोटे व मझले उपक्रमों का संचालन करने में उनकी खास रुचि रहती है, जिसमें ऑटोमोबाइल, आईटी एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उद्यम प्रमुख हैं। जैसे रैपिडो, ओला, उबर के अलावा स्विग्गी, जोमैटो व ब्लिंकिट जैसी सेवाएं. जो गिग इकोनामी से संबंधित हैं, का संचालन युवाओं को लुभा रहा है।


औद्योगिक विकास की तेज रफ्तार से रोजगार के अवसर भी तेजी से सृजित हो रहे हैं। राज्य में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम क्षेत्र के उद्योगों का तेजी से विस्तार हुआ है। राज्य गठन के समय वर्ष 2000 में प्रदेश में लगभग साढे चौदह हजार उद्यम स्थापित थे, जो अब बढ़कर तीन लाख इकासी हजार से अधिक हो चुके हैं। राज्य की जीडीपी में 13% अंशदान इसी क्षेत्र के उद्योगों का है। वर्ष 2022 से 2025 के बीच साढ़े 19 हजार नये एमएसएमई उद्यम स्थापित हुए, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वर्ष 2017 से पहले राज्य में कोई भी स्टार्टअप इकाई पंजीकृत नहीं थी, लेकिन आज 1750 स्टार्टअप पंजीकृत हैं। राज्य में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से स्थानीय निवासियों को पर्यटन आधारित स्वरोजगार योजना का लाभ मिलना स्वाभाविक है, पिछले तीन वर्षों में पर्यटकों की संख्या में 62 लाख की वृद्धि हुई है। राज्य गठन के समय पर्यटकों की संख्या लगभग एक करोड़ थी, जो 2024-25 में बढ़कर छह करोड़ से अधिक हो गई है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# खोज

## ऐसे हुआ फ्रिज का आविष्कार



रेफ्रिजरेटर का आविष्कार एक लंबी वैज्ञानिक यात्रा का परिणाम है, जिसमें कई आविष्कारकों का योगदान रहा है। भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए कृत्रिम शीतलन तकनीक विकसित करने के प्रयास सदियों से होते रहे हैं। इस दिशा में पहला महत्वपूर्ण प्रयोग 1748 में स्कॉटलैंड के प्रोफेसर और चिकित्सक विलियम कुलेन ने किया। उन्होंने यह प्रदर्शित किया कि किसी तरल को तेजी से वाष्पीकृत करने पर शीतलन प्रभाव उत्पन्न होता है। यद्यपि उनके प्रयोग का तत्काल व्यावहारिक उपयोग नहीं हो सका, फिर भी इसने आगे के शोध की नींव रखी।


19 वीं शताब्दी में कई वैज्ञानिकों और आविष्कारकों ने इस तकनीक को आगे बढ़ाया, जिसके परिणामस्वरूप आधुनिक यांत्रिक प्रशीतन प्रणाली का विकास संभव हुआ। 1834 में अमेरिकी आविष्कारक जैकब पर्किन्स ने पहला वाष्प-संपीड़न आधारित प्रशीतन उपकरण बनाया। बाद में जर्मन वैज्ञानिक कार्ल वॉन लिंडे ने गैसों को द्रवीकृत करने की प्रभावी विधि विकसित की, जिसने प्रशीतन तकनीक को नई दिशा दी। 20 वीं शताब्दी की शुरुआत तक प्रशीतन तकनीक में इतनी प्रगति हो चुकी थी कि इसका उपयोग उद्योगों में होने लगा, विशेषकर शराब बनाने और मांस प्रसंस्करण कारखानों में। 1913 में अमेरिकी फ्रेड डब्ल्यू. वुल्फ ने पहला घरेलू इलेक्ट्रिक रेफ्रिजरेटर बनाया। इसके बाद 1918 में विलियम सी. ड्यूरेंट ने सेल्फ-कंटेन्ड कंप्रेसर वाला रेफ्रिजरेटर पेश किया, जिससे घरेलू रेफ्रिजरेटरों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हुआ। प्रारंभिक दौर में इनकी कीमत काफी अधिक होने के कारण इन्हें विलासिता की वस्तु माना जाता था, लेकिन 1930 के दशक में सुरक्षित रेफ्रिजरेंट फ्रियोन के विकास के बाद घरेलू रेफ्रिजरेटर तेजी से लोकप्रिय हो गए।

### वैज्ञानिक के बारे में



फ्रेड डब्ल्यू. वुल्फ अमेरिका के एक आविष्कारक और इंजीनियर थे, उनका जन्म 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में संयुक्त राज्य अमेरिका में हुआ था। बचपन से ही उन्हें यांत्रिक उपकरणों और नई तकनीकों में गहरी रुचि थी। उस समय दुनिया तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रही थी और इसी वातावरण ने उनके भीतर प्रयोग और आविष्कार की प्रवृत्ति को मजबूत किया। उनका यह आविष्कार आधुनिक रेफ्रिजरेटर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। बाद के वर्षों में अन्य वैज्ञानिकों और कंपनियों ने इसी तकनीक को और विकसित किया, जिससे आज के उन्नत रेफ्रिजरेटर संभव हो पाए।

# चिकनाई हजम करने वाली 131 प्रोटीन





वसा या फैट इंसानी डाइट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भोजन घी-तेल के बिना भी बनाया जा सकता है, लेकिन मनुष्य ने बहुत पहले ही वसा के स्वाद और उपयोगिता को पहचान लिया था। इसी कारण भोजन को या तो वसा में फ्राई किया जाता है या वसा में पकाया जाता है, जिससे उसका स्वाद बढ़ता है और उसे चबाना-निगलना भी आसान हो जाता है, लेकिन आम आदमी को यह विज्ञान बहुत कम मालूम है कि वह वसा का सेवन आखिर क्यों करता है और शरीर उसके साथ क्या करता है। दरअसल शरीर को वसा बहुत अधिक मात्रा में नहीं चाहिए। सामान्य परिस्थितियों में लगभग 45 से 75 ग्राम वसा 24 घंटे में पर्याप्त होती है। इसके बावजूद हम अक्सर जरूरत से ज्यादा वसा खा लेते हैं, क्योंकि स्वाद और आदत हमें इसके लिए प्रेरित करती है। कोलेस्ट्रॉल को आम तौर पर लोग वसा ही समझते हैं, जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से यह एक प्रकार का लिपिड है।

## लिपिड का रासायनिक ढांचा


लिपिड एक व्यापक श्रेणी है, जिसमें विभिन्न प्रकार के फैट शामिल होते हैं। शरीर में कोलेस्ट्रॉल की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह कोशिकाओं की झिल्ली अर्थात सेल मेंब्रेन का एक जरूरी घटक है और कई हार्मोन तथा विटामिन-डी के निर्माण में भी मदद करता है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल को केवल हानिकारक मान लेना वैज्ञानिक दृष्टि से सही नहीं है।

लिपिड का रासायनिक ढांचा मुख्य रूप से फैटी एसिड और ग्लिसरॉल से बना होता है। ये कार्बन, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन परमाणुओं से निर्मित लंबी हाइड्रोकार्बन श्रृंखलाएं होती हैं। लिपिड के तीन प्रमुख प्रकार माने जाते हैं- ट्राइग्लिसराइड्स, फॉस्फोलिपिड्स और स्टेरोल्स। ट्राइग्लिसराइड्स में ग्लिसरॉल के साथ तीन फैटी एसिड जुड़े होते हैं। फॉस्फोलिपिड्स में एक ऐसा सिरा होता है, जो पानी को आकर्षित करता है और दूसरा ऐसा जो पानी से दूर रहता है। यही संरचना कोशिकाओं की झिल्ली बनाने में मदद करती है। स्टेरोल्स का ढांचा अपेक्षाकृत जटिल रिंग संरचना वाला होता है, जिसमें कोलेस्ट्रॉल भी शामिल है। इन संरचनाओं की वजह से लिपिड जैविक प्रणालियों में कई तरह के काम करते हैं। ऊर्जा का भंडारण, कोशिका झिल्ली का निर्माण और कई जैव रासायनिक प्रक्रियाओं को स्थिर रखना। जब हम भोजन के साथ वसा लेते हैं, तो शरीर के भीतर उसे संभालने के लिए कई जटिल प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं। इनमें पहली प्रक्रिया है लिपोजेनेसिस। यह फैट बनाने की प्रक्रिया है, जिसमें कोशिकाओं के साइटोप्लाज्म में एसिटाइल कोएंजाइम-ए से फैटी एसिड का निर्माण होता है। यह प्रक्रिया दो-दो कार्बन परमाणु जोड़ते हुए चलती रहती है, जब तक फैटी एसिड आवश्यक लंबाई तक न पहुंच जाए। इसके बाद अगला चरण आता है लिपोलिसिस। इसमें वसा छोटे-छोटे अणुओं मोनोग्लिसराइड्स और फ्री फैटी एसिड में टूटती है। इन अणुओं का उपयोग शरीर ऊर्जा के लिए करता है या उन्हें एडिपोज टिश्यू में जमा कर देता है। एडिपोज टिश्यू शरीर का एक विशेष ऊतक है, जिसमें ऊर्जा को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जाता है। यह संग्रह उस समय काम आता है, जब शरीर को लंबे समय तक भोजन नहीं मिलता या कोई संकट की स्थिति पैदा होती है। इसके बाद आता है एब्जॉर्प्शन अर्थात अवशोषण का चरण। छोटी आंत की भीतरी परत के एपिथेलियल सेल्स फैटी एसिड को अपने भीतर लेते हैं और उन्हें पैक करके शरीर के विभिन्न हिस्सों में भेजने के लिए तैयार करते हैं। यह पैकिंग प्रक्रिया अत्यंत व्यवस्थित होती है। जब यह 'माल' पैक हो जाता है, तो इसे शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की जरूरत पड़ती है। शरीर में यह काम लिपोप्रोटीन्स करते हैं। लिपोप्रोटीन्स को उनके आकार और घनत्व के आधार पर कई श्रेणियों में बांटा जाता है। इन्हें मोटे तौर पर उस गाड़ी की तरह समझा जा सकता है, जो लिपिड को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाती है। जब यह लिपिड अपने गंतव्य तक पहुंच जाते हैं, तब उनका भंडारण होता है ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें फिर से ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। ट्राइग्लिसराइड्स और अन्य लिपिड तब तक एडिपोज टिश्यू में रहते हैं, जब तक शरीर को उनकी आवश्यकता न हो। ये सारी प्रक्रियाएं शरीर में ऊर्जा संतुलन बनाए रखने, कोशिका झिल्ली की संरचना को स्थिर रखने और हार्मोन निर्माण को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक हैं। लिपिड मेटाबॉलिज्म का सही संचालन हमारी समग्र सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आहार, व्यायाम और कई चयापचय संबंधी रोग इस पर प्रभाव डाल सकते हैं। यदि यह प्रक्रिया असंतुलित हो जाए, तो शरीर में कई बीमारियां जन्म लेने लगती हैं।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

## लगातार काम करती हैं मानव कोशिकाएं




मानव कोशिकाएं हजारों प्रकार के लिपिड बनाती हैं। इन सभी का सामूहिक रूप लिपिडोम कहलाता है। लिपिडोम की संरचना कोशिका की जरूरतों के अनुसार बदलती रहती है और यह कोशिका की पहचान तथा उसके विशेष कार्यों को निर्धारित करने में मदद करती है। लिपिड का वितरण कोशिका के भीतर अलग-अलग स्थानों पर होता है। कुछ लिपिड विशेष ऑर्गेनेल या माइक्रोडोमेन की झिल्लियों का निर्माण करते हैं। इस पूरे सिस्टम को व्यवस्थित रखने में कई प्रकार के लिपिड मेटाबॉलिज्म और ट्रांसपोर्ट सिस्टम शामिल होते हैं। इनमें एक महत्वपूर्ण भूमिका लिपिड ट्रांसफर प्रोटीन्स (LTPs) निभाते हैं। इन प्रोटीन्स की संरचना अलग-अलग होती है, लेकिन उनका काम लगभग समान होता है। वे कोशिका झिल्ली की परतों से विशेष लिपिड अणुओं को निकालते हैं और उन्हें अपने भीतर मौजूद हाइड्रोफोबिक पॉकेट में रख लेते हैं। इस तरह पानी में घुलने योग्य प्रोटीन-लिपिड कॉम्प्लेक्स बनते हैं, जो लिपिड को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते हैं। इस प्रक्रिया को लिपिड मोबिलाइजेशन कहा जाता है। कई बार ये प्रोटीन केवल मुख्य लिपिड ही नहीं, बल्कि सहायक लिपिड भी साथ ले जाते हैं, जो विनिमय मुद्रा या सह-कारक की तरह काम करते हैं। इससे यह तय होता है कि लिपिड किस दिशा में जाएगा और किस जैव रासायनिक प्रक्रिया में भाग लेगा। लिपिड मेटाबॉलिज्म और उसका परिवहन वास्तव में सूक्ष्म स्तर पर चलने वाली अद्भुत रासायनिक प्रक्रियाएं हैं, जिनका हमें सामान्य जीवन में एहसास भी नहीं होता। हम भोजन के माध्यम से पशु और वनस्पति स्रोतों से वसा ग्रहण करते हैं। इन दोनों में फैटी एसिड की श्रृंखलाएं अलग-अलग लंबाई की होती हैं। शरीर में ये अणु विभिन्न एंजाइमों और अम्लों की सहायता से टूटते-बनते रहते हैं। यह सब कुछ हमारी कोशिकाएं लगातार करती रहती हैं। वे कभी आराम नहीं करतीं। पुरानी और थकी हुई कोशिकाओं की जगह नई कोशिकाएं बनती रहती हैं और जीवन की यह रासायनिक मशीन चुपचाप चलती रहती है।

## क्या कहते हैं वैज्ञानिक शोध

हाल के वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि मनुष्य के शरीर में कम से कम 131 प्रकार के लिपिड ट्रांसफर प्रोटीन होते हैं। इनकी गड़बड़ी कई बीमारियों से जुड़ी पाई गई है। वैज्ञानिक इन प्रोटीनों और उनके लिपिड कॉम्प्लेक्स को समझने के लिए उन्नत तकनीकों जैसे एफिनिटी प्यूरिफिकेशन और मास स्पेक्ट्रोमेट्री का उपयोग कर रहे हैं। इन अध्ययनों से यह समझने की कोशिश की जा रही है कि कोशिकाओं के भीतर लिपिड का परिवहन और संतुलन कैसे बना रहता है। जब हम अपनी सेहत की जांच कराने डॉक्टर के पास जाते हैं, तो वह कई प्रकार के रक्त परीक्षण करवाने की सलाह देता है। रक्त में लगभग दो सौ से अधिक प्रकार के सूक्ष्म मेटाबोलाइट्स होते हैं, जिनकी उपस्थिति और मात्रा का पता आधुनिक मशीनों से लगाया जाता है। सामान्यत: किए जाने वाले परीक्षणों में पूर्ण रक्त गणना (CBC), रक्त शर्करा परीक्षण, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट और कॉम्प्रिहेंसिव मेटाबोलिक पैनल शामिल हैं। ये परीक्षण एनीमिया, मधुमेह, हृदय रोग, लिवर और किडनी की स्थिति जैसी कई बातों का संकेत देते हैं। इन जांचों के आधार पर डॉक्टर यह समझने की कोशिश करता है कि शरीर के भीतर चल रही जैव रासायनिक प्रक्रियाएं सही ढंग से काम कर रही हैं या नहीं, लेकिन सच यह है कि जब तक शरीर की प्राकृतिक क्षमता मजबूत रहती है, तब तक यह जटिल तंत्र अपने-आप संतुलित रहता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है और जीवनशैली असंतुलित होती है, यह संतुलन बिगड़ने लगता है। तब दवाइयों का सहारा लेना पड़ता है। आयुर्वेद में भी कहा गया है कि अधिकांश रोगों की शुरुआत पेट से होती है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात की पुष्टि कर रहा है कि भोजन और चयापचय की प्रक्रिया हमारे स्वास्थ्य का मूल आधार है। इसलिए संतुलित आहार, सीमित वसा सेवन और नियमित व्यायाम शरीर की इन सूक्ष्म जैव रासायनिक प्रक्रियाओं को स्वस्थ बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। शरीर हमें अक्सर संकेत देता रहता है कि कौन-सी चीज हमारे लिए ठीक है और कौन-सी नहीं। इन संकेतों की अनदेखी करना लंबे समय में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

# वाइल्ड लाइफ

## मकाऊ: वर्षा वनों का रंगीन और बुद्धिमान प्रहरी



मकाऊ तोते प्रकृति के सबसे आकर्षक और रंगीन पक्षियों में गिने जाते हैं। बड़े आकार, चमकीले रंगों और लंबी, खूबसूरत पूंछ के कारण ये तुरंत ध्यान खींच लेते हैं। तोते परिवार के अन्य पक्षियों से इन्हें अलग पहचान देने वाली एक खास विशेषता इनके चेहरे का वह हिस्सा है, जहां पंख नहीं होते। यह बिना पंखों वाला भाग हर प्रजाति में अलग-अलग आकार और पैटर्न में दिखाई देता है, जिससे उनकी पहचान और भी विशिष्ट हो जाती है। मकाऊ का आकार भी काफी विविध होता है। सबसे छोटे हैन मकाऊ की लंबाई लगभग 30 सेंटीमीटर (करीब 12 इंच) होती है, जबकि हायसिंथ मकाऊ दुनिया के सबसे बड़े तोतों में गिना जाता है और इसकी लंबाई लगभग 102 सेंटीमीटर (करीब 40 इंच) तक पहुंच सकती है।

इस विशालकाय मकाऊ का वजन लगभग 1550 से 1600 ग्राम तक होता है। अपने आकर्षक रूप और प्रभावशाली आकार के कारण यह पक्षी प्रकृति प्रेमियों के बीच विशेष लोकप्रिय है। भोजन की बात करें तो अधिकांश मकाऊ मुख्य रूप से बीज, मेवे और फलों पर निर्भर रहते हैं। उनकी मजबूत और शक्तिशाली चोंच उन्हें कठोर खोल वाले खाद्य पदार्थों को भी आसानी से तोड़ने में सक्षम बनाती है। ब्राजील नट्स जैसे सख्त छिलके वाले मेवे भी उनके लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं होते। यही वजह है कि मकाऊ की चोंच को प्रकृति की अद्भुत रचनाओं में से एक माना जाता है। प्रजनन के समय मादा मकाऊ आमतौर पर एक से तीन अंडे देती है। अंडों से बच्चे निकलने में लगभग 26 से 29 दिन का समय लगता है, हालांकि यह अवधि प्रजाति के अनुसार थोड़ी अलग हो सकती है। रोचक बात यह है कि नर और मादा दोनों मिलकर अपने अंडों और चूजों की रक्षा करते हैं। वे अपने घोंसले आमतौर पर ऊंचे पेड़ों के खोखलों या चट्टानों की दरारों में बनाते हैं, जहां उनके बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। मकाऊ सामाजिक और अत्यंत संवेदनशील पक्षी होते हैं।

मध्य और दक्षिण अमेरिका के वर्षावन इनके प्रमुख निवास स्थान हैं, हालांकि कुछ प्रजातियां अपेक्षाकृत शुष्क क्षेत्रों में भी पाई जाती हैं। जंगली इलाकों में मकाऊ अक्सर मिट्टी के ऊंचे ढेरों या पहाड़ियों पर इकट्ठा होते हैं, जिन्हें 'मकाऊ लिक्स' कहा जाता है। यहां वे झुंड बनाकर मिट्टी खाते हैं, जो उनके पाचन तंत्र के लिए लाभकारी मानी जाती है। इन पक्षियों की बुद्धिमत्ता भी उल्लेखनीय है। मकाऊ चंचल और जिज्ञासु होते हैं तथा वे मनुष्यों की आवाजों की नकल करने में भी सक्षम होते हैं। उड़ान में भी ये कम नहीं, ये लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ सकते हैं।

# वैज्ञानिक फैक्ट



## गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देती हीलियम

हीलियम प्रकृति का एक अत्यंत रोचक और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण तत्व है। सामान्य परिस्थितियों में यह एक हल्की और निष्क्रिय गैस के रूप में जानी जाती है, लेकिन अत्यधिक कम तापमान पर इसके गुण आश्चर्यजनक रूप से बदल जाते हैं। वैज्ञानिक प्रयोगों से पता चला है कि जब तरल हीलियम को उसके क्वथनांक, लगभग -60 डिग्री फारेनहाइट (लगभग - 268 .9 डिग्री सेल्सियस) से कुछ ही डिग्री कम तापमान तक ठंडा किया जाता है, तो यह एक विशेष अवस्था में पहुंच जाता है जिसे अतितरल (Superfluid) कहा जाता है। अतितरल अवस्था में हीलियम का व्यवहार सामान्य द्रवों से बिल्कुल अलग हो जाता है। इस अवस्था में वह बिना किसी घर्षण के प्रवाहित हो सकता है। यही कारण है कि यह किसी पात्र में डाले जाने पर केवल नीचे नहीं रहता, बल्कि धीरे-धीरे गिलास या बर्तन की भीतरी दीवारों पर चढ़कर ऊपर की ओर बढ़ने लगता है और किनारों से बाहर बह भी सकता है। देखने वाले को ऐसा लगता है मानो यह गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध कार्य कर रहा हो। इसके अतिरिक्त अतितरल हीलियम की एक और अद्भुत विशेषता यह है कि वह अत्यंत सूक्ष्म दरारों या अणु-आकार की पतली जगहों से भी रिस सकता है। सामान्य द्रव जिन दरारों से नहीं गुजर पाते, हीलियम उनसे आसानी से निकल जाता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में इसे संभालना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होता है। इन अद्भुत गुणों के कारण हीलियम का उपयोग अत्यंत निम्न तापमान वाले वैज्ञानिक प्रयोगों, क्वांटम भौतिकी के अध्ययन और शक्तिशाली चुंबकों को ठंडा रखने के लिए किया जाता है। हीलियम के बारे में एक और रोचक तथ्य यह है कि यह ब्रह्मांड में हाइड्रोजन के बाद दूसरा सबसे अधिक पाया जाने वाला तत्व है। सूर्य और अन्य तारों में इसकी बड़ी मात्रा मौजूद है। पृथ्वी पर भी यह प्राकृतिक गैस के कुछ स्रोतों में पाया जाता है और इसका उपयोग गुब्बारों, मौसम संबंधी उपकरणों तथा विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों में किया जाता है। हालांकि हीलियम को आमतौर पर सुरक्षित गैस माना जाता है, फिर भी इसका अनुचित उपयोग खतरनाक हो सकता है।

'इंजरी प्रिवेंशन' नामक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हीलियम को सीधे गुब्बारे से अंदर खींचता है, तो यह शरीर के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकता है। ऐसा करने पर कुछ क्षणों के लिए आवाज तीखी और पतली हो जाती है, क्योंकि हीलियम हवा की तुलना में हल्की होती है और ध्वनि की गति को बदल देती है, लेकिन यह मजाक कभी-कभी जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि हीलियम ऑक्सीजन की जगह ले सकती है और इससे सांस लेने में समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसलिए, भले ही जन्मदिन की पार्टी में हीलियम भरे गुब्बारों से आवाज बदलकर सुनना लोगों को मनोरंजक लगे, फिर भी सुरक्षा की दृष्टि से उनसे दूरी बनाए रखना ही समझदारी है। हीलियम का वास्तविक महत्व उसके वैज्ञानिक गुणों और प्रयोगों में है, जो हमें प्रकृति के अद्भुत रहस्यों को समझने में मदद करते हैं।

## ह्यूमैनॉइड रोबोट्स: विज्ञान की कल्पना से हकीकत तक

कृत्रिम बुद्धि के तेजी से बढ़ते विकास ने विज्ञान और तकनीक की दुनिया में एक नया अध्याय खोल दिया है। अब मशीनें केवल आदेश मानने वाले उपकरण नहीं रहीं, बल्कि वे समझने, प्रतिक्रिया देने और संवाद करने की क्षमता भी विकसित कर रही हैं। हाल ही में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2026 में प्रस्तुत ह्यूमैनॉइड रोबोट्स ने यह दिखा दिया कि भविष्य की दुनिया कितनी तेजी से बदल रही है। मानव की तरह दिखने वाले और कृत्रिम बुद्धि से संचालित ये रोबोट आपस में स्वतंत्र रूप से बातचीत कर सकते हैं, कई भाषाओं को समझ सकते हैं और मनुष्यों की भावनाओं को भी पहचान सकते हैं। यह प्रयोग केवल तकनीकी प्रदर्शन नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं की एक झलक भी है।




डॉ. राजीव अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक

अब कृत्रिम बुद्धि से संचालित ह्यूमैनॉइड रोबोट्स अर्थात् मानव के समान दिखाई पड़ने वाले और कृत्रिम बुद्धि से युक्त यंत्र के विकास ने एक नई दिशा पकड़ ली है। ये रोबोट अब केवल आदेशों का पालन करने वाली मशीनें भर नहीं रह गए हैं, बल्कि वे स्वयं संवाद करने और परिस्थितियों को समझने की क्षमता भी प्राप्त कर रहे हैं। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शो 2026 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के फ्रैंकफर्ट में आयोजित एक प्रदर्शन में रियलबॉटिक्स कंपनी के दो ह्यूमैनॉइड रोबोट्स के बीच हुई बातचीत ने वैज्ञानिक जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

Aria और David नाम के इन दोनों रोबोट्स ने लगभग दो घंटे तक एक-दूसरे से निरंतर बातचीत की। इस पूरी बातचीत में न तो किसी पूर्व-लिखित स्क्रिप्ट का उपयोग किया गया था और न ही किसी मनुष्य का हस्तक्षेप था। दोनों रोबोट्स ने अपने कृत्रिम बुद्धि तंत्र के आधार पर स्वयं ही संवाद किया। इस बातचीत की एक विशेषता यह भी थी कि उन्होंने केवल अंग्रेजी में ही नहीं, बल्कि स्पेनिश, फ्रेंच और जर्मन भाषाओं में भी संवाद किया। यह दर्शाता है कि आधुनिक कृत्रिम बुद्धि प्रणालियां भाषा को केवल शब्दों के रूप में नहीं, बल्कि विचारों और अर्थों के रूप में भी समझने लगी हैं।

इसी प्रदर्शन में एक तीसरे रोबोट ने मनुष्यों के साथ भी संवाद किया। यह रोबोट सामने खड़े व्यक्ति की पहचान कर सकता था, उसकी गतिविधियों को ट्रैक कर सकता था और उसकी आवाज तथा चेहरे के भावों से उसकी भावनाओं का अनुमान लगा सकता था। विशेष बात यह थी कि इन रोबोट्स ने बातचीत के लिए इंटरनेट का सहारा नहीं लिया। उनके भीतर स्थापित कृत्रिम बुद्धि प्रणाली और स्थानीय डेटा ही इस संवाद का आधार थे।

इसका अर्थ यह है कि अब ऐसे रोबोट विकसित किए जा रहे हैं, जो स्वतंत्र रूप से सोचने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार के प्रयोगों का महत्व केवल इतना नहीं है कि रोबोट आपस में बातचीत कर लेते हैं। असल महत्व इस बात का है कि ऐसे प्रयोग आगे आने वाले बड़े आविष्कारों की आधारशिला रखते हैं। विज्ञान के इतिहास में हम देखते हैं कि छोटे-छोटे प्रयोग और खोजें ही आगे चलकर बड़े परिवर्तन का कारण बनती हैं। कम्प्यूटर का आरंभ भी एक सीमित प्रयोग




के रूप में हुआ था, लेकिन आज वही तकनीक पूरी दुनिया के जीवन को बदल चुकी है। मुझे एक प्रसिद्ध घटना याद आती है। बिजली के आविष्कार के बाद जब थॉमस अल्वा एडिसन एक बल्ब जलाने का प्रदर्शन कर रहे थे, तब एक महिला ने उनसे पूछा- "यह सब तो ठीक है, पर इसका लाभ क्या है?" इस पर एडिसन ने मुस्कराते हुए कहा-"मैडम, जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसका तत्काल लाभ क्या होता है?" इस उत्तर में एक गहरी सच्चाई छिपी थी।

कोई भी नई खोज अपने प्रारंभिक रूप में अधूरी और सीमित दिखाई दे सकती है, लेकिन समय, श्रम और निवेश के साथ वही खोज भविष्य की बड़ी उपयोगी तकनीक बन जाती है। आज ह्यूमैनॉइड रोबोट्स के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। अभी वे प्रयोगशालाओं और प्रदर्शनियों तक सीमित दिखाई देते हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनके उपयोग के नए क्षेत्र खुलते जा रहे हैं। महान वैज्ञानिक और विज्ञान कथा लेखक आइजक एसीमोव ने अपनी प्रसिद्ध 'रोबोट्स' और 'फाउंडेशन' श्रृंखला में जिस प्रकार के उन्नत रोबोट्स की कल्पना की थी, वह आज धीरे-धीरे वास्तविकता की ओर बढ़ती प्रतीत होती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,034.42 | 23,639.15 |
| बढ़त | 829.29 | 227.70 |
| प्रतिशत में | 1.08 | 0.95 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,76,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शुक्रवार, 13 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### साउथ इंडियन बैंक ने ईपीएफओ के साथ शुरू की ईपीएफ भुगतान सेवा

**चेन्नई।** निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ मिलकर अपने इंटरनेट बैंकिंग मंच 'साइबरनेट' के जरिये कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) भुगतान सेवा शुरू की है। बैंक ने बयान में कहा कि इस एकीकरण से नियोक्ता और संस्थान अब बैंक के डिजिटल बैंकिंग मंच के माध्यम से ईपीएफ अंशदान का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। नियोक्ता और संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल के जरिये बैंक की नेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग कर ईपीएफ अंशदान, बकाया और संबंधित शुल्क का सीधे भुगतान कर सकते हैं।

### अल्फाग्रेप को म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने को सेबी की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** निवेश कंपनी अल्फाग्रेप को बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड कारोबार शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही कंपनी खुदरा परिसंपत्ति प्रबंधन क्षेत्र में प्रवेश करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अल्फाग्रेप म्यूचुअल फंड के माध्यम से उसका उद्देश्य 'एल्गोरिदम' आधारित निवेश को अधिक लोगों तक पहुंचाना है, ताकि खुदरा निवेशकों को भी उन उन्नत एवं व्यवस्थित निवेश उपकरणों तक पहुंच मिल सके जो अब तक मुख्य रूप से संस्थागत निवेशकों तथा अत्यधिक उच्च संपत्ति वाले व्यक्तियों के लिए उपलब्ध थे।

### 16 मार्च को खुलेगा जीएसपी क्रॉप साइंस का आईपीओ

**नयी दिल्ली।** कृषि रसायन कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस लिमिटेड का 400 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 16 मार्च को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ के लिए 304-320 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। आईपीओ 16 मार्च को खुलेगा और 18 मार्च को संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 मार्च को बोली लगा पाएंगे।

### एआई+ स्मार्टफोन, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने किया समझौता

**नयी दिल्ली।** स्वदेशी प्रौद्योगिकी ब्रांड एआई+ स्मार्टफोन ने ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (ओईएल) के साथ भारत में 30 लाख मोबाइल उपकरणों के विनिर्माण के लिए साझेदारी करने की बृहस्पतिवार को जानकारी दी। दोनों कंपनियों द्वारा भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत अगले पांच वर्ष में करीब 125 करोड़ रुपये का संयुक्त निवेश किया जाएगा। इस समझौते के तहत ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के नोएडा स्थित संयंत्र में मोबाइल फोन, टैबलेट, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) उपकरण और उन्नत पहनने योग्य (वेयरएबल) उपकरण बनाए जाएंगे। उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया अप्रैल 2026 से शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

### अक्जोनोबेल का नाम अब जेएसडब्ल्यू डुलेक्स

**नयी दिल्ली।** पेंट और कोटिंग बनाने वाली कंपनी अक्ज़ोनोबेल इंडिया का नाम बदलकर अब 'जेएसडब्ल्यू डुलक्स' हो गया है। कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है।

## हड़ताल




जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में लुफ्थांसा के पायलट दो दिन की हड़ताल पर हैं। गुरुवार को एयरपोर्ट पर पार्क किए गए लुफ्थांसा एयरक्राफ्ट के पास से गुजरता एक आदमी। ● फोटो : एजेंसी

### कीमतें घटाने को करेंगे 'स्ट्रैटेजिक पेट्रो रिजर्व' का इस्तेमाल : ट्रंप

**पेरिस, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध के कारण बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए अमेरिका के 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' का इस्तेमाल किया जाएगा।

सिनसिनाटी में एक स्थानीय चैनल को बुधवार को दिए साक्षात्कार में ट्रंप से जब भंडार के उपयोग के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम ऐसा करेंगे और फिर बाद में इसे फिर से भर देंगे।

उन्होंने कहा कि अभी हम इसे थोड़ा कम करेंगे और इससे कीमतें नीचे आएंगी। राष्ट्रपति ने हालांकि यह नहीं बताया कि अमेरिका अपने रिजर्व भंडार से कितने बैरल तेल जारी करेगा।

# निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों के लिए दावा प्रक्रिया सरल बनाएगा सेबी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को निवेशक की मृत्यु के बाद वारिसों को प्रतिभूतियों के हस्तांतरण की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव किया। इस पहल से नामांकित व्यक्ति और कानूनी वारिस वित्तीय संपत्तियों पर आसानी से दावा कर सकेंगे।

सेबी के परामर्श पत्र के अनुसार, नियामक ने सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौद्रिक सीमा में संशोधन करने और छोटे दावों के लिए सीधा और निर्बाध प्रसंस्करण (एसटीपी) तंत्र शुरू करने का सुझाव दिया है ताकि कागजी कार्रवाई कम हो सके और दावों के निपटान में तेजी आए। सेबी ने कहा



कि सरलीकृत दस्तावेजीकरण के लिए मौजूदा सीमाएं बहुत पहले तय की गई थीं और प्रतिभूति बाजार की भारी वृद्धि और संपत्तियों की बढ़ी हुई कीमतों को देखते हुए मौजूदा सीमाओं की समीक्षा करने की तत्काल आवश्यकता है।

प्रस्तावित ढांचे के तहत एक सत्यापन योग्य मृत्यु प्रमाण पत्र में मूल प्रमाण पत्र, नामांकित व्यक्ति द्वारा सत्यापित प्रति, नोटरी या राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रति या क्यूआर कोड वाला प्रमाण पत्र शामिल हो सकता है। कानूनी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र तहसीलदार के पद से नीचे के राजस्व अधिकारी द्वारा जारी नहीं होना चाहिए।

सेबी ने मौद्रिक सीमा में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। एसटीपी के तहत बहुत छोटे दावों के लिए सीमा भौतिक प्रतिभूतियों के लिए 10,000 रुपये और डीमैट प्रतिभूतियों के लिए 30,000 रुपये होगी। सरलीकृत दस्तावेजीकरण की सीमा भौतिक होल्डिंग के लिए बढ़ाकर 10 लाख रुपये और डीमैट होल्डिंग के लिए 30 लाख रुपये की जाएगी।

# पश्चिम एशिया संकट से घबराए शेयर बाजार तेज गिरावट जारी, 829 अंक लुढ़का सेंसेक्स

## निफ्टी भी 227.70 अंक गिरा, विशेषज्ञ बोले- फिलहाल अनिश्चितता बरकरार रहने के आसार

**मुंबई, एजेंसी**

ईरान युद्ध लम्बा खिंचने और खाड़ी क्षेत्र में तेल टैंकरों पर हमले की बढ़ती घटनाओं के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत के दायरे में लुढ़क गये। बाजार कल भी गिरावट में था। बीएसई30 में बिजली क्षेत्र की एनटीपीसी और पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और एचसीएल- इन छह शेयरों को छोड़ कर बाकी 24 कंपनियों के शेयर घाटे में बंद हुए।आज के कारोबार में बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा, एयरलाइन, वित्तीय सेवा और वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर था। उपभोक्ता क्षेत्र के शेयर भी गिरावट में दिखे। बीएसई 30 सेंसेक्स बुधवार की तुलना में गुरुवार को और 829.29 अंक (1.08 प्रतिशत) गिर कर 76,034.42 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी 227.70 अंक (0.95 प्रतिशत) गिरकर 23,628.65 पर बंद हुआ।



बुधवार को भी सेंसेक्स 1,342.27 अंक लुढ़ककर 76,863.71 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 394.75 अंक टूटकर 23,866.85 अंक पर बंद हुआ था। बीएसई30 आज 76,369.65 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 76,681.71 तथा नीचे में 75,871.18 तक गया। इसी तरह आज निफ्टी-50 सूचकांक 23,674.85 पर खुल कर ऊपर में 23,833.15 और नीचे में 23,556.30 तक गया था। आज के कारोबार में गिरावट महिंद्रा एंड महिंद्रा में दिखी। यह शेयर 4.23 प्रतिशत टूट कर 3032.80 पर बंद हुआ। मारुति 3.60 प्रतिशत टूट कर 13016 रुपये पर टिका।

एल एंड टी और अल्ट्राटेक सीमेंट भी 3 प्रतिशत से अधिक के घाटे में बंद हुए। इंडिगो का शेयर 2.26 प्रतिशत नीचे आया। बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा 2.19 प्रतिशत की गिरावट आईसीआईसीआई बैंक में रही। कोटक बैंक, एक्सिस बैंक एसबीआई ओर एचडीफसी बैंक भी हानि में बंद हुए। बजाज फिन सर्व भी हानि में रहा। रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान बेचने वाली दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान लीवर का शेयर 1.22 प्रतिशत टूट गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के सम्पत्ति प्रबंध प्रभाग के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार के निकट भविष्य में अस्थिर बने रहने के आसार हैं।

### पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से निवेशकों की संपत्ति 23.44 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक निवेशकों की संपत्ति 23.44 लाख करोड़ रुपये घट गयी है। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले से शेयर बाजारों में तेज गिरावट आई है और बीएसई सेंसेक्स छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया है। इस संघर्ष के कारण फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित संकरे जलमार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 6.66 प्रतिशत बढ़कर 98.11 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार में 27 फरवरी से, 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 5,252.77 अंक यानी 6.46 प्रतिशत नीचे आया है। इस दौरान बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 23,44,237.26 करोड़ रुपये घटकर 4,40,06,434.01 करोड़ रुपये (4,770 अरब डॉलर) हो गया।

बाजार पर पश्चिम एशिया के संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली का प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा आपूर्ति में संभावित बाधा की चिंताएँ तब बढ़ गईं जब ब्रेंट क्रूड लगभग 9 प्रतिशत उछलकर 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। यह वृद्धि उन खबरों के बाद आयी है कि ईरान की विस्फोटक से लैस नौकाओं ने दो ईंधन टैंकर-पोत पर हमले किये और कुछ तेल बंदरगाहों पर संचालन रोक दिया गया। इसने वहां संघर्ष के बीच आपूर्ति को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है। श्री खेमका ने कहा कि आज मिडकैप 100 सूचकांक में 0.4 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 में में 0.7 प्रतिशत की गिरावट यह दर्शाती है कि बाजार में व्यापक स्तर पर बिकवाली हुई।

मार्च में अब तक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजार में लगातार शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। एफआईआई ने स्थानीय बाजार से अब तक लगभग 39,116 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है।

# ग्रामीणों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने वाले बनें ग्रामीण बैंक: वित्त मंत्रालय

## कहा-आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करें

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचनाओं यानी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथा मिल कर काम करने के लिए कंसोर्टियम आधारित दृष्टिकोण अपनाने को कहा ताकि वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिन-रात बेहतर सेवा कर सकें।

भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने डीएफएस के मार्गदर्शन में राजधानी में आरआरबी में अगली पीढ़ी के सुधार-चुनौतियां और अवसर विषयक सम्मेलन में इन बैंकों के लिए अगली पीढ़ी के सुधारों की दिशा में अवसरों, चुनौतियों और रोडमैप पर विचार-विमर्श किया गया। इसका उद्देश्य उनकी अवसंरचना और कार्यप्रणाली मजबूत बनाना है।

विकसित भारत 2027 के लक्ष्य में आरआरबी की भूमिका के महत्व पर भी चर्चा की गयी। वित्त मंत्रालय की आरे से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में




डीएफएस के संयुक्त सचिव आशीष माधवराव मोरे ने कंसोर्टियम आधारित दृष्टिकोण को मजबूत करने और आईटी अवसंरचना के आधुनिकीकरण पर जोर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी आरआरबी का दृष्टिकोण ऐसा होना चाहिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए हमेशा उपलब्ध रहने वाले बैंक के रूप में कार्य करें।

उन्होंने आरआरबी से आग्रह किया कि वे नवोन्मेषी पहुंच कार्यक्रमों, सहकर्मी सर्वोत्तम विधियों, स्थानीय भाषाओं के अनुकूल डिजिटल सेवाओं तथा डिजिटल चैनलों पर बनाए गये प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से ग्राहकों के साथ जुड़ाव को बढ़ाएं।

# चार करोड़ लीटर अतिरिक्त केरोसिन राज्यों को आवंटित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के विकल्प के रूप में राज्यों को अतिरिक्त 40,000 किलोलीटर केरोसिन (मिट्टी का तेल) आवंटित किया गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों द्वारा चिह्नित लाभार्थियों को कुछ और वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति की स्थिति फिलहाल



संतोषजनक है और करीब एक लाख पेट्रोल पंप में कहीं भी ईंधन खत्म होने की स्थिति नहीं है।

यह बयान पश्चिम एशिया संकट के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आने वाले तेल एवं गैस आयात के काफी हद तक बाधित हो जाने के बीच आया है। इसकी वजह से रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत की शिकायतें सामने आ रही हैं।

### एलपीजी संकट: ईंधन विकल्पों पर विचार कर रहीं कंपनियां

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण एलपीजी आपूर्ति में पैदा हुए व्यवधानों से निपटने को डिब्बाबंद खाद्य उत्पाद बेचने वाली कंपनियां अब इलेक्ट्रिक उपकरणों और जैव ईंधन जैसे विकल्पों पर विचार कर रही हैं। बालाजी वेफर्स, गोपाल स्नैक्स और ठेके पर खाद्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी कम्पास इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि वे हालात से निपटने के लिए संबंधित सरकारी निकायों के संपर्क में हैं और वैकल्पिक ईंधन के उपयोग पर विचार कर रही हैं। बालाजी वेफर्स के चंदू विरानी ने कहा कि हम ईंधन को बदलने और तरल विकल्प का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।

# अमेरिका ने शुरू की भारत, जापान चीन और यूरोपीय संघ के खिलाफ जांच

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका ने भारत, चीन, जापान और यूरोपीय संघ जैसे अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ जांच शुरू की है। इसका उद्देश्य उन अनुचित विदेशी प्रथाओं का पता लगाना है जिनसे अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301(बी) के तहत विभिन्न देशों की नीतियों, कार्यों तथा प्रथाओं की जांच शुरू करने की घोषणा की। यह जांच विनिर्माण क्षेत्रों में संरचनात्मक अतिरिक्त क्षमता एवं अत्यधिक उत्पादन से जुड़े मुद्दों

- **अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं ये सभी, बांग्लादेश, कंबोडिया, इंडोनेशिया समेत कुल 16 देश हैं जांच के दायरे में**

पर केंद्रित है। यह जांच बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, यूरोपीय संघ, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, मेक्सिको, नॉर्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, थाईलैंड और वियतनाम के खिलाफ शुरू की गई है। यूएसटीआर ग्रीर ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जांच के दौरान यह तय किया जाएगा कि इन देशों की नीतियां और प्रथाएं अनुचित या भेदभावपूर्ण हैं या नहीं और क्या वे अमेरिकी व्यापार पर बोझ डालती हैं या उसे सीमित करती हैं। ग्रीर ने कहा कि अमेरिका अब अपने औद्योगिक आधार को उन देशों के लिए बलिदान नहीं करेगा, जो अतिरिक्त उत्पादन एवं क्षमता की अपनी समस्याएं हमारे यहां निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस संकल्प को दर्शाती है, जिसके तहत महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को फिर से अमेरिका में स्थापित करने एवं अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्रों में बेहतर वेतन वाली नौकरियां उत्पन्न करने का प्रयास किया जा रहा है।

यूएसटीआर ने इन देशों की सरकारों से परामर्श का अनुरोध किया है। इन जांचों पर टिप्पणियां 17 मार्च से दर्ज की जाएंगी जबकि सुनवाई पांच मई 2026 से शुरू होगी।

### रूस की ईंधन निर्यात से सात अरब डॉलर की कमाई

**मॉस्को, एजेंसी।** ईरान युद्ध के दौरान रूस ने कच्चे तेल एवं गैस के निर्यात से लगभग सात अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई की है। शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने पाया कि रूस का दैनिक राजस्व फरवरी की तुलना में औसतन 14 प्रतिशत अधिक रहा है।

यूरोप का शोध संस्थान वास्तविक समय में रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात राजस्व पर नजर रखता है। यह विश्लेषण बृहस्पतिवार को उर्गेवाल्ड नामक एक जर्मन गैर-लाभकारी संस्था ने प्रकाशित किया था। संस्था जीवाश्म ईंधन वित्तपोषण के खिलाफ अभियान चलाती है।

# बांध के ऊपरी जलक्षेत्रों और जलाशयों में किया जाएगा मछली पालन, निर्देश जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने कहा है कि मत्स्य पालन विभाग (डीओएफ) ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के तहत बाँध के ऊपरी क्षेत्रों और जलाशयों में मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाये हैं।

मछली पालन की इन अप्रयुक्त सुविधाओं और संसाधनों का लाभ उठाने के लिए, मत्स्य पालन विभाग ने सभी राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और हितधारकों के परामर्श से जलाशय मत्स्य पालन प्रबंधन के लिए मॉडल दिशानिर्देश तैयार किए हैं और कार्यान्वयन के लिए सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को भेजे हैं। यह जानकारी मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी। बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत, सरकार ने जलाशय मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यों का समर्थन किया है।

इनमें 62,836 पिंजरों की स्थापना, 545 हेक्टेयर पेन का निर्माण, 3.0 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में फिंगरलिंग का संचयन और 2,171.37 करोड़ रुपये की लागत से 23 जलाशयों का एकीकृत विकास शामिल है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने जुटाया 50 करोड़ डॉलर का ऋण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने गिफ्ट सिटी स्थित अपने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) बैंकिंग इकाई के माध्यम से 50 करोड़ डॉलर का पांच साल का ऋण जुटाया है। इस ऋण में एशिया के प्रमुख बाजारों के निवेशकों ने भागीदारी की।

यह करीब एक वर्ष के अंतराल के बाद वैश्विक कर्जदाताओं के समूह के ऋण बाजार में बैंक की वापसी को दर्शाता है। इस तरह का ऋण एक ऐसी वित्तीय व्यवस्था है जिसमें ऋणदाताओं का एक समूह (जिसे सिंडिकेट कहा जाता है) मिलकर एक ही उधारकर्ता को बड़ी राशि का ऋण प्रदान करता है। बैंक ने बृस्पतिवार को बयान में कहा कि इस सुविधा से प्राप्त राशि का उपयोग सामान्य बैंकिंग और कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# बॉब वूमेन सफायर एकाउंट : ऐसा खाता जहां कैंसर भी कवर है

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने महिलाओं के लिए शुरू किया प्रीमियम बचत खाता, मिलेगा और भी बहुत कुछ

**मुंबई।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने महिलाओं के लिए एक विशेष प्रीमियम बचत खाता बॉब वूमेन सफायर सेविंग एकाउंट का शुभारंभ किया है। यह एक प्रीमियम रेंज का बैंक खाता है जो विशिष्ट वर्ग की महिलाओं को विशेष सुविधाएं प्रदान करता है।

यह खाता 10 लाख तक की कैंसर देखभाल कवरेज योजना, परिवार के छह सदस्यों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श तथा दवाओं एवं पैथोलॉजी टेस्ट पर रियायतों सहित सेहत से जुड़े कई लाभ प्रदान करता है। साथ ही श्रेष्ठ बैंकिंग और जीवन शैली से जुड़े लाभ भी इसके खाताधारक को मिलते हैं।

इस खाते के शुभारंभ की घोषणा करते हुए बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि बॉब वूमेन सफायर बचत खाता सार्थक, महिला-केंद्रित वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा उद्देश्य प्रीमियम बैंकिंग तथा लाइफस्टाइल

जानकारी




सुविधाओं को सेहत से जुड़े फ़ायदों के साथ जोड़ते हुए, महिलाओं की बदलती आकांक्षाओं को पूरा करना है और साथ हीप्रगतिशील महिला वर्ग के साथ हमारा जुड़ाव सुदृढ़ करते हुए जमा संग्रहण पर ध्यान देना है।

यदि आप इस विशेष खाते की सुविधाएं प्राप्त करना चाहती हैं तो इसके लिए आपको खाते में प्रतिमाह कम से कम एक लाख रुपये के लेनदेन का औसत रखना होगा। आइए जानते हैं इस खाते से जुड़ी हर बात जो आपको जाननी चाहिए।

### खाते की मुख्य विशेषताएं-

**मासिक औसत शेष :** 1 लाख

**नि :शुल्क कैंसर देखभाल कवरेज* :** 10.00 लाख (18 वर्ष से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं के लिए)

**सेहत से जुड़े लाभ :** परिवार के 6 सदस्यों के लिए नि :शुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श; दवाओं पर 15% तक की रियायत; पैथोलॉजी टेस्ट पर 20% तक की रियायत

**बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड**—नि :शुल्क कार्ड जारी, घरेलू हवाई अड्डे पर लाउंज एक्सेस, स्वास्थ्य जांच, जिम सदस्यता, स्पा/सैलून, उबर कूपन, ओटीटी सदस्यता

इसके अतिरिक्त कुछ शर्तों के साथ...

**बॉब कार्ड टियारा क्रेडिट कार्ड :** प्रथम वर्ष के शुल्क में 50% रियायत (रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में), नि :शुल्क महिला स्वास्थ्य पैकेज, वैयक्तिक दुर्घटना कवरेज, मिंत्रा, नायका, फ्लिपकार्ट, लेक्मे आदि के वाउचर्स, घरेलू हवाई अड्डे परअसीमित नि :शुल्क लाउंज एक्सेस

**गृह ऋण :** गृह ऋण प्रोसेसिंग प्रभार पर 50% की रियायत

**लॉकर सुविधा :** लॉकर प्रभार पर 20 प्रतिशत की रियायत, अधिकतम 500 तक

## वर्ल्ड ब्रीफ

### जम्मू: पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई 12 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

**जम्मू।** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन द्वारा गिराई गई करीब दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 करोड़ रुपये आंकी गई है। अधिकारियों के अनुसार, जम्मू पुलिस और बीएसएफ की 101वीं बटालियन ने बुधवार देर रात बिश्नाह क्षेत्र के बहादुरपुरा गांव में एक खेत से यह हेरोइन बरामद की। पुलिस ने बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान रस्सी और हुक से जुड़ा एक बैग बरामद हुआ जिसमें हेरोइन के छोटे पैकेट थे। पुलिस ने इस बरामदगी को मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि करार दिया है। जहां यह हेरोइन गिराई गई थी वह अंतरराष्ट्रीय सीमा से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित है।

### इथियोपिया: भूस्खलन के कारण 50 लोगों की मौत, 125 लापता

**अदीस अबाबा।** दक्षिणी इथियोपिया के तीन जिलों में एक सप्ताह तक हुई भारी बारिश के बाद भूस्खलन के कारण 50 लोगों की मौत हो गई और 125 लापता हैं। गामो जोन के आपदा प्रतिक्रिया निदेशक मेसफिन मनुका के अनुसार, भूस्खलन गामो जोन में हुआ और तीन जिले गाचो बाबा, कम्बा और बोंके प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के दौरान एक व्यक्ति को कीचड़ से जिंदा बाहर निकाला गया। गाचो बाबा जिले के संचार प्रमुख अबेबे अगेना ने बताया कि मरने वालों में से ज्यादातर के शव कीचड़ में दबे हुए पाए गए। उन्होंने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भूस्खलन से कितने मकान प्रभावित हुए हैं।

### पाकिस्तान में मोर्टार में विस्फोट के कारण पांच लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से सटे एक रिहायशी इलाके में बुधवार देर रात मोर्टार का गोला फटने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले की तिराह घाटी के सेरी कंदाओ इलाके में हुई। अज्ञात दिशा से दागा गया मोर्टार का गोला रिहायशी इलाके में आकर गिरा जिससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में नियाज बादशाह नाम का व्यक्ति, उसके दो बेटे, उसका भतीजा और पोता मारे गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई।

# सेनेगल में समलैंगिक संबंधों पर अब होगी 10 साल तक की सजा

दकार, एजेंसी

- संसद में विधेयक पारित, पहले 5 साल की सजा का था प्रावधान

सेनेगल की संसद ने बुधवार को समलैंगिक संबंधों के लिए अधिकतम सजा को दोगुना करते हुए 10 साल तक की जेल का प्रावधान करने वाला विधेयक पारित कर दिया। नेशनल असेंबली में भारी बहुमत से पारित इस विधेयक को कानून बनने के लिए अब राष्ट्रपति बासिरौ डियोमाये फेय की मंजूरी मिलनी बाकी है।

इस विधेयक में समलैंगिक संबंधों को बढ़ावा देने या वित्तपोषित करने के दोषियों के लिए भी आपराधिक दंड शामिल है। विधेयक में ''प्रकृति के विरुद्ध कृत्य'' (समलैंगिक संबंधों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द) के लिए सजा को बढ़ाकर 5 से 10 साल कर दिया गया है, जबकि पहले यह 1 से 5 साल थी। इसके साथ ही, समलैंगिक संबंधों का समर्थन करने पर किसी भी व्यक्ति के लिए तीन से सात साल की जेल का प्रावधान है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, फरवरी से अब तक देश में समलैंगिक निरोधक कानूनों के तहत दर्जनों पुरुषों को गिरफ्तार किया गया है।

कई घंटों की बहस के बाद, सांसदों ने इसके पक्ष में 135 मत डाले, जबकि तीन सांसद अनुपस्थित रहे और विरोध में एक भी मत नहीं पड़ा। बहस के दौरान सांसद डियारे बा ने कहा, इस देश में अब समलैंगिक सांस नहीं ले पाएंगे। उन्हें अभिव्यक्ति की आजादी नहीं मिलेगी।

## चर्चाओं में अटका हुआ एक कानून

समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी देश में कई वर्षों से चर्चाओं में है, लेकिन न अभी कानून की शक्ल ले पाया है, न ही केंद्रीय स्तर पर इसके लागू होने की कोई संभावना नजर आ रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की केंद्र के लिए उल्लिखित टिप्पणी की कि देश में यूसीसी लागू करने का समय आ गया है। इससे से यह मुद्दा फिर चर्चा में आ गया। हालांकि इसके बाद केंद्र की ओर से अभी कोई स्थिति साफ नहीं की गई है कि वह इसे कानून का रूप देने के लिए क्या कदम उठाएगा। दरअसल, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में उल्लेख है कि राज्य पूरे भारत में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। इसी आधार पर राजनीतिक रूप से यूसीसी लागू करने की घोषणाएं हुईं, लेकिन ठोस पहल नहीं हुई। इस बीच उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य जरूर बन गया।

# यूसीसी का भविष्य



देश भर में हुआ था विरोध

### घोषणाएं और वास्तविकता

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे सेक्युलर सिविल कोड नाम देते हुए कहा था कि देश को एक ऐसा कानून चाहिए जो धार्मिक भेदभाव खत्म करे।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्पष्ट रूप से घोषणा कर चुके हैं कि भाजपा सरकार अपने कार्यकाल के भीतर देशभर में यूसीसी लागू करेगी।
- देश की विशाल धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के कारण सर्वसम्मत कानून बनाना चुनौतीपूर्ण, राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी भी रही।

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का क्या है मतलब

- सुप्रीम कोर्ट ने 10 मार्च 2026 को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि अब देश में यूसीसी लागू करने का समय आ गया है।
- कोर्ट ने माना कि पर्सनल लॉ जैसे शरीयत एक्ट 1937 के कारण महिलाओं को विरासत जैसे अधिकारों में भेदभाव से जूझना पड़ता है।
- अलग-अलग पर्सनल लॉ कई बार कानूनी उलझनें पैदा करते हैं। इसलिए संसद को यूसीसी के जरिए नया ढांचा तैयार करना चाहिए।

### यह हो सकता है सरकार का रुख

- सुप्रीम कोर्ट की ताजा टिप्पणी के बाद केंद्र सरकार पर संसद में राष्ट्रीय स्तर पर बिल को लाने का दबाव बढ़ा है।
- सरकार 22वें विधि आयोग के जरिए समावेशी मसौदा तैयार करने को धार्मिक समूहों के साथ चर्चा कर सकती है।
- उत्तराखंड की तरह अन्य भाजपा शासित राज्य भी अपने यहां यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

### फिलहाल ये है स्थिति

- केंद्र सरकार और उसके मंत्रियों ने कई घोषणाएं तो की हैं लेकिन देश भर में यूसीसी लाने के लिए अभी तक कोई अंतिम आधिकारिक मसौदा सार्वजनिक नहीं किया है।
- 22वें भारतीय विधि आयोग को मसौदा तैयार करने का काम सौंपा गया था। आयोग ने जून 2023 में जनता और धार्मिक संगठनों से सुझाव मांगे थे, जिसमें 19 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं।
- रिपोर्ट्स के अनुसार, विधि आयोग का काम अंतिम चरण में है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर विधेयक पेश करने से पहले सरकार अभी भी विभिन्न समुदायों के साथ परामर्श चरण में है।

### कानून का विरोध क्यों

- विरोधियों का तर्क है कि यह अनुच्छेद 25 यानी धर्म को मानने और अभ्यास करने की स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है।
- उनका कहना है कि यह भारत की अनेकता में एकता की भावना और समुदायों की विशिष्ट परंपराएं नष्ट कर सकता है।
- कई जनजातीय समूहों को डर है कि उनके विशेष रीति-रिवाज और सुरक्षात्मक कानून यूसीसी के आने से प्रभावित होंगे।

# एलपीजी संकट : देश में 50 प्रतिशत से ज्यादा घटा स्विगी-जोमैटो का कारोबार

## बेरोजगार हुए गिग वर्कर्स ने मांगी 10,000 रुपये की राहत और आईडी सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में एलपीजी संकट के चलते स्विगी और जोमैटो जैसे फूड डिलीवरी फार्मों की हालत खराब हो गई है। ऑर्डर में 50 से 60 प्रतिशत तक की गिरावट का हवाला देते हुए 'गिग एवं प्लेटफॉर्म सेवा कर्मचारी संघ' (जीआईपीएसडब्लूयू) ने गुरुवार को फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्मों से मुआवजे और आईडी निलंबन से सुरक्षा की मांग की है।

श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में संघ ने कहा कि कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी से रेस्तरां, ढाबों, क्लाउड किचन, कैटरिंग सेवाओं और स्ट्रीट फूड बंद हो गए हैं। इससे उनकी आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। ज्यादातर गिग वर्कर्स घर के जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संघ के प्रवक्ता निर्मल गोराना ने कहा, हमारे सदस्य भुखमरी की कगार पर हैं। उननके परिवार दो वक्त की रोटी को तरस रहे हैं और बच्चे भूखे सो रहे हैं। तय वेतन और सामाजिक सुरक्षा न होने के कारण गिग कर्मचारी इस मंदी की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं।

गोराना ने कहा, दिन भर में 30 डिलीवरी से गिरकर अब 5-10 रह गई हैं, ऊपर से कंपनियां आईडी निलंबित करने की धमकी दे रही हैं। संघ ने कहा कि इस मंदी का असर खाद्य आपूर्ति शृंखला से जुड़े अन्य कर्मचारियों पर भी पड़ रहा है। टैक्सी सेवा ड्राइवरों को रेस्तरां से मिलने वाले फेरों में कमी आई है, क्लाउड किचन में काम करने वाले कर्मचारियों की नौकरियां जा रही हैं। गोराना ने कहा, लगभग एक करोड़ कर्मचारी इससे प्रभावित हो रहे हैं।



मुंबई में बृहस्पतिवार को सिर पर लादकर गैस सिलेंडर ले जाती एक महिला।

### दिल्ली: कई रेस्टोरेंट पर पर सिर्फ राजमा-चावल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में एलपीजी की अनुपलब्धता का रेस्टोरेंट और ढाबों पर पड़ने लगा है। कई रेस्टोरेंट ने अपने मेन्यू को सीमित कर दिया है। कनॉट प्लेस में एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट ने नोटिस लगाया गया है कि गैस सिलेंडर न होने की वजह से मेन्यू में विकल्प सीमित हैं। कई ढाबों पर लगाएगए पोस्टर पर लिखा है कि सिर्फ राजमा चावल और कढ़ी चावल ही उपलब्ध है क्योंकि गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं। इस बीच, दिल्ली सरकार ने कहा है कि राजधानी में ईंधन आपूर्ति की कुल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### निर्यात इकाइयों प्राथमिकता से मिले गैस : फियो

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के निकाय फियो ने बृहस्पतिवार को सरकार से निर्यात-उन्मुख विनिर्माण इकाइयों को प्राथमिकता के आधार पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस आवंटित करने का आग्रह किया है। फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि उन्होंने इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को पत्र लिखा है क्योंकि 'विनिर्माण निर्यातक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इनके लिए ईंधन के रूप में एलपीजी और प्राकृतिक गैस का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर करने की तत्काल आवश्यकता है।

### बिहार में सिलेंडर के लिए लंबी कतारें, अधिकारियों ने कहा- कोई कमी नहीं

**पटना।** बिहार के कई जिलों में बृहस्पतिवार को गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। हालांकि, प्रशासन ने दावा किया कि एलपीजी सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को कहा था कि केंद्र और राज्य सरकार लोगों को एलपीजी सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए काम कर रही है। उधर, शिवहर जिले में लछका पुल के पास लोगों ने सिलेंडरों की कालाबाजारी के विरोध में प्रदर्शन भी किया।

### केंद्र के खिलाफ मार्च निकालेंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बढ़ते उर्जा संकट के लिए केंद्र की नीतियों को जिम्मेदार ठहराते हुए अगले सप्ताह कोलकाता में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। पार्टी के अनुसार, ममता केंद्र द्वारा स्थिति को संभालने में नाकाम रहने के खिलाफ सोमवार को सड़कों पर उतरेंगी। हालांकि, इसका स्थान अभी तय नहीं किया गया है।




देश में घरेलू गैस के संकट के खिलाफ विपक्ष के सांसदों ने बृहस्पतिवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

### गैस संकट के खिलाफ संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने देश में एलपीजी के संकट को लेकर बृहस्पतिवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। संसद के मकर द्वार के निकट कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक और कई अन्य विपक्षी दलों के सांसद एकत्र हुए और उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने 'मोदी जी एलपीजी' के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने गैस सिलेंडर की आकृति वाली तख्तियां भी ले रखी थीं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि ईंधन संकट को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन वह ख़ुद अलग कारणों से घबराए हुए नज़र आ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा, 30 विधायक निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में बृहस्पतिवार को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि राज्य में लोगों को रसोई गैस सिलेंडर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है और इस विषय पर चर्चा की मांग की। सभापति ने उनकी मांग स्वीकार नहीं की, जिसके बाद कांग्रेस विधायक आसन के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। सदस्यों के आसन के समीप आने पर नियमों के तहत उन्हें निलंबित कर दिया गया। बाद में सभापति ने कांग्रेस के 30 सदस्यों के निलंबित होने की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद उनका निलंबन रद्द कर दिया गया। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए, विपक्ष के नेता चरणदास महंत ने कहा कि राज्य में रसोई गैस सिलेंडर की कमी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले भरोसा दिलाया था कि छत्तीसगढ़ में किसी भी तरह की कमी नहीं होगी, लेकिन अगले ही दिन कीमतें बढ़ा दी गईं।

### ओडिशा में विधानसभा तीन बार हुई स्थगित

**भुवनेश्वर।** एलपीजी संकट और सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण गुरुवार को ओडिशा विधानसभा की कार्यवाही काफी बाधित हुई। सदन में भारी हंगामे को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी को कार्यवाही तीन बार स्थगित करनी पड़ी और अंतत: सदन को शाम चार बजे तक के लिए निलंबित कर दिया गया। प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य हाथों में तख्तियां लिए सदन के बीचोंबीच आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

# अश्वेतों के मुद्दे पर दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका के बीच तनातनी

प्रिटोरिया, एजेंसी

- अमेरिकी राजदूत ने की थी अश्वेतों को सशक्त बनाने की नीतियों की आलोचना
- दक्षिण अफ्रीका ने तलब करके जताई नाराजगी ट्रंप भी कर चुके हैं विवादित टिप्पणी

दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिकी राजदूत को उनकी गैर-राजनयिक टिप्पणियों पर नाराजगी जताते हुए ष्टीकरण देने के लिए तलब किया है। यह विवाद दक्षिण अफ्रीका की नस्लीय नीतियों एवं अदालती फैसलों पर राजदूत की टिप्पणी के बाद शुरू हुआ है। कंजर्वेटिव दूत ब्रेंट बोझेल ने पिछले महीने ही यहां अपना पद संभाला है।

दक्षिण अफ्रीका के अमेरिकी सहयोगी इजराइल के खिलाफ नरसंहार का मामला दर्ज कराने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विवादित बयान के बाद कि श्वेत अफ्रीकी प्रताड़ित किए जा रहे हैं, दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में पहले से ही दरार आ चुकी है। मंगलवार को अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में नए राजदूत ने रंगभेद काल के नारे 'किल द बोअर, किल द फार्मर' को 'हेट स्पीच' करार दिया और अश्वेत दक्षिण अफ्रीकियों को सशक्त बनाने वाली नीतियों की आलोचना की। दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा, हमने अमेरिका के राजदूत बोझेल को उनकी गैरराजनयिक टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया है। ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में श्वेतों के नरसंहार के अपने निराधार दावों के समर्थन में इस नारे का इस्तेमाल किया है। पिछले साल मई में व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ बैठक में उन्होंने इसके वीडियो क्लिप भी दिखाए थे।

दक्षिण अफ्रीका में यह नारा विवादित है, लेकिन वहां की अदालतों ने फैसला सुनाया है कि यह 'हेट स्पीच' के दायरे में नहीं आता। अदालतों का मानना है कि इसे 1994 में समाप्त हुए श्वेत-अल्पसंख्यक शासन के खिलाफ संघर्ष के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। मंगलवार को व्यापारिक नेताओं की बैठक में बोझेल ने कहा था, मुझे खेद है, मुझे फर्क नहीं पड़ता कि आपकी अदालतें क्या कहती हैं, यह हेट स्पीच है। बुधवार को नए दूत अपने बयान से पीछे हटते नजर आए। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि भले ही मेरी निजी राय कई दक्षिण अफ्रीकियों की तरह यही है कि 'किल द बोअर' हेट स्पीच है, लेकिन अमेरिकी सरकार दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका की स्वतंत्रता और उसके फैसलों का सम्मान करती है।

# भारत ने कहा- पाकिस्तान का बयान हास्यास्पद और बेतुका

- तालिबान के साथ सीमा संघर्ष के पीछे बताया था भारत का हाथ

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया है जिनमें कहा गया था कि पाकिस्तानी सैनिकों और तालिबान के बीच हालिया झड़पों के पीछे भारत का हाथ है। भारत ने कहा कि किसी भी तरह की कहानी इस तथ्य को नहीं बदल सकती कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद का समर्थन करता है।

भारत ने भारत-कनाडा यूरेनियम समझौते पर पाकिस्तान की आलोचना को भी खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को हास्यास्पद और उसके बेहद खराब प्रदर्शन से ध्यान भटकाने का प्रयास बताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अपनी गलतियों के लिए भारत को दोषी ठहराना पाकिस्तान की आदत बन गई है। जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग में कहा, हम ऐसे निराधार आरोपों को खारिज करते हैं। उन्होंने कहा, दशकों से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के रूप में सीमा पार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान की विश्वसनीयता शून्य है। कोई कहानी इस वास्तविकता को नहीं बदल सकती और न पाकिस्तान के पीड़ित होने के दावों से कोई मूर्ख बन सकता है।



रूस का शिवलेचु ज्वालामुखी फटा

### आठ किलोमीटर ऊंचाई तक उठा राख-धुएं का गुबार

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर शिवेलुच ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद आसमान में आठ किमी ऊंचाई तक धुएं और राख का गुबार फैल गया। रूसी विज्ञान अकादमी के ज्वालामुखी विज्ञान और भूकंप विज्ञान संस्थान की टीम ने गुरुवार को बताया, ज्वालामुखी में विस्फोट के साथ उत्सर्जन गैस और भाप भी निकली। विस्फोटों के कारण राख समुद्र तल से 8 किलोमीटर ऊपर तक पहुंच गई और राख का यह बादल ज्वालामुखी से 10 किलोमीटर पूर्व की ओर बढ़ गया।

# अजित पवार के विमान हादसे की हो निष्पक्ष जांच: राहुल

- पवार के भतीजे के आग्रह के बाद की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के बारामती विमान हादसे की जांच में बुनियादी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं होने के मामले में चिंता व्यक्त करते हुए घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है।

इस हादसे में महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और कई अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, रोहित पवार ने आज मुझसे मुलाकात की और मुझे एक पत्र दिया जिसमें उन्होंने बारामती विमान दुर्घटना की जांच पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इस विमान दुर्घटना में अजीत पवार जी और अन्य लोगों की जान चली गई। इस मामले में जरूरी कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने लिखा, कानून के बुनियादी सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है। यह मामला बहुत गंभीर था इसके बावजूद इसमें कोई प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। श्री गांधी ने इस मामले में जवाबदेही की मांग करते हुए घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता पर बल दिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन विद्यार्थियों के लिये अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में प्रतिष्ठा की हानि हो सकती है। व्यर्थ की यात्रा से बचना चाहिए।

**तुला** — आज व्यवसाय में आय की वृद्धि होगी। अपना लक्ष्य समय से पहले ही पूर्ण कर लेंगे। अपनी विचारधारा का प्रभाव लोगों पर छोड़ पाएंगे।

**वृष** — आज आपका मन अशांत हो सकता है। नए कार्यों को लेकर थोड़ी सावधानी बरतनी होगी। किसी के साथ झड़प होने की संभावना है।

**वृश्चिक** — आज मित्रों के माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। समाज में आपकी विशेषताओं पर चर्चा हो सकती है। घर में आपका मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** — आज नया वाहन खरीदने का विचार बनाएंगे। कार्यक्षेत्र में समृद्धि का वातावरण रहेगा। बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने का प्रयास करें।

**धनु** — आज कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। व्यापार में पुराने ऋणों से मुक्त हो सकते हैं। कारोबार में नए प्रयोग करना हितकर होगा।

**कर्क** — आज आपकी निर्णय क्षमता में वृद्धि होगी। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**मकर** — आज बेरोजगारों को जॉब के अवसर मिल सकते हैं। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करें।

**सिंह** — आज कोई बनता हुआ काम बिगड़ सकता है। सरकारी अधिकारियों को अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। इंफेक्शन की समस्या हो सकती है।


**कुंभ** — आज संतान की उपलब्धियों से उत्साहित रहेंगे। समाज में सम्मान प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर आप काफी समय बिताएंगे।

**कन्या** — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। दिन आशाओं पर खरा उतरता प्रतीत नहीं होगा। जॉब में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा।

**मीन** — आज व्यावसायिक अनुबंधों को समय से पूर्ण कर लेंगे। नए कार्यों में निवेश प्रारंभ कर सकते हैं। अपने स्वभाव में नम्रता बनाए रखें।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 13 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 06 .28 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 14 मार्च 03 .03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

### सुडोकू - 86 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 4 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 7 | 2 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 2 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 | 2 |

### सुडोकू -87

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 6 | | | | 5 | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| 1 | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 4 | | 3 | | 8 | | 6 | | |
| | 2 | | | | 9 | | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | | |
| | 6 | | | | 5 | 2 | | 1 |

## विश्व राजनीति

### संयुक्त राष्ट्र में सहप्रायोजित किया खाड़ी देशों और जॉर्डन पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव, रूस-चीन ने बनाई दूरी

# ईरान के खिलाफ खड़े होने वाले देशों में शामिल हुआ भारत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में उस प्रस्ताव को सह प्रायोजित किया जिसमें खाड़ी सहयोग परिषद के देशों और जॉर्डन के खिलाफ ईरान की ओर से किए गए भीषण हमलों की निंदा की गई है। इस प्रस्ताव में सभी ईरानी हमलों को तत्काल रोके जाने की मांग की गई है और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों की भी निंदा की गई है।

अमेरिका की अध्यक्षता वाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने 13 मतों के साथ इस प्रस्ताव को बुधवार को पारित किया। इसके खिलाफ कोई मत नहीं पड़ा जबकि वीटो अधिकार वाले स्थाई सदस्यों चीन और रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। भारत ने 130 से अधिक देशों के साथ मिलकर बहरीन के नेतृत्व वाले इस प्रस्ताव को सह प्रायोजित किया। इस प्रस्ताव को प्रायोजित करने वाले देशों में ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बांग्लादेश, भूटान, कनाडा, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, यूनान, इटली, जापान, कुवैत, मलेशिया, मालदीव, म्यांमा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, स्पेन, यूक्रेन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका, यमन और जाम्बिया शामिल हैं। इस प्रस्ताव के कुल 135 सह-प्रायोजक थे।

प्रस्ताव में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के प्रति मजबूत समर्थन को दोहराया गया है। इसमें ईरान के भीषण हमलों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा गया है कि इस प्रकार के कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। प्रस्ताव में मांग की गई है कि ईरान जीसीसी देशों एवं जॉर्डन के खिलाफ सभी हमलों को तत्काल रोके और पड़ोसी देशों के खिलाफ छद्म समूहों के इस्तेमाल समेत किसी भी उकसावे वाली या धमकाने वाली कार्रवाई को तुरंत और बिना शर्त रोके।

### होर्मुज को बंद करने, पड़ोसी देशों के रिहायशी इलाकों पर हमलों की आलोचना

प्रस्ताव में ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या किसी भी तरह से हस्तक्षेप करने या बाब अल मंदाब में समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने के उद्देश्य से की गई हर प्रकार की कार्रवाई या धमकी की आलोचना की गई। कहा गया कि रिहायशी इलाकों और असैन्य साजो सामानों को निशाना बनाया गया जिसमें आम नागरिक हताहत हुए तथा असैन्य इमारतों को नुकसान पहुंचा। प्रस्ताव में उन देशों और लोगों के साथ एकजुटता जताई गई जो हमलों का शिकार हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के प्रतिनिधि राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि इस प्रस्ताव को अपनाया जाना ईरान की क्रूरता की निंदा करने वाला खाड़ी देशों का स्पष्ट बयान है। ईरानी शासन की आम नागरिकों और असैन्य अवसंरचना को निशाना बनाने की प्रवृत्ति निंदनीय है।



"एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करना इस ग्रुप के लिए एक जरूरी माइलस्टोन है, और प्लेयर्स ने टूर्नामेंट में अब तक जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसके लिए वे बहुत क्रेडिट की हकदार हैं।

**-शोर्ड मारिन, हॉकी टीम के मुख्य कोच**

## हाईलाइट

### विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में गुंजन, राधामनी और चंद्रिका जीते

**बैंकॉक।** गुंजन, राधामनी लोंगजाम और चंद्रिका पुजारी ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के पांचवें दिन बृहस्पतिवार को अपने अपने मुकाबले जीते। सुबह के सत्र में गुंजन (48 किलो) ने पोलैंड की प्रतिद्वंद्वी पर 5-0 से जीत दर्ज की। राधामनी (57 किलो) ने इक्वाडोर की विरोधी को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर हराया। प्राची (60 किलो) को स्लोवाकियाई मुक्केबाज ने 5-0 से हराया जबकि प्रियांश सेहरावत (70 किलो) को मोरक्को के मुक्केबाज ने पुरूष वर्ग में 5-0 से मात दी। शाम के सत्र में चंद्रिका पुजारी (50 किलो) ने अमेरिकी मुक्केबाज को 5-0 से मात दी।

### मन्नेपल्ली स्विस ओपन के दूसरे दौर में

**बासेल।** भारतीय शटलर थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंदी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया।

### भ्रष्टाचार के आरोपों में दो अधिकारी निलंबित

**ब्रिजटाउन।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बारबाडोस में 2023-24 बिम10 टूर्नामेंट के दौरान भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के कई उल्लंघनों के कारण तेज गेंदबाज ऑलराउंडर जावोन सर्ल्स और एक फ्रेंचाइजी से जुड़े दो लोगों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। सर्ल्स के अलावा आईसीसी ने टाइटन्स टीम के मालिक चित्ररंजन राठौड़ और टीम अधिकारी ट्रेवन ग्रिफिथ को भी सभी प्रकार के क्रिकेट से निलंबित कर दिया है। बिम10 एक 10-10 ओवर की पारियों वाला टूर्नामेंट हैं जिसमें छह टीमें वॉयजर्स, गार्डियंस, टाइटन्स, सेटलर्स, वॉरियर्स और पेलिकन्स टीम खेलती हैं। यह टूर्नामेंट आखिरी बार 2023-24 में आयोजित हुआ था।



# दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना है पसंद : बुमराह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें बुमराह ने कहा मैं पर्दे के पीछे नहीं रहना चाहता हूं। मैं हमेशा सक्रिय रूप से भाग लेना चाहता हूं। मुझे शुरू से ही चुनौतियां पसंद हैं। बुमराह को फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने कहा मैंने क्रिकेट इसी मकसद से खेला है। मैंने क्रिकेट खेलना इसी मकसद से शुरू किया था। जब मैं कुछ बदलाव लाता हूं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है। गुजरात में जन्में इस तेज गेंदबाज के लिए यह जीत भावनात्मक रूप से और भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि यह जीत उसी स्थान पर मिली जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी। बुमराह ने कहा मैंने यहीं से क्रिकेट खेलना शुरू किया। मैंने अपना अधिकतर क्रिकेट यहीं खेला है। मैं यहीं गुजरात के लिए खेलते हुए आगे बढ़ा। यहीं विश्व कप जीता और मैन ऑफ द मैच बना। पिछली बार (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 का फाइनल) हम बस थोड़ा सा चूक गए थे, लेकिन इस बार जीत हासिल करने में सफल रहे। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं। बुमराह ने खिताबी जीत के दौरान अपने परिवार की मौजूदगी के बारे में भी बात की और उस पल को बेहद निजी बताया। उन्होंने कहा मेरा बेटा आया था। वह पिछली बार भी आया था। मेरी मां भी आई थीं, यह वाकई खास था। बुमराह ने कहा मुझे नहीं पता कि यह पूरा चक्र है या नहीं, लेकिन मैं सचमुच बहुत खुश हूं।

### बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह में गिल का 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय

**नई दिल्ली।** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का 15 मार्च को यहां होने वाले बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' चुना जाना तय है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी को हाल में विश्व कप के खिताब का बचाव करने वाली टी-20 टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन उन्होंने अन्य दो प्रारूपों में शानदार प्रदर्शन किया। गिल ने 2025 में टेस्ट मैचों में 70 से अधिक के औसत से 983 रन बनाए, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर ड्रॉ रही शृंखला में बनाए गए 754 रन भी शामिल हैं। गिल ने चैंपियंस ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट में भी भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गिल ने कुल मिलाकर तीनों प्रारूपों में 49 के औसत से 1,764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

# भारतीय क्रिकेट के लिए आगामी 12 महीने अतिव्यस्त

## कई देशों के टूर के अलावा आईपीएल व एशियन गेम्स का भी आयोजन

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम का अगले 12 महीनों का कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। इसमें आयरलैंड, श्रीलंका और जिम्बाब्वे में मैच के अलावा, एशियन गेम्स, इंग्लैंड, अमेरिका, बंगलादेश, जापान और आईपीएल जैसे घरेलू मुकाबले भी शामिल हैं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम जुलाई-अगस्त में श्रीलंका में तीन टी-20 मैच खेल सकती है, इसके अलावा आगामी कार्यक्रम में पहले दो टेस्ट मैच शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की प्रतिक्रिया पर विचार कर रहा है कि श्रीलंका में बाढ़ राहत के लिए फंड जुटाने के लिए तीन टी-20 मैच का कार्यक्रम है। टी-20 मैच और दो टेस्ट मैचों से पहले होने की संभावना है।

श्रीलंका टूर से पहले भारत एक से 19 जुलाई के बीच तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच के लिए इंग्लैंड जाएगा और रास्ते में आयरलैंड में थोड़ा रुक सकता है। डबलिन में तीन मैचों की सीरीज को लेकर बातचीत चल रही है। एक सूत्र ने कहा बातचीत चल रही है। और भरोसा जताया कि सीरीज हो जाएगी। बीसीसीआई ने पहले भी सीआई को (2018, 2022 और 2023 में) डबलिन में छोटी सीरीज के लिए सहयोग किया है। अगर बातचीत कामयाब होती है, तो गेम जून के आखिरी हफ्ते में, इंग्लैंड टूर से पहले और अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद निर्धारित किए जा सकते हैं, जो दह से 20 जून के बीच एक टेस्ट और तीन एकदिवसीय खेलने वाले हैं। श्रीलंका सीरीज के बाद बीसीसीआई को शेड्यूलिंग में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। सितंबर में सयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज होनी है, जो इंडियन क्रिकेट के लिए पहले से ही एक व्यस्त महीना है। बंगलादेश के छह सफेद गेंद मैच - तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 के लिए दौरे की भी घोषणा की गई है।

यह सीरीज, दोनों देशों के बीच हाल के डिप्लोमैटिक तनाव को देखते हुए भारत सरकार से मंजूरी मिलने पर ही होगी। इस बीच, तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे के एक छोटे दौरे की भी बात हो रही है। हालांकि अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन यह दौरा सितंबर में हो सकता है, लगभग उसी समय जब वेस्ट इंडीज तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 के लिए भारत का दौरा करने वाला है। वेस्टइंडीज के खिलाफ आठ मैचों की सीरीज के अक्टूबर तक चलने की उम्मीद है। इसी बीच 2026 एशियन गेम्स भी हैं, जो 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने हैं। गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता टी-20 प्रारूप में खेली जायेगी और भारतीय डिफेंडिंग गोल्ड मेडलिस्ट है। पुरुष मैच 25 सितंबर से तीन अक्टूबर तक चलेंगे, जिससे टी-20 स्क्वॉड के जापान में खेलने की संभावना बढ़ गई है, जबकि एक एकदिवसीय टीम उसी समय वेस्टइंडीज से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम के 18 अक्टूबर को न्यूजीलैंड पहुंचने की उम्मीद है, जहां वह पांच एकदिवसीय, पांच टी-20 और दो टेस्ट के पूरे टूर पर जाएगा। ऐसा समझा जाता है कि बीसीसीआई और न्यूजीलैंड क्रिकेट हाल ही में एकदिवसीय की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच करने पर सहमत हुए हैं। दो टेस्ट 10 सफेद गेंद मैचों के बाद होंगे, जिनमें से पहला 22 अक्टूबर से शुरू होगा। भारत के दिसंबर के पहले हफ्ते में न्यूजीलैंड से घर लौटने की उम्मीद है, जब वे श्रीलंका के खिलाफ घर पर तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 मैच खेलेंगे। इसके बाद जनवरी-फरवरी 2027 में भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी।

### बीसीसीआई ने आईपीएल में अभ्यास सत्र के नए दिशा-निर्देश जारी किए

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अभ्यास सत्र के लिए नये दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकती जिसका इस्तेमाल दूसरी टीम ने अपने नेट सत्र के दौरान किया हो। बीसीसीआई की ओर से फ्रेंचाइजी के साथ साझा की गई प्रैक्टिस-सेशन गाइडलाइंस के अनुसार, अगर एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो नए नेट तैयार करने होंगे। पांच पेज की गाइडलाइंस में कहा गया है हर टीम को उनके तय प्रैक्टिस सेशन के लिए नए नेट दिए जाने चाहिए। अगर एक साथ प्रैक्टिस सेशन होते हैं या जब एक टीम दूसरी के बाद प्रैक्टिस करती है, तो पहली टीम को दूसरी टीम के नेट इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। अगर एक टीम प्रैक्टिस जल्दी खत्म कर लेती है, तो दूसरी टीम को उनके रेंज-हिटिंग विकेट इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं होगी। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि अगर कोई टीम लाइट में अभ्यास मैच खेलना चाहती है, तो मैच साढ़े तीन घंटे से अधिक नहीं चलना चाहिए। टीमों को बीसीसीआई से पहले से इजाजत लेकर अधिक से अधिक दो अभ्यास मैच खेलने की इजाजत होगी और यह मेन स्क्वायर के किसी एक साइड विकेट पर होगा। उन्होंने कहा है कि मेन पिच पर अभ्यास मैच नहीं खेला जा सकता। सीजन के लिए पिच तैयार करने के लिए, संबंधित फ्रैंचाइजी के सीजन के पहले होम मैच से पहले के चार दिनों में मेन चौक पर कोई अभ्यास सत्र या अभ्यास मैच नहीं खेला जा सकता है। उन्होंने कहा, "इस दौरान, अगर घरेलू फ्रैंचाइजी कहती है, तो स्टेट एसोसिएशन को फ्रैंचाइजी को बिना किसी खर्च के एक दूसरा अभ्यास मैदान उपलब्ध कराना चाहिए। घरेलू टीम को विज़िटिंग साइड पर प्रिफरेंस मिलेगी। हालांकि होम टीम को पसंदीदा सेशन की पहली चॉइस मिलनी चाहिए, लेकिन अवे टीम की रिक्वेस्ट पर ध्यान दिया जाएगा, खासकर अगर उसने पिछले दिन कोई मैच खेला हो और मेहमान टीम के ट्रैवल अरेंजमेंट को ध्यान में रखते हुए। अभ्यास सत्र को लेकर टकराव होने पर बीसीसीआई दखल देगा। अगर होम और मेहमान टीमें एक ही समय पर अभ्यास करना चाहें, तो बीसीसीआई दोनों टीम मैनेजर से डबल बुकिंग को सुलझाने की कोशिश करने के लिए कहेगा - या तो कोई एक टीम दूसरा सेशन ले या दोनों टीमें सत्र साझा करें।

### चिन्नास्वामी स्टेडियम को निरीक्षण के बाद मिलेगी मंजूरी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार की विशेषज्ञ समिति के 13 मार्च को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण के बाद मिलने वाली अंतिम मंजूरी के उपरांत इस मैदान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच खेले जा सकेंगे।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में आईपीएल सहित सभी मैचों के आयोजन के लिए जो मंजूरी दी गई थी, वह 'सशर्त' थी। हालांकि कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को भरोसा है कि आईपीएल मैचों की मेजबानी में कोई रुकावट नहीं आएगी।

केएससीए, चिन्नास्वामी स्टेडियम का नवीनीकरण कर रहा है, जिसमें कई नए एंट्री गेट लगाना और कई मौजूदा गेटों को चौड़ा कराना शामिल है। इस काम में आसपास के ढांचे को भी अपग्रेड किया जा रहा है, जैसे- नए वॉकवे बनाना, पुराने नेशनल क्रिकेट एकेडमी परिसर के पास एक होल्डिंग एरिया बनाना और आपातकालीन सेवाओं के लिए सीधे प्रवेश और निकास रास्ते तैयार करना शामिल है। जस्टिस डी''कुन्हा समिति की सिफारिशों के अनुसार केएससीए के पास 15 मार्च तक इस 'शॉर्ट-टर्म' सुधार से जुड़े सभी काम पूरे करने का समय है।

# रियल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी पर आसान जीत

**मैड्रिड, एजेंसी**

- चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच हुई टक्कर

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली। रियल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा हम रियल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें। यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया।

## मुकाबला



कॉनकाकैफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ 16 सॉकर मैच के पहले हॉफ में नैशविले एससी के डिफेंडर मैक्सवेल वोलेजी (3) के खिलाफ फुटबॉल को आगे बढ़ाते इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेसी। • एजेंसी

# जैक ड्रेपर ने जोकोविच को हराया

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी**



नोवाक जोकोविच व जैक ड्रेपर। एजेंसी

मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा।

मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

### भांबरी पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 के सेमीफाइनल में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे। भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया।

# हल्द्वानी के प्राकृतिक नजारों ने श्रीलंकाई क्रिकेटर तिलकरत्ने दिलशान को लुभाया

**पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी**



- गौलापार स्टेडियम में लीजेंड्स लीग क्रिकेट में पहुंचे
- कहा-प्रकृति की गोद में बना स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए आदर्श

**अमृत विचार।** श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और विस्फोटक सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान इन दिनों हल्द्वानी के गौलापार अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में प्रतिभाग कर रहे हैं। अपने आक्रामक खेल और विश्वप्रसिद्ध 'दिलस्कूप' शॉट के लिए जाने जाने वाले दिलशान ने गुरुवार को स्टेडियम और उसके आसपास के क्षेत्र का दौरा कर यहां के प्राकृतिक सौंदर्य व वातावरण की खुलकर सराहना की।

प्राकृतिक नजारों को देखकर प्रभावित हुए दिलशान ने कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में आकर उन्हें बेहद सुकून और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हो रहा है। यहां की स्वच्छ हवा, हरियाली और शांत वातावरण उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है।

उन्होंने स्टेडियम के समीप बह रही गौला नदी की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि नदी का बहता पानी और स्टेडियम का दृश्य एक साथ दिखाई दे तो यह नजारा और भी अद्भुत बन सकता है। प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित ऐसा स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए आदर्श और प्रेरणादायक माहौल तैयार कर सकता है। श्रीलंकाई दिग्गज खिलाड़ी ने यह भी कहा कि उत्तराखंड की धरती खेल प्रतिभाओं के लिए बहुत संभावनाएं रखती है। यहां का वातावरण खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।

## अगला लक्ष्य

विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के बाद उत्साह बढ़ा

# महिला हॉकी टीम की नजर एफआईएच क्वालीफायर पर

**हैदराबाद, एजेंसी**



विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें अब एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर जीतने पर लगी है और इसके लिए शुक्रवार को इटली के खिलाफ सेमीफाइनल जीतना पहला कदम होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पूल बी में तीन मैचों में सात अंक लेकर शीर्ष पर रही। स्कॉटलैंड के भी सात अंक थे लेकिन गोल औसत में पिछड़ने के कारण वह दूसरे स्थान पर है।

भारत ने पूल चरण में दो मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। इटली पूल ए में दूसरे स्थान पर रही जिसने एक मैच जीता, एक ड्रॉ खेला और एक गंवाया। भारत के लिये फॉरवर्ड नवनीत कौर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है जो अब तक चार गोल कर चुकी हैं। उन्होंने वेल्स के खिलाफ आखिरी पूल मैच में हैट्रिक लगाई थी। इटली की उम्मीदें फेडरिका कार्टा पर टिकी होंगी जो अब तक तीन गोल कर चुकी है। कागजों पर भारत का पलड़ा भारी लग रहा है। आमने सामने के मुकाबलों में दोनों टीमें 2012 से अब तक एक दूसरे के खिलाफ सात बार खेली हैं जिनमें से पांच भारत ने जीते, एक इटली ने और एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 में जगह बनाना इस टीम के लिये बड़ी उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में जिस तरह का प्रदर्शन किया, वह काबिले तारीफ है। हम यहां सिर्फ क्वालीफाई करने नहीं आये हैं। हम मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार करके टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं। सेमीफाइनल एक और बड़ी चुनौती है और हम पूरे फोकस के साथ खेलेंगे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने राष्ट्रीय टीम की तैयारियों का बचाव किया



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की राष्ट्रीय टीमों के निदेशक सुब्रत पॉल ने बृहस्पतिवार को एएफसी महिला एशियाई कप के लिए राष्ट्रीय टीम की तैयारियों का बचाव करते हुए उनकी ट्रेनिंग को 'काफी व्यापक' करार दिया। लेकिन भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में एएफसी महिला एशियाई कप के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। भारत ग्रुप सी के तीनों मैच हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। टीम ने अपना अभियान मंगलवार को सिडनी में चीनी ताइपे से 1-3 से हार से समाप्त किया। हालांकि निराशाजनक नतीजों के बावजूद टीम ने अपने आखिरी मैच और वियतनाम के खिलाफ शुरूआती मैच में चुनौतीपूर्ण जज्बा दिखाया। पॉल ने पीटीआई से कहा मेरा मानना है कि तैयारी असल में काफी व्यापक थी। भारतीय टीम ने तैयारी के लिए लगभग 48 दिन विदेश में बिताए। टीम ने तुर्की में छह और ऑस्ट्रेलिया में दो मैच खेले। उससे पहले उन्होंने दुबई में छह दिन बिताए और दो मैच खेले। इससे पहले शिलांग में 13 दिन का शिविर किया था, जहां उन्होंने दो मैच भी खेले थे। उन्होंने कहा, इसके अलावा राष्ट्रीय टीम की सात खिलाड़ियों ने ईस्ट बंगाल का प्रतिनिधित्व किया जिसमें उन्होंने सैफ और एएफसी के मैच खेले और 'इंडियन वुमेंस लीग' में भी हिस्सा लिया, जहां उन्होंने छह से सात मैच खेले। भारत के पूर्व गोलकीपर पॉल ने कहा इस तरह खिलाड़ियों ने करीब 67 दिन के लिए तैयारी की और 13 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले।